CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK1 User: cci Time: 02-08-2026 23:17 Color:



'75 का हो गया हूं, अगर संघ कहेगा तो पद छोड़ दूंगा'

▶ देखें अंदर

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

मलयेशिया से मोदी का आतंकवाद पर सख्त संदेश

▶ देखें अंदर



THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY. THIS IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.
Initial Public Offer of Equity Shares on the main board of BSE Limited ("BSE") and National Stock Exchange of India Limited ("NSE", and together with BSE, the "Stock Exchanges") in compliance with Chapter II of the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018, as amended ("SEBI ICDR Regulations").

fractal

FRACTAL ANALYTICS LIMITED

(TO BE LISTED ON THE MAIN BOARD OF BSE AND NSE)

(Please scan this QR code to view the Red Herring Prospectus)

Our Company was originally incorporated as 'Fractal Communications Limited' at Mumbai, Maharashtra as a public limited company under the provisions of the Companies Act, 1956, pursuant to a certificate of incorporation dated March 28, 2000, issued by the Registrar of Companies, Maharashtra, at Mumbai (**"RoC"**) and commenced its business pursuant to a certificate of commencement of business dated April 6, 2000. The name of our Company was subsequently changed to 'Fractal Technologies Limited' to align the name with the business of our Company and our Company received a fresh certificate of incorporation from the RoC on March 28, 2001. The name of our Company was subsequently changed to 'Fractal Analytics Limited' to align the name with the business of our Company and our Company received a fresh certificate of incorporation from the RoC on May 7, 2004. Subsequently, our Company was converted to a private limited company, and the name of our Company was changed to 'Fractal Analytics Private Limited' and our Company received a fresh certificate of incorporation from the RoC on February 15, 2013. Subsequently, pursuant to the conversion of our Company to a public limited company, the name of our Company was changed to 'Fractal Analytics Limited' and the Registrar of Companies, Central Processing Centre issued a fresh certificate of incorporation on May 16, 2024. For details of the change in the name and the registered office address of our Company, see ***"History and Certain Corporate Matters"*** on page 350 of the red herring prospectus dated February 2, 2026 (**"RHP"** or **"Red Herring Prospectus"**) filed with the RoC.

Corporate Identity Number: U72400MH2000PLC125369

Registered Office: Level 7, Commerz II, International Business Park, Oberoi Garden City, Off W. E. Highway, Goregaon (E), Mumbai - 400 063, Maharashtra, India; **Tel:** +91 22685 05800; **Contact Person:** Somya Agarwal, Company Secretary and Compliance Officer; **E-mail:** investorrelations@fractal.ai; **Website:** www.fractal.ai

OUR PROMOTERS: SRIKANTH VELAMAKANNI, PRANAY AGRAWAL, CHETANA KUMAR, NARENDRA KUMAR AGRAWAL AND RUPA KRISHNAN AGRAWAL

INITIAL PUBLIC OFFERING OF [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹1 EACH ("EQUITY SHARES") OF FRACTAL ANALYTICS LIMITED ("COMPANY") FOR CASH AT A PRICE OF ₹[•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹[•] PER EQUITY SHARE) ("OFFER PRICE") AGGREGATING UP TO ₹28,339 MILLION, COMPRISING A FRESH ISSUE OF [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹1 EACH AGGREGATING UP TO ₹10,235 MILLION ("FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹1 EACH AGGREGATING UP TO ₹18,104 MILLION ("OFFER FOR SALE", AND TOGETHER WITH THE FRESH ISSUE, THE "OFFER"), COMPRISING [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹1 EACH AGGREGATING UP TO ₹8,809 MILLION BY QUINAG BIDCO LTD, [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹1 EACH AGGREGATING UP TO ₹4,500 MILLION BY TPG FETT HOLDINGS PTE. LTD., [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹1 EACH AGGREGATING UP TO ₹295 MILLION BY SATYA KUMARI REMALA AND RAO VENKATESWARA REMALA AND [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹1 EACH AGGREGATING UP TO ₹4,500 MILLION BY GLM FAMILY TRUST (COLLECTIVELY, THE "SELLING SHAREHOLDERS", AND SUCH EQUITY SHARES CUMULATIVELY OFFERED BY THE SELLING SHAREHOLDERS, THE "OFFERED SHARES"). THE OFFER INCLUDES A RESERVATION OF [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹1 EACH, AGGREGATING UP TO ₹600 MILLION FOR SUBSCRIPTION BY ELIGIBLE EMPLOYEES (AS DEFINED HEREINAFTER) NOT EXCEEDING 5% OF OUR POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL ("EMPLOYEE RESERVATION PORTION"). THE OFFER LESS THE EMPLOYEE RESERVATION PORTION IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER". THE OFFER AND THE NET OFFER SHALL CONSTITUTE [•]% AND [•]%, RESPECTIVELY, OF THE POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

DETAILS OF THE OFFER FOR SALE

NAME OF THE SELLING SHAREHOLDER	TYPE	NUMBER OF EQUITY SHARES OFFERED/AMOUNT (₹ IN MILLION)	WEIGHTED AVERAGE COST OF ACQUISITION (IN ₹)*
Quinag Bidco Ltd	Other Selling Shareholder	[•] Equity Shares of face value of ₹1 each aggregating up to ₹8,809 million	173
TPG Fett Holdings Pte. Ltd.	Other Selling Shareholder	[•] Equity Shares of face value of ₹1 each aggregating up to ₹4,500 million	642
Satya Kumari Remala and Rao Venkateswara Remala	Other Selling Shareholder	[•] Equity Shares of face value of ₹1 each aggregating up to ₹295 million	2
GLM Family Trust	Other Selling Shareholder	[•] Equity Shares of face value of ₹1 each aggregating up to ₹4,500 million	Nil**

** On a fully-diluted basis, as certified by Nikunj Raichura & Associates, Chartered Accountants, by way of their certificate dated February 3, 2026.*
*** The shareholder was allotted equity shares as a gift and subsequently received bonus shares issued by our Company on July 29, 2025. In the absence of any purchase transaction, no weighted average cost of acquisition is attributable to these holdings.*

PRICE BAND: ₹857 TO ₹900 PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE OF ₹ 1 EACH.
THE FLOOR PRICE AND THE CAP PRICE ARE 857 TIMES AND 900 TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES, RESPECTIVELY.
BIDS CAN BE MADE FOR A MINIMUM OF 16 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 1 EACH AND IN MULTIPLES OF 16 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹1 EACH THEREAFTER.
A DISCOUNT OF ₹85 PER EQUITY SHARE IS BEING OFFERED TO ELIGIBLE EMPLOYEES BIDDING IN THE EMPLOYEE RESERVATION PORTION.
THE PRICE TO EARNINGS RATIO (P/E) BASED ON DILUTED EPS FOR FISCAL 2025 FOR THE COMPANY AT THE UPPER END OF THE PRICE BAND IS AS HIGH AS 67.37 AND AT THE LOWER END OF THE PRICE BAND IS 64.15. P/E RATIO OF NIFTY 50 AS OF FEBRUARY 3, 2026 IS 22.35.
WEIGHTED AVERAGE RETURN ON NET WORTH FOR LAST THREE FINANCIAL YEARS IS 7.4%.

The details of the Fresh Issue, Offer for Sale and the post Offer market capitalization of our Company, each at the Floor Price and the Cap Price, are given below:

Particulars	At Floor Price of ₹857		At Cap Price of ₹900	
	Up to No. of Equity Shares of face value of ₹1 each	Up to Amount (₹ in million)	Up to No. of Equity Shares of face value of ₹1 each	Up to Amount (₹ in million)
Fresh Issue	12,019,909	10,235	11,441,751	10,235
Offer for Sale	21,124,854	18,104	20,115,555	18,104
Total Offer Size	**33,144,763**	**28,339**	**31,557,306**	**28,339**
Post-Offer market capitalization of the Company	172,576,627	147,898	171,998,469	154,799

BID/OFFER PERIOD	BID/OFFER OPENS TODAY
	BID/OFFER CLOSES ON : WEDNESDAY, FEBRUARY 11, 2026*

**The UPI mandate end time and date shall be at 5:00 p.m. on Bid/Offer Closing Date.*

We are a globally recognized enterprise AI company with a vision to power human decisions in our client's enterprises. (source: Everest Report). We support large global enterprises with data-driven insights and assist them in their decision making through our end-to-end AI solutions which we build by leveraging our technical, domain and functional capabilities developed over our operating history of over 25 years. As of September 30, 2025, our full suite of AI solutions is organized under two segments: Fractal.ai (comprising AI services and AI products primarily hosted on Cogentiq, an agentic AI platform designed to help enterprises accelerate their business transformation and decision systems through a pre-built suite of agents, tools, and connectors with inter-operability features) and Fractal Alpha (comprising independent AI businesses, either incubated or acquired, providing subscription or licensable offerings).

The Offer is being made through the book building process in accordance with Regulation 6(2) of the SEBI ICDR Regulations.
THE EQUITY SHARES OF OUR COMPANY WILL GET LISTED ON THE MAIN BOARD OF THE STOCK EXCHANGES. NSE SHALL BE THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE.
QIB PORTION: NOT LESS THAN 75% OF THE NET OFFER | NON-INSTITUTIONAL PORTION: NOT MORE THAN 15% OF THE NET OFFER | RETAIL PORTION: NOT MORE THAN 10% OF THE NET OFFER
EMPLOYEE RESERVATION PORTION: UP TO [•] EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹600 MILLION

IN MAKING AN INVESTMENT DECISION, POTENTIAL INVESTORS MUST ONLY RELY ON THE INFORMATION INCLUDED IN THE RED HERRING PROSPECTUS AND THE TERMS OF THE OFFER, INCLUDING THE RISKS INVOLVED AND NOT RELY ON ANY OTHER EXTERNAL SOURCES OF INFORMATION ABOUT THE OFFER AVAILABLE IN ANY MANNER. IN RELATION TO PRICE BAND, POTENTIAL INVESTORS SHOULD ONLY REFER TO THIS PRICE BAND ADVERTISEMENT FOR THE OFFER AND SHOULD NOT RELY ON ANY MEDIA ARTICLES / REPORTS IN RELATION TO THE VALUATION OF OUR COMPANY AS THESE ARE NOT ENDORSED, PUBLISHED OR CONFIRMED EITHER BY THE COMPANY OR THE BRLMS

In accordance with the recommendation of the Committee of Independent Directors of our Company, pursuant to their resolution dated February 3, 2026, the above provided price band is justified based on quantitative factors/ KPIs disclosed in the *'Basis for Offer Price'* section on page 220 of the RHP *vis-a-vis* the weighted average cost of acquisition ("WACA") of primary and secondary transaction(s), as applicable, disclosed in *'Basis for Offer Price'* section on page 220 of the RHP.

RISK TO INVESTORS

For details refer to section titled "Risk Factors" on page 36 of the RHP

1. **Cybersecurity and data protection risk:** Security breaches, cyber-attacks, computer viruses, hacking activities and other cybersecurity incidents that affect our systems and the systems of our clients, vendors and third parties whom we rely on for cloud storage and processing of our data, may cause material adverse effects on our business, financial performance and results of operations and may expose us to loss of clients or business, litigation and reputational harm.
2. **Client concentration risk:** Our success depends on our ability to attract, retain and expand relationships with clients, including our focus client base of "Must Win Clients" (**"MWC"**). In the six months ended September 30, 2025 and 2024, and in Fiscals 2025, 2024 and 2023, substantially all of our revenue from operations came from our Fractal.ai segment.

(₹ in million, unless otherwise stated)

	For the six months ended September 30,				Fiscal					
	2025		2024		2025		2024		2023	
	Amount	As a % of revenue from operations in our Fractal.ai segment	Amount	As a % of revenue from operations in our Fractal.ai segment	Amount	As a % of revenue from operations in our Fractal.ai segment	Amount	As a % of revenue from operations in our Fractal.ai segment	Amount	As a % of revenue from operations in our Fractal.ai segment
Revenue from operations in our Fractal.ai segment	15,184	100.0%	12,741	100.0%	27,037	100.0%	21,615	100.0%	19,691	100.0%
Revenue from our Top 10 clients in our Fractal.ai segment	8,229	54.2%	7,031	55.2%	14,537	53.8%	11,809	54.6%	10,064	51.1%
Revenue from our Top 20 clients in our Fractal.ai segment	10,955	72.2%	9,157	71.9%	18,831	69.6%	15,114	69.9%	13,194	67.0%
MWCs (number)	122	-	120	-	113	–	110	–	107	–
Revenue from MWCs in our Fractal.ai segment	12,081	79.6%	10,426	81.8%	21,837	80.8%	19,421	89.8%	17,678	89.8%

3. **Industry concentration risk:** Our domain expertise spans our focus industries of CPGR, TMT, HLS and BFSI. A downturn or slowdown in any of our targeted industries or the introduction of regulations that restrict companies from third-party spending on AI solutions could result in a decrease in the demand for our AI solutions.

(₹ in million, except percentages)

Revenue from operations contribution by industry in our Fractal.ai segment	For the six months ended September 30,				Fiscal					
	2025		2024		2025		2024		2023	
	Amount	%	Amount	%	Amount	%	Amount	%	Amount	%
Consumer Packaged Goods and Retail	5,692	37.5%	5,076	39.8%	10,615	39.3%	9,038	41.9%	8,047	40.9%
Technology, Media and Telecom	4,134	27.2%	3,730	29.3%	8,087	29.9%	5,867	27.1%	5,563	28.3%
Healthcare and Life sciences	2,581	17.0%	1,728	13.6%	3,745	13.8%	3,013	13.9%	2,188	11.1%
Banking, Financial Services and Insurance	1,856	12.2%	1,435	11.3%	2,980	11.0%	2,325	10.8%	2,842	14.4%
Others[1]	921	6.1%	772	6.0%	1,610	6.0%	1,372	6.3%	1,051	5.3%
Revenue from operations in our Fractal.ai segment	**15,184**	**100.0%**	**12,741**	**100.0%**	**27,037**	**100.0%**	**21,615**	**100.0%**	**19,691**	**100.0%**

Note:
[1] Others comprises largely energy, travel and industrials.

4. **Financial related risk:** We had a net loss in Fiscal 2024 and losses before exceptional items and tax expense in Fiscals 2024 and 2023. There is no assurance that we will not incur losses in the future as we expand our operations.

(₹ in million)

Particulars	For the six months ended September 30,		Fiscal		
	2025	2024	2025	2024	2023
Profit/(Loss) for the period/year	709	729	2,206	(547)	1,944
Profit/(Loss) before exceptional items and tax expense	1,036	530	2,110	(250)	(2,105)

5. **Litigation Risk:** Our Company, Subsidiaries, and two of our Directors are involved in certain legal proceedings. Any adverse decision in such proceedings may render us/them liable to liabilities/penalties and may adversely affect our business, cash flows and reputation.
6. **Geographical concentration risk:** We conduct our business across multiple geographies through our global subsidiaries. Our global operations subject us to risks inherent to doing business in such geographies.

(₹ in million, except percentages)

Revenue from operations contribution by geography	For the six months ended September 30,				Fiscal					
	2025		2024		2025		2024		2023	
	Amount	%	Amount	%	Amount	%	Amount	%	Amount	%
Americas										
United States of America	10,125	64.9%	8,333	64.1%	18,022	65.2%	13,578	61.9%	13,094	66.0%
Other countries[1]	117	0.8%	187	1.4%	333	1.2%	422	1.9%	205	1.0%
Europe[2]	3,270	21.0%	2,252	17.3%	4,841	17.5%	4,303	19.6%	3,333	16.8%
APAC and others										
India	1,185	7.6%	1,152	8.9%	2,318	8.4%	1,899	8.6%	1,563	7.9%
Other Countries[3]	893	5.7%	1,083	8.3%	2,140	7.7%	1,761	8.0%	1,659	8.3%
Total	**15,590**	**100%**	**13,007**	**100.0%**	**27,654**	**100%**	**21,963**	**100%**	**19,854**	**100%**

[1] Primarily includes Barbados, Canada, Brazil and Mexico.
[2] Primarily includes United Kingdom, Netherlands, Switzerland, Austria, Ireland, France, Belgium and Germany.
[3] Primarily includes Australia, UAE, Singapore, Vietnam, Malaysia, Indonesia, Hong Kong, South Africa, Japan, South Korea and Philippines.

7. **Significant employee benefit expenses and risk of employee attrition:** Our industry is characterized by high demand and intense competition for talent and therefore we cannot assure you that we will be able to attract or retain engineers or other skilled employees. We have expanded our operations in recent years through organic growth and strategic acquisitions, which has resulted in an increase in our headcount and fixed overhead costs. If our human capital is not adequately utilized, our results of operations and profitability will be negatively and adversely impacted.

(₹ in million, unless otherwise stated)

Particulars	For the six months ended September 30,		Fiscal		
	2025	2024	2025	2024	2023
Total number of employees as of the end of period/year (Number)	5,722	4,755	5,254	4,639	4,221
Total number of outsourced manpower (Number)	149	134	154	138	109
Employee attrition rate (%)[1]	15.7%	16.1%	16.3%	15.8%	23.7%
Employee benefits expense	11,252	9,717	20,048	17,370	16,085
Employee benefits expense as % of revenue from operations (%)	72.2%	74.7%	72.5%	79.1%	81.0%
Employee stock option expense	270	418	798	963	1,587
Employee stock option expense as % of revenue from operations (%)	1.7%	3.2%	2.9%	4.4%	8.0%
Outsourced manpower expense	275	285	576	600	598
Outsourced manpower expense as % of revenue from operations (%)	1.8%	2.2%	2.1%	2.7%	3.0%

Note:
[1] Employee attrition rate (including our Key Managerial Personnel and members of our Senior Management) is calculated by dividing the total number of employees who have left the company voluntarily in the trailing 12 months immediately prior to the ending date of the reporting period/year divided by the average of the opening and closing headcount of such period/year.

8. **Foreign exchange risk:** Our clients are located across Americas, Europe and APAC and others, and we receive more than 70% of our revenue from operations each period/year in U.S dollars, and more than 90% of our revenue each period/year in currencies other than Indian Rupees (including U.S. dollars, pound sterling and euros). Unfavourable exchange rates may have a material adverse effect on our profitability and margins.

(₹ in million, except for percentages)

Particulars	For the six months ended September 30,				Fiscal					
	2025		2024		2025		2024		2023	
Revenue denominated in currencies other than Indian Rupees	14,477	92.9%	11,898	91.5%	25,411	91.9%	20,116	91.6%	18,407	92.7%

Continued on next page...

"टूर्नामेंट में शुरुआत करने के लिए यह एक अच्छा परिणाम है (USA पर जीत)। सूर्यकुमार की पारी मास्टरक्लास थी। यह दबाव में खेली गई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सबसे अच्छी पारियों में से एक थी। - *गौतम गंभीर, हेड कोच, भारत*

39 *रन पर युगांडा आउट हुई थी विंडीज के खिलाफ 2024 टी20 वर्ल्ड कप में और नीदरलैंड्स श्रीलंका के खिलाफ 2014 में जो टूर्नामेंट का लोएस्ट टोटल है*

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. इटली ने कितने फीफा वर्ल्ड कप जीते हैं?
A) 7 B) 2 C) 4 D) 5
2. न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान के रविवार मैच में प्लेयर ऑफ द मैच कौन रहा?
A) राशिद खान B) टिम सीफर्ट C) मिचेल सैंटनर D) ग्लेन फिलिप्स

कल के जवाब
1. B) कोलंबो 2. D) वेस्टइंडीज

लकी WINNERS

1 मनोज सक्सेना, गाजियाबाद, यूपी

2 सुशांत मदान, महेंद्र पार्क, दिल्ली

3 अफजल, अंधेरी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

छुट्टियों का प्लान रद्द कर नैशनल ड्यूटी पर लौटे पेसर ने आते ही छोड़ी छाप

DSP मो. सिराज रिपोर्टिंग सर...

AI IMAGE



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मोहम्मद सिराज ने अभी-अभी रणजी ट्रॉफी के लीग चरण में हैदराबाद के लिए दो मैच खेले थे। टीम नॉकआउट में नहीं पहुंची तो अगले हफ्ते रियाल मैड्रिड फुटबॉल क्लब के मैच देखने के लिए स्पेन जाने का प्लान बनाया, लेकिन इससे पहले कि वह छुट्टियां मनाने विदेश निकलते उन्हें 'नैशनल ड्यूटी' का बुलावा आ गया।

हैदराबाद पुलिस में डीएसपी के पद पर तैनात सिराज ने बताया वह रियाल मैड्रिड और रियाल सोसिएदाद के बीच फुटबॉल मैच देखने के लिए मैड्रिड जाने और फिर IPL से पहले रमजान के दौरान परिवार के साथ समय बिताने की योजना बनाई थी। तभी एक कॉल आया। फोन की दूसरी तरफ से आवाज आई, 'मियां बैग पैक करके आना'। यह संदेश उन्हें भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव से मिला। पहले तो सिराज ने कहा कि मजाक मत करो। जब सूर्यकुमार ने दोबारा कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे और उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम से जुड़ना है, तो सिराज ने तुरंत बैग पैक किया। वे रात 3 बजे मुंबई पहुंचकर टीम से जुड़े, टूर्नामेंट के पहले दिन तड़के। उन्होंने विपक्षी टीम पर थोड़ी तैयारी की और फिर सो गए। उठने पर संदेश मिला कि वह USA के खिलाफ प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे।

करीब दो साल बाद खेला टी20I: सिराज ने जुलाई 2024 के बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला था, जो भारत की पिछली टी20 वर्ल्ड कप जीत के तुरंत बाद का समय था। लेकिन शनिवार को जब उन्हें नई गेंद से गेंदबाजी का मौका मिला, तो उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया, मानो खेल से उनका रिश्ता कभी टूटा ही न हो। पहले स्पेल में दो तेज विकेट लेकर उन्होंने और अर्शदीप सिंह ने USA का स्कोर 13/3 कर दिया, जिससे भारत को 161 रन के स्कोर का बचाव करने की मजबूत शुरुआत मिली।

किस्मत से एकादश में भी शामिल: भारत की 29 रन की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक सिराज ने कहा, '24 घंटे में ऊपरवाले ने मेरी किस्मत बदल दी। मैं परिवार के साथ समय बिता रहा था, तभी एड्रियन ले रॉक्स (भारत के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच) का मैसेज आया कि क्या कर रहे हो। मैंने कहा, अभी मैसेज मत करो, मैंने दो चार-दिवसीय मैच खेले हैं, मुझे आराम चाहिए।' सिराज को यह मौका अचानक मिला, क्योंकि वे हर्षित राणा के चोटिल होने पर देर से टीम में शामिल किए गए। साथ ही किस्मत ने भी साथ दिया। जब सिराज टीम से जुड़े, तब जसप्रीत बुमरा बीमार थे और मैच से पहले अभ्यास नहीं कर पाए थे। अगर भारत को दो तेज गेंदबाज खिलाने थे, तो अर्शदीप के साथ सिराज ही एकमात्र विकल्प थे।

नहीं बची थी कोई उम्मीद: सिराज ने कहा, "जब मैं विमान में था तो ऐसा लग रहा था जैसे मैं सपना देख रहा हूं क्योंकि मैंने विश्व कप में खेलने के बारे में सोचा ही नहीं था।' उन्होंने कहा, 'पिछले एक साल से योजना बनाई जा रही थी। जो लोग इसमें खेलने वाले थे उन्हें मौके मिल रहे थे और क्योंकि मैंने टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेले थे इसलिए मुझे समझ आ गया था कि मैं इसका हिस्सा नहीं बनूंगा।'

टी20I में सिराज और हर्षित के आंकड़े

सिराज		हर्षित
17	इनिंग्स	8
481	रन दिए	297
17	विकेट	9
4/17	बेस्ट	3/33
28.29	ऐवरेज	33.00
7.75	इकॉनमी	10.60
21.80	स्ट्राइक रेट	18.60

4 चार टी20I इंटरनैशनल में ही साथ में बोलिंग की है जसप्रीत बुमरा और मोहम्मद सिराज ने। भारत इन चार में से तीन में जीता है, जबकि एक में हारा है। आखिरी बार दोनों टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अमेरिका के खिलाफ साथ में उतरे थे

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

राणा से बेहतर विकल्प हैं सिराज

टीम से बाहर होने से पहले सिराज ने अपने पिछले दस टी20 इंटरनैशनल मैच में शानदार इकॉनमी के साथ बोलिंग की थी। पिछले दस मैच में सिर्फ दो बार ही उनकी बोलिंग इकॉनमी तीन बार ही 7 या 7 प्लस रही। इस दौरान चार बार उनकी इकॉनमी पांच के नीचे और एक बार चार के नीचे रही। हां इस दौरान वह कुल सिर्फ नौ विकेट निकाल सके। कुछ मैचों में उनकी झोली खाली ही रही। दूसरी ओर हर्षित राणा ने अभी तक सिर्फ नौ टी20 इंटरनैशनल मैच खेले है, लेकिन उनकी इकॉनमी बेहद ही खराब रही है। आठ मैचों में उन्होंने गेंदबाजी की और तीन बार उनकी इकॉनमी 13+, एक बार 11+ और चार मैचों में 8+ रही। हालांकि इस दौरान सिर्फ दो मैच में ही वह विकेट निकालने में नाकाम रहे। फिर भी बेहतर इकॉनमी रखने वाले सिराज पर हर्षित को तरजीह समझ से परे है।

भारत-पाक मैच के लिए ICC की कोशिशें तेज

ICC उपाध्यक्ष पाकिस्तान में



ICC के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा

■ **एजेंसियां, कराची:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले के पाकिस्तान के प्रस्तावित बहिष्कार पर जारी गतिरोध को सुलझाने की कोशिशों के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अधिकारियों से मिलने लाहौर पहुंच गए। आईसीसी में सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करने वाले ख्वाजा इस ग्लोबल संस्था में एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और असोसिएट मेंबर डायरेक्टर के तौर पर बोर्ड में उनके पास वोटिंग का अधिकार है।

ख्वाजा को बनाया है मध्यस्थ: पीसीबी के करीबी सूत्र ने पुष्टि की कि ख्वाजा को आईसीसी बोर्ड ने इस विवादास्पद विषय पर मध्यस्थ के रूप में नामित किया है। सूत्र ने कहा, 'ख्वाजा पिछले कुछ समय से मोहसिन नकवी से बातचीत कर रहे हैं और वह रविवार को लाहौर पहुंच रहे हैं जिससे कि वर्चुअल बैठक से पहले पीसीबी प्रमुख और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से बात कर सकें।' अमीनुल पहले से ही लाहौर में हैं और रविवार को नकवी से मिल चुके हैं। उम्मीद है कि अमीनुल इन चर्चाओं का हिस्सा होंगे जिनका मकसद पाकिस्तान को 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ नहीं खेलने के अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए मनाना है।

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि ख्वाजा और अमीनुल दोनों नकवी से बात करके बाद में आईसीसी संचालन बोर्ड के कुछ सदस्यों से वर्चुअल बात करेंगे। आईसीसी अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रही है कि पीसीबी अपनी टीम को 15 फरवरी का मैच खेलने की अनुमति सरकार से दिलाए। नकवी ने भारत के साथ मैच के बहिष्कार के सरकार के निर्देशों पर ज्यादा टिप्पणी नहीं की है, लेकिन एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) द्वारा पीसीबी को एक ईमेल भेजने के बाद स्थिति बदल गई है। इस ईमेल में उनसे बहिष्कार खत्म करने का आग्रह किया गया है।

आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता भी एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से मिलने कोलंबो गए हैं जिन्होंने नकवी को भारत के खिलाफ मैच खेलने के लिए ईमेल भेजा था। अब उम्मीद की एक किरण दिख रही है क्योंकि पीसीबी ने आईसीसी से बातचीत के लिए संपर्क किया है।

मैं पाकिस्तान के वर्ल्ड कप से पीछे हटने से सच में हैरान हूं। आप वर्ल्ड कप जीतने के लिए आते हैं और हर अंक अहम होता है। आप वर्ल्ड कप में अंक नहीं गंवा सकते इसलिए मैं थोड़ा हैरान हूं। लेकिन यह उनका फैसला है। - *सौरव गांगुली, पूर्व कप्तान, भारत*

फटाफट खबरें

सेना बनी चैंपियन

■ **खकुआखाना:** सेना ने 79वीं नैशनल फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी के फाइनल में केरल को 1-0 से हराकर आठवीं बार खिताब अपने नाम किया। अतिरिक्त समय के 109वें मिनट में स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने मुकाबले का निर्णायक गोल दागा। सेना इस सीजन डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरी थी।

निरुपमा को गोल्ड

■ **मोदीनगर:** रेलवे की निरुपमा देवी ने नैशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सीनियर विमिंस 63 किलो वर्ग में दो नैशनल रेकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। निरुपमा ने कुल 221 किलो (स्नैच 94, क्लीन एंड जर्क 127) वजन उठाकर क्लीनजर्क और समग्र रेकॉर्ड तोड़े। असम की डिंपिमोनी सोनोवाल को सिल्वर मिला। जूनियर वर्ग में ओडिशा की बिदुस्मिता भोई ने 3 नैशनल रेकॉर्ड बनाए।

देविका बनी चैंपियन

■ **नई दिल्ली:** भारत की उभरती शटलर देविका सिहाग ने अजरबैजान इंटरनैशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में विमिंस सिंगल्स खिताब जीतकर इंटरनैशनल सर्किट पर लगातार दूसरा खिताब जीता। देविका ने फाइनल में नव्या कांडेरी को 21-10, 21-13 से हराया। मिक्स्ड डबल्स में सात्विक रेड्डी और राधिका शर्मा की जोड़ी ने खिताब जीता।

सीफर्ट की पारी से न्यूजीलैंड की जीत

अफगानिस्तान Vs न्यूजीलैंड
टी20 वर्ल्ड कप-2026

टिम सीफर्ट

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** टिम सीफर्ट के तेज-तर्रार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-डी मैच में रविवार को यहां अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। अफगानिस्तान के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने ओपनर और विकेटकीपर सीफर्ट की 42 गेंद में तीन छक्के और सात फोर के साथ 65 रन की पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

शुरुआती झटकों के बाद संभले: सीफर्ट ने ग्लेन फिलिप्स (42 रन, 25 बॉल, 7 फोर, 1 सिक्स) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 74 रन की साझेदारी भी की जिससे न्यूजीलैंड की टीम दूसरे ओवर में 14 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करने में सफल रही। अफगानिस्तान ने अनुभवी गुलबदीन नईब (63 रन, 35 बॉल, 3 फोर, 4 सिक्स) के शानदार अर्धशतक और सदीकुल्लाह अटल (29 रन, 24 गेंद) के बीच उनकी तीसरे विकेट की 51 गेंद में 79 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 182 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 40 रन देकर दो विकेट चटकाए।

मुजीब का डबल स्ट्राइक: लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड को स्पिनर मुजीब उर रहमान (2/31) ने दूसरे ओवर में ओपनर फिन एलेन (1) और रचिन रविंद्र (0) को लगातार गेंदों पर बोल्ड करके दोहरा झटका दिया। सीफर्ट ने इसके बाद फिलिप्स के साथ मिलकर पारी को संभाला। उन्होंने ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी की गेंद पर सिक्स के साथ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। फिलिप्स ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को निशाना बनाते हुए उनकी लगातार गेंदों पर फोर और सिक्स मारा। राशिद ने फिलिप्स को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा जबकि नबी ने सीफर्ट को कैच आउट कराके अफगानिस्तान को वापसी दिलाने की कोशिश की। मार्क चैपमैन (28), डेरिल मिचेल (25* रन) और कप्तान मिचेल सैंटनर (17* रन) ने हालांकि न्यूजीलैंड की जीत सुनिश्चित की।

ब्रीफ स्कोर
अफगानिस्तान: 20 ओवर्स में 6 विकेट पर 182 रन (गुलबदीन नईब 63, सदीकुल्लाह अटल 29, रहमानुल्लाह गुरबाज 27, लॉकी फर्ग्युसन 2/40, रचिन रविंद्र 1/14)
न्यूजीलैंड: 17.5 ओवर्स में 5 विकेट पर 183 रन (टिम सीफर्ट 65, ग्लेन फिलिप्स 42, मार्क चैपमैन 28, मुजीब उर रहमान 2/31, मोहम्मद नबी 1/18)

कुसल ने लगाई फिफ्टी, कामिंदु ने खेली तेज पारी

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** कुसल मेंडिस के नाबाद अर्धशतक और कामिंदु मेंडिस के 19 गेंद में 44 रन के दम पर श्रीलंका ने खराब शुरुआत के बावजूद आयरलैंड के खिलाफ रविवार को टी20 वर्ल्ड कप के मैच में छह विकेट पर 163 रन बनाए।

लड़खड़ाई थी पारी: विकेटकीपर कुसल ने 43 गेंद में पांच फोर की मदद से 56* रन बनाए। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए कामिंदु के साथ 67 रन की साझेदारी की। कामिंदु ने अपनी पारी में चार फोर और दो सिक्स लगाए। एक समय पर श्रीलंका का स्कोर 14वें ओवर में चार विकेट पर 86 रन था। श्रीलंका को आयरलैंड की खराब फील्डिंग का भी फायदा मिला, जिसने कुछ कैच टपकाए। श्रीलंका शुरुआती चार ओवर्स में 28 रन ही बना सका था, लेकिन पांचवें और छठे ओवर में ताबड़तोड़ बैटिंग की बदौलत टीम ने पावरप्ले 50 रन पर खत्म किया।

कुसल ने खेली 56 रन की पारी

इसके बाद आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल को गेंद सौंपी, जिन्होंने पहले ओवर में चार ही रन दिए। डॉकरेल ने धीमी गेंद पर पाथुम निसांका (24 रन, 23 बॉल) की स्लो पारी का अंत किया।

इतिहास से 4 रन दूर रह गया नेपाल

हार के बाद निराश लोकेश

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट का घर नेपाल टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में एक नई ऊंचाई हासिल करने से चूक गया। रविवार को मुंबई के वानखेड़े मैदान में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले ग्रुप मैच में नेपाल इतिहास रचने से सिर्फ चार रन दूर रह गया। मैदान में मौजूद भारी समर्थकों के सामने नेपाल ने खिताब के दावेदारों में शामिल इंग्लैंड के खिलाफ जोरदार खेल दिखाया। अंतिम ओवर में इसे जीत के लिए दस रन चाहिए थे। यह मुश्किल काम नहीं था, लेकिन अनुभव की कमी और सैम करन की शानदार गेंदबाजी ने इंग्लैंड को बड़े उलटफेर से बचा लिया।

लोकेश, ऐरी ने लड़ी लड़ाई: इससे पूर्व, इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए सात विकेट पर 184 रन बनाए थे। टीम की ओर से जैकब बेथेल (55 रन) और कप्तान हैरी ब्रूक (53 रन) ने दमदार फिफ्टी लगाई। डेथ ओवर्स में 'प्लेयर ऑफ द मैच' विल जैक्स ने 18 बॉल पर 39 रन (1/17) की पारी खेली। जवाब में कुशल भुर्तेल (29 रन) और कप्तान रोहित (39 रन) ने नेपाल को उम्दा शुरुआत दिलाई। 17वें ओवर्स की शुरुआत से पहले नेपाल को जीत के लिए 24 बॉल में 56 रन की दरकार थी, जिसके बाद टीम ने लोकेश (39 रन, 20 बॉल, 4 फोर, 2 सिक्स) और दीपेंद्र सिंह ऐरी (44 रन, 29 बॉल, 6 फोर, 1 सिक्स) की बदौलत अगले तीन ओवर्स में 46 रन ठोक दिए। नेपाल ने 17वें ओवर में 10 रन, 18वें में 22 रन और 19वें में 14 रन बटोरे। लेकिन अंतिम ओवर में जीत के लिए जरूरी 10 रन की जगह पांच रन ही जुटा पाई।

अब कोई हल्के में नहीं लेगा: मैच के बाद मैदान पर मौजूदा बैटर लोकेश बाम निराश दिखे, लेकिन स्टेडियम में मौजूद उनके फैंस ने नेपाल के प्लेयर्स का उत्साह कम नहीं होने दिया।

4 रन से हारी नेपाल। यह टी20 वर्ल्ड कप में रन के लिहाज से दूसरी सबसे छोटी हार है। नेपाल पिछले वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका से 1 रन से हारी थी

ब्रीफ स्कोर
इंग्लैंड: 20 ओवर्स में 184/7 (जैकब बेथेल 55, हैरी ब्रुक 53, दीपेंद्र सिंह ऐरी 2/23)
नेपाल: 20 ओवर्स में 180/6 (दीपेंद्र सिंह ऐरी 44 रन, लोकेश बाम 39* रन, विल जैक्स 1/17)

टी20I में पहली बार भिड़ेंगे साउथ अफ्रीका-कनाडा

साउथ अफ्रीकी पेसर कगिसो रबाडा

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** टी20 वर्ल्ड कप में खिताब की दावेदारी मजबूत करनी है तो साउथ अफ्रीका को सोमवार को कनाडा के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में हालिया फॉर्म से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना होगा। जून 2024 में भारत से फाइनल हारने के बाद साउथ अफ्रीका का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है और टीम ने 32 मैचों में सिर्फ 12 जीत दर्ज की है। हालांकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने से उसका आत्मविश्वास बढ़ा है और यही भरोसा अब सीमित ओवरों में भी दिखाना होगा। कनाडा और साउथ अफ्रीका टी20 इंटरनैशनल में पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ उतरेंगी।

चोटिल डोनावन फरेरा और टोनी डि जोर्जी की जगह रयान रिकेल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स को मौका मिला है। बल्लेबाजी में क्विंटन डिकॉक और डेवाल्ड ब्रेविस से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी में कागिसो रबाडा हमेशा की तरह अहम रहेंगे जबकि स्पिन विभाग की जिम्मेदारी केशव महाराज संभालेंगे। दूसरी ओर, कनाडा के पास हालिया मैच अभ्यास की कमी है, लेकिन क्वॉलिफिकेशन में अजेय रहते हुए टीम ने आत्मविश्वास हासिल किया है। युवा कप्तान दिलप्रीत बाजवा की अगुआई में कनाडा उलटफेर करने की कोशिश करेगा।

टेलिकास्ट: इटली-स्कॉटलैंड भिड़ंत सुबह 11 बजे से, ओमान-जिंबाब्वे भिड़ंत दोपहर 3 बजे से, कनाडा-साउथ अफ्रीका मैच शाम 7 बजे से
* सभी मुकाबले जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

इटली का वर्ल्ड कप डेब्यू

कोलकाता: फुटबॉल की महाशक्ति इटली की टीम आज टी20 वर्ल्ड कप के ऐतिहासिक डेब्यू मैच में स्कॉटलैंड का सामना करेगी। इसके साथ यह यूरोपियन टीम इंग्लैंड के बाद क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली दूसरी फीफा चैंपियन बन जाएगी। इटली की टीम पिछले जुलाई में यूरोपीय क्षेत्रीय क्वॉलिफायर के जरिए टी20 टीम के टूर्नामेंट में जगह बनाकर क्रिकेट में एक अनोखा अध्याय लिख रही है। इटली का क्रिकेट इतिहास 1793 का है। ऐसे में उसके लिए यह क्वॉलिफिकेशन भूली हुई जड़ों की ओर एक दिलचस्प वापसी है।

जिंबाब्वे की जंग ओमान से

नई दिल्ली: कोलंबो में जिंबाब्वे के खिलाफ ओमान आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। ओमान और जिंबाब्वे एक-दूसरे के खिलाफ टूर्नामेंट के वॉर्म अप मैच में भी भिड़े थे, जहां ओमान ने बाजी मारी थी। इस मैच में टीम के कप्तान भारतीय मूल के जतिंदर सिंह ने 33 गेंद पर 55 रन की अहम पारी खेली थी। ओमान लगातार चौथे वर्ल्ड कप में भी हिस्सा ले रहा है, इस तथ्य के साथ भी उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। दूसरी ओर, जिंबाब्वे कप्तान सिकंदर रजा की अगुआई में उतरेगी। क्वॉलिफायर में अजेय रहने के बाद जिंबाब्वे का टी20 फॉर्म उतार-चढ़ाव भरा रहा है।

एशियन इंडोर ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप

तेजस्विन ने रेकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एशियन गेम्स मेडलिस्ट तेजस्विन शंकर ने अपने करियर के सबसे बेहतरीन प्रदर्शन में से एक करते हुए चीन के तियानजिन में आयोजित 12वें एशियन इंडोर ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप के हेप्टाथलन इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने इस दौरान 5993 पॉइंट्स के साथ नैशनल रेकॉर्ड को भी बेहतर किया। पिछला नैशनल रेकॉर्ड भी तेजस्विन (5650 अंक) के नाम ही था। हालांकि, तेजस्विन ने गोल्ड जीतने की खुशी के साथ 6000 पॉइंट्स का आंकड़ा सात अंक से चूकने का अफसोस भी जताया। तेजस्विन के अलावा पूजा ने हाई जंप में भारत का मान बढ़ाया। उन्होंने 1.87 मीटर की छलांग के साथ इस इवेंट में सिल्वर जीता।

तेजस्विन शंकर

भांबरी-दक्षिणेश्वर की जीत, नागल फिर हारे

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश की डबल्स में जीत के बाद सिंगल्स में सुमित नागल की हार के बाद नीदरलैंड्स ने भारत के खिलाफ डेविस कप क्वॉलिफायर के पहले दौर में 2-2 की बराबरी कर ली है। दिन के पहले मैच में युकी दक्षिणेश्वर की भारतीय जोड़ी ने डबल्स मुकाबले में डेविड पेल और सैंडर ऐरेंड्स को 7-6, 3-6, 7-6 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी थी। भारत के नंबर-1 मैंस सिंगल्स प्लेयर नागल से उम्मीद थी कि पहले दिन अपना मुकाबला गंवाने के बाद वह वापसी करेंगे और टीम को अजेय बढ़त दिला देंगे। रिवर्स सिंगल्स में नागल ने 7-5 से पहला सेट जीतकर ऐसा होने की उम्मीद भी दिलाई, लेकिन इसके बाद वह पिछड़ गए। पहले दिन दक्षिणेश्वर से मिली हार के बाद नीदरलैंड्स के नंबर-1 प्लेयर जेस्पर डी जोंग ने नागल के खिलाफ दूसरे सेट से लय हासिल की और मुकाबला 5-7, 6-1, 6-4 से जीत लिया।

डेविस कप क्वॉलिफायर

युकी (बाएं) और दक्षिणेश्वर

कर्नाटक-मुंबई मैच रोमांचक मोड़ पर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मुंबई और कर्नाटक के बीच मुंबई के बीकेसी ग्राउंड में खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी क्वॉर्टर फाइनल मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए कर्नाटक को 212 रन की जरूरत है, जबकि मुंबई को आठ विकेट की दरकार है। स्टंप्स तक कर्नाटक ने 2 विकेट पर 113 रन बना लिए थे। केएल राहुल (60* रन) और कप्तान देवदत्त पडिक्कल (39 रन) ने 84 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। कर्नाटक की उम्मीदें राहुल और करुण नायर (9*) की जोड़ी पर टिकी होंगी।

इससे पूर्व, मुंबई ने तीसरे दिन की शुरुआत 189/2 के स्कोर से आगे खेलते हुए की। टीम ने आकाश आनंद (70 रन), तनुष कोटियान (48* रन) और तुषार देशपांडे (47 रन) की पारियों की बदौलत 377 रन बनाए।

रणजी का रण

केएल राहुल

इलावेनिल-अर्जुन का गोल्ड पर लगा निशाना

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** ओलिंपियन इलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बबूता ने रविवार को एशियन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल) में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारत की जीत की लय जारी रखते हुए हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने इसी स्पर्धा के जूनियर वर्ग में स्वर्ण जीता।

विमिंस की एयर राइफल स्पर्धा में शनिवार को गोल्ड जीत चुकी इलावेनिल ने चार टीम के फाइनल में 24 शॉट में 253.4 का स्कोर किया जबकि बबूता ने मेडल दौर में खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए 251.6 अंक जुटाए जिससे जोड़ी ने गोल्ड मेडल जीता। इलावेनिल और बबूता ने मिलकर 505.0 अंक बनाए जिससे वे साउथ कोरिया की यूनजी क्वोन और किम वूरिम (501.0) से चार अंक आगे रहे जिन्हें सिल्वर मेडल मिला। जूनियर कैटिगरी में हिमांशु और शांभवी ने फाइनल में 502.4 का स्कोर बनाया जो एशियाई जूनियर रेकॉर्ड है। भारतीय जोड़ी ने कजाखस्तान की अलीना सतपायेवा और तामेरलान कादुलोव (488.6) से 13.8 अंक की बढ़त के साथ गोल्ड जीता।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

वलारिवन-अर्जुन की जोड़ी

लवलीना को सोना, भारत को 9 गोल्ड

■ **एजेंसियां, ला नूसिया (स्पेन):** ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और पूर्व युवा वर्ल्ड चैंपियन अरुंधति चौधरी की अगुआई में भारत ने बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ गोल्ड मेडल जीते। शनिवार को 7 एलीट महिला फाइनल में भारतीयों ने हिस्सा लिया। वहीं 54 किग्रा वर्ग का फाइनल दो भारतीयों के बीच हुआ। भारतीय महिलाओं ने प्रत्येक में गोल्ड जीता। लवलीना और अरुंधति के अलावा मंजू रानी (48 किग्रा), नीतू (51 किग्रा), पूनम (54 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) ने अपने-अपने भारवर्ग में गोल्ड जीता। प्रीति को सिल्वर से संतोष करना पड़ा। पुरुषों के फाइनल में सचिन (60 किग्रा) और आकाश (75 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। 20 देशों के बीच भारत नौ गोल्ड, तीन सिल्वर और सात ब्रॉन्ज के साथ सबसे सफल रहा।

लवलीना

टूर्नामेंट की बेस्ट टीम में सूर्यवंशी समेत 3 भारतीय

वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम रविवार को भारत लौटी। मुंबई एयरपोर्ट पर चैंपियंस को देखने फैंस उमड़े

■ **एजेंसियां, दुबई:** वैभव सूर्यवंशी को ICC की अंडर-19 वर्ल्ड कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है, जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली। इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंदों में 175 रन की विस्फोटक पारी खेलने वाले 14 वर्षीय सूर्यवंशी टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुने गए। उनके साथ कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। कनिष्क ने बल्ले और गेंद दोनों से निरंतर योगदान दिया, जबकि हेनिल के नाम 11 विकेट रहे। उपविजेता इंग्लैंड के भी तीन खिलाड़ी टीम में जगह बनाने में सफल रहे। टीम में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMKHEL User: cci Time: 02-08-2026 22:35 Color:

'औरतों का दर्जा हमेशा महारानी जैसा होना चाहिए'

रानी मुखर्जी ने कहा कि मेरे इंडस्ट्री के 30 साल के सफर में मर्दानी 3 एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। मैं दुआ करती हूं कि आगे चलकर सभी लड़कियां सशक्त रहें, बच्चियों और महिलाओं पर अत्याचार न हो, और जो दर्शक यह फिल्म देखें, वे यह समझें कि औरतों का दर्जा महारानी जैसा होना चाहिए।

पापा ने सिखाया, ड्राइवर और स्पॉटबॉय के लिए भी काम करो

अहान शेट्टी

Rekha.Khan@timesofindia.com

कहते हैं पिता की विरासत को उसका बेटा आगे बढ़ाता है। जाने-माने अभिनेता सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने सुनील शेट्टी की अभिनय की विरासत को तो आगे बढ़ाया ही साथ ही साथ बॉर्डर 2 की भूमिका से अपने पिता को ट्रिब्यूट भी दिया। बॉर्डर 2 को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। आपको याद होगा कि आज से तकरीबन 3 दशक पहले आई सुपरहिट बॉर्डर में सुनील शेट्टी यादगार भूमिका में थे। तड़प से अपने फिल्मी करियर का आगाज करने वाले अहान से खास बातचीत।

पापा से पक्की है बॉन्डिंग

पिता सुनील शेट्टी के साथ अपने रिश्ते और उनसे मिली सीख को अहान कुछ इस तरह से बयान करते हैं। बकौल अहान, 'पापा के साथ मेरी बॉन्डिंग बहुत पक्की है। हम दोनों बहुत क्लोज हैं। कई बार ऐसा माना जाता है कि पिता-पुत्र के बीच का रिश्ता काफी कॉम्प्लिकेटेड होता है, मगर मेरे और पापा के बीच में ऐसा कुछ नहीं है। जाहिर-सी बात है कि काम या निजी जिंदगी को लेकर हमारे मतभेद होते हैं, मगर इससे हमारे बीच दूरी कभी नहीं आती। वे बहुत ही प्रोटेक्टिव पिता हैं। कई बार ये बहुत अच्छा होता है, मगर कई दफा बुरा भी। (हंसते हैं) वो तो पापा से मैंने कई लेसन्स लिए हैं, मगर एक मैं कभी नहीं भूलता। उन्होंने सिखाया है कि सिर्फ अपने लिए काम मत करो, अपने साथ-साथ ड्राइवर, स्पॉट बॉय, मैनेजर के लिए भी काम करना, क्योंकि अपने आगे बढ़ने के साथ-साथ अपने साथ के लोगों को भी आगे बढ़ाना है। तभी आप सही मायनों में आप कामयाब हो सकते हैं।'

वे चाहते हैं अपनी गलतियों से खुद सीखूं

अपने पिता सुनील शेट्टी से उन्हें किस तरह के एक्टिंग टिप्स मिले? इस पर वे कहते हैं, "जब भी शूटिंग होती है, पापा ज्यादा टिप्स नहीं देते। वे तो हमेशा यही कहते हैं कि ईमानदारी से काम करो। मैं अपने काम के प्रति हमेशा ऑनेस्ट रहने की कोशिश करता हूं। पापा मेरे काम को लेकर ज्यादा तारीफ नहीं करते। वे कहते हैं, अपने डायलॉग्स को फील करो। असल में मेरे पापा का जोर एक अच्छे इंसान बनने पर ज्यादा होता है। जब मैं छोटा था, तभी से कहते आए हैं कि एक बार को आप एक अच्छे एक्टर के रूप में भले न पहचाने जाओ, मगर एक अच्छे इंसान के रूप में जरूर पहचाने जाना। मैं उसी तरह से जिंदगी जीने की कोशिश करता हूं। वे चाहते हैं, मैं अपनी गलतियां करूं और फिर उसके हिसाब से सीखूं।'

परिवार मेरा सबसे बड़ा चीयर लीडर

अहान मानते हैं कि आपके काम और उपलब्धियों में परिवार सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम होता है। वे कहते हैं, 'परिवार मेरा बड़ा चीयर लीडर है। पिछले दिनों मैंने फिल्म की खास स्क्रीनिंग रखी थी। मॉम और केएल (उनके क्रिकेटर जीजा केएल राहुल) ने फिल्म देखी, मगर मेरे पिता थिएटर के बाहर बैठे रहे। मेरी मॉम उस वक्त बहुत इमोशनल हो गई थीं, जब फिल्म में मेरे शहीद का सीन आया था। वो सीन सालों पहले पापा ने किया था और अब मैं कर रहा था। अथिया ने फिल्म थिएटर में देखी और मेरे मरने वाले सीन पर बहुत रोई थीं। पापा बॉक्स ऑफिस पर एक ब्लॉकबस्टर के पूरे होने का इंतजार कर रहे थे। उसी के बाद वो देखेंगे।'

एक कॉन्ट्रैक्ट सिचुएशन में फंस गया था

तड़प से अपने करियर का आगाज करने वाले अहान बीते पांच सालों तक गायब रहने की वजह बताते हुए कहते हैं, 'मैं एक कॉन्ट्रैक्ट सिचुएशन में फंस गया था। फिर कोविड फिल्मों पर चल रही थी। लोग थिएटर में नहीं जा रहे थे। मगर मैं साजिद नाडियाडवाला की फिल्म सनकी के साथ एक कॉन्ट्रैक्ट में था और दूसरी फिल्में साइन नहीं कर रहा था। मगर अब मैं कॉन्ट्रैक्ट में नहीं हूं और मुझे दूसरी फिल्में करने की छूट मिली। मेरे पास बॉर्डर आई और मैंने अपनी मेहनत की।'

सनी सर के साथ डायटिंग भूल जाता था

फिल्म में अपने साथी कलाकार सनी देओल से अहान खासे प्रभावित नजर आते हैं। वे कहते हैं, 'वे मेरे लिए फादर फिगर हैं। कैमरा शुरू होते ही वे एक एक्टर के रूप में अपने उरूज पर होते हैं, मगर जब शूटिंग नहीं होती, तो वे काफी शांत रहते हैं। सेट पर सनी सर का एक अलग ही किचन होता है और उनका खास शेफ, जो बेहद लजीज खाना बनाता है। उनके किचन के छोले-भटूरे और जलेबी के क्या कहने। उन दिनों मैं कड़ी डायटिंग पर था, मगर सनी सर के साथ अपनी डायटिंग भूल जाता था।'

बेटी की बेहतरी के लिए काम करना ज़रूरी: युविका चौधरी

Upma.Singh@timesofindia.com

युविका चौधरी कुछ समय से स्क्रीन से दूर मदरहुड को एंजॉय कर रही थीं। अब जबकि उनकी बेटी एकलीन एक साल की हो गई है, वह अपने पति प्रिंस नरूला के साथ रिएलिटी शो द फिफ्टी में लौटी हैं। हालांकि, यह ऐसा शो है जहां युविका और प्रिंस को 50 दिनों के लिए सबसे दूर 50 दूसरे प्रतिभागियों के साथ रहना होगा। ऐसे में, छोटी बेटी को छोड़कर शो में जाना युविका के लिए आसान फैसला नहीं था।

शो में जाने से पहले नवभारत टाइम्स से खास बातचीत में युविका ने कहा, 'एकलीन छोटी है, इसलिए हमने शो को हां कहने में वक्त लिया। बात बहुत पहले से चल रही थी, मगर हमने आखिर में हां कहा क्योंकि हमें लगा कि उसके दादा-दादी, नाना-नानी साथ हैं। फिर, पूरे साल मैं उसके साथ थी। मुझे लगता है कि अब काम पर लौटने का समय आ गया है। तभी हम अपने बच्चे को एक बेहतर जिंदगी दे पाएंगे। यह शो चुनने की एक वजह ये एकलीन है, दूसरे हमारे फैंस हैं, जिनके लिए यह एक रिटर्न गिफ्ट है।' प्रिंस के साथ बिग बॉस 9 और नच बलिए 9 जैसे शो जीत चुकीं युविका इस शो में जीतने के दबाव पर कहती हैं, 'हम कोई दबाव लेकर नहीं जा रहे पर जीतने की कोशिश रहेगी, ताकि फैंस को तोहफा दे सकें।'

> बेटी छोटी थी इसलिए पूरे साल काम नहीं किया। मैं उसके साथ रहना चाहती थी पर अब काम पर लौटने का समय आ गया है।

'रिटायरमेंट नहीं, ब्रेक लिया था'

> कलाकार सिर्फ लंबे शूटिंग शेड्यूल से नहीं थकता बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी पूरी तरह खुद को झोंक देता है। इससे थकान होना स्वाभाविक है।

विक्रांत मैसी ने दिसंबर 2024 में फिल्मों से ब्रेक लेने की घोषणा की थी लेकिन अब उन्होंने अपने इस ऐलान पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने एक साक्षात्कार में बताया कि उस वक्त मैं मेंटल और इमोशनल बर्नआउट से गुजर रहा था। रिटायरमेंट का मेरा कोई इरादा नहीं था। मेरे बयान को गलत तरीके से समझ लिया गया। सोशल मीडिया पर शब्दों की लिमिट होती है। मैंने उन्हीं शब्दों में पूरी बात कहने की कोशिश की लेकिन सब कुछ लोगों तक नहीं पहुंच पाया। कई बातें गलत समझ ली गईं। मैं सिर्फ ब्रेक लेना चाहता था। उस वक्त मैं थक चुका था। ब्रेक के दौरान मैंने अपनी सभी फिल्मों को देखा और समझने की कोशिश की कि खुद को कैसे बेहतर बना सकते हैं। इस दौरान मैंने अपने परिवार को प्राथमिकता दी। व्यस्तता पर अपने बेटे के साथ ज्यादा वक्त बिताया, जिसे मैं लगातार शूटिंग की वजह से मिस कर रहा था।

मेरा गांव, मेरे पास

बजट सत्र आज से, पहले दिन उपलब्धियां गिनाएगी सरकार

11 को पेश होगा UP का बजट, 16-18 तक होगी चर्चा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। यह सत्र दस दिन के लिए प्रस्तावित है। इस दौरान राज्य सरकार बजट के जरिए तोहफों का पिटारा खोलेगी तो विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को कटघरे में लाने की कोशिश करेगा। फिलहाल साल का पहला सत्र होने के कारण इसकी शुरुआत सरकार की उपलब्धियां गिनाने से होगी। राज्यपाल संयुक्त सदन में सरकार का अभिभाषण पढ़ेंगी। विधानसभा के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार, सदन की बैठकें 20 फरवरी तक तय हैं। सदन में सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण के बाद हाल में ही पास करवाए गए अध्यादेश पटल पर रखे जाएंगे। पिछले दिनों दो विधायकों का निधन हुआ था। ऐसे में मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही शोक प्रस्ताव तक ही सीमित रहेगी।

कैबिनेट से मुहर के बाद पेश होगा बजट: सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार सुबह कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें बजट पर मुहर लगेगी। फिर इसी दिन विधानसभा में बजट पेश किया जाएगा। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए बजट में बचे वादे पूरा करने, महिला, किसान, युवाओं व गांवों तक नई योजनाओं की छतरी के नीचे लाया जा सकता है। बजट के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी। 12 और 13 फरवरी को भी धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 16 से 18 फरवरी तक बजट पर चर्चा होगी। 19 से विभागवार बजट पास करवाया जाएगा और 20 को पूरे बजट पर मतदान होगा।

तीखे रहेंगे विपक्ष के तेवर: सत्र के दौरान विपक्ष ने भी सरकार को घेरने की तैयारी कर रखी है। योजनाओं और जमीनी हालत पर बात करने के साथ वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण अभियान सहित अन्य हालिया घटनाक्रमों का असर भी चर्चा में दिख सकता है।

लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय सहित अन्य नेता।

सदन चलने में बाधा न हो, यह सबकी जिम्मेदारी: योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सदन में स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। स्वस्थ चर्चा से ही प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। सर्वदलीय बैठक में रविवार को सीएम ने कहा कि सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए, यह सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश' विजन डॉक्यूमेंट-2047 को अंतिम स्वरूप देने के लिए भी सदन में चर्चा होना आवश्यक है। विपक्ष सदन चलाने के प्रति जितना संवेदनशील होगा, सरकार उससे दोगुनी गति से सभी कार्यों में सकारात्मक भाव से आगे बढ़ेगी।

कोटा में इमारत ढही, 2 लोगों ने गंवाई जान, 13 घायल

■ भाषा, जयपुर: राजस्थान के कोटा में शनिवार रात एक तीन मंजिला इमारत ढहने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि हादसे के बाद मलबे से कुल 15 लोगों को बाहर निकाला गया था। घायलों में से आठ का इलाज जारी है, जबकि पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मृतकों की पहचान आर्यन (20) और लक्ष्मण (15) के रूप में हुई है।

> मलबे से कुल 15 लोगों को निकाला गया था

कैबिनेट मंत्री हीरालाल नागर ने बताया, "मलबे से 15 लोगों को निकाला गया, जिनमें से दो की मौत हो गई। मामले के तथ्यों की जांच के आदेश दिए जाएंगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।" संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल ने कहा कि हादसे वाली इमारत के आसपास कुछ नया निर्माण कार्य चल रहा था और आशंका है कि इसी कारण इमारत ढह गई। यह घटना तलवंडी इलाके की है, जहां इमारत में एक रेस्तरां संचालित हो रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे के वक्त रेस्तरां में ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे। बचाव अभियान देर रात तक जारी रहा।

लखीमपुर में ऑटो पलटा, 4 मौतें

■ भाषा, लखीमपुर खीरी: लखीमपुर खीरी जिले में ऑटो पलटने से एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। धौरहरा थाने के प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सोनकर ने बताया कि घटना शनिवार को हुई, जिसमें रसूलपुर गांव के निवासी ऑटो ड्राइवर इसराइल (30), ऊंचगांव गांव के तालिब (पांच), खुशबू (12) और अजरा (2) की मौत हो गई। घायलों की पहचान किस्मतून, सबिया, साकिया, अकील और निदा के रूप में हुई है। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना शनिवार देर रात हुई जब परिवार धौरहरा कस्बे में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ऑटो से अपने गांव लौट रहा था। घने कोहरे के कारण ऑटो ड्राइवर इसराइल पुलिया को देख नहीं पाया और वह रेलिंग से टकरा गया। इसके बाद, उसका ऑटो सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गया, जिससे तीन बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो ड्राइवर ने भी जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

बांदा: रील के चक्कर में गई महिला की जान

■ NBT रिपोर्ट, बांदा: बांदा जिले के बबेरू कस्बा के कल्यानपुरवा में फांसी का दृश्य दिखाने के लिए रील बनाने के चक्कर में एक महिला की अपनी चार साल की बेटी के सामने ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मोहिनी (27) नाम की महिला ने रील बनाने के लिए साड़ी से फंदा लगाया। उसने अपनी बेटी को मोबाइल फोन देकर विडियो रेकॉर्ड करने को कहा। इसी दौरान फंदा कस गया और महिला बेहोश हो गई। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई।

> चार साल की बेटी के सामने मां की फंदा कसने से मौत

बबेरू क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने रविवार को बताया कि पहली नजर में यह मामला रील के लिए फांसी का दृश्य दिखाने का प्रतीत होता है। महिला के मोबाइल फोन की जांच में सामने आया है कि वह गूगल और फेसबुक पर बार-बार फंदा लगाने के तरीके खोज रही थी।

मनोरंजन



अजित पवार की अस्थियां संगम में विसर्जित की गईं

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में विसर्जित की गईं। परिवार के लोग अस्थियां लेकर प्रयागराज पहुंचे। बेटे जय पवार ने विधि-विधान से पूजन और रस्मों को पूरा करने के बाद त्रिवेणी में पिता की अस्थियों को विसर्जित किया। जिला प्रशासन की ओर से संगम तट पर विसर्जन के लिए विशेष इंतजाम किया गया था। पुणे से प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे जय पवार हाथ में कलश लेकर नंगे पांव ही संगम तट पर पहुंचे। एनसीपी के स्थानीय नेता भी कलश यात्रा में शामिल हुए। नौका के माध्यम से संगम में अस्थियां विसर्जित की गईं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का बारामती एयरपोर्ट पर पिछले महीने हुए प्लेन हादसे में निधन हो गया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: shailesh.pudke@timesofindia.co Time: 02-08-2026 23:41 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज जारी हुआ था फोटो वाला स्टैंप

आज ही के दिन भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में फोटो वाला डाक टिकट जारी किया गया था। उस दिन ब्रिटिश भारत सरकार ने नई दिल्ली को राजधानी बनाने के उपलक्ष्य में 6 डाक टिकटों का एक सेट जारी किया था जिसमें एक रुपये के टिकट पर शासक जॉर्ज पंचम का चित्र भी शामिल था, और बाकी टिकटों पर राजधानी के प्रमुख सरकारी भवनों की तस्वीरें थीं।

NBT

भविष्य में QR कोड वाले होंगे टिकट

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में पारंपरिक पत्राचार लगभग खत्म हो जाएगा और अधिकतर संवाद सुरक्षित डिजिटल माध्यमों से होगा। कागजी टिकटों की जगह डिजिटल टिकट, QR कोड आधारित ई-स्टैम्प या ब्लॉकचेन से प्रमाणित डाक शुल्क सिस्टम विकसित हो सकती है। इनका उपयोग केवल स्कैन या डिजिटल सत्यापन के माध्यम से होगा। संभव है कि टिकट इंटरैक्टिव हो, जिन्हें गैजेट्स से देखने पर लाइव जानकारी मिले।

AI Images

भारत-मलयेशिया ने खोले निवेश, टेक सहयोग के द्वार

सीईओ फोरम, 11 समझौते और इंडो-पैसिफिक स्थिरता पर साझा रुख

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मलयेशिया दौरे में दोनों देशों ने संबंधों को आर्थिक, तकनीकी और लोगों के बीच जुड़ाव के नए आयाम देने पर जोर दिया। मलयेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद व्यापार, निवेश, ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल इकोनॉमी, आईटी, सेमीकंडक्टर, एआई, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति बनी। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई गई।

पीएम मोदी ने सीईओ फोरम की चर्चाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इससे व्यापार और निवेश के नए मौके खुलेंगे। दोनों देशों ने व्यापार में लोकल करेंसी के इस्तेमाल को अहम कदम बताया और आसियान-भारत व्यापार समझौते की समीक्षा जल्द पूरी करने की जरूरत दोहराई। हाल के वर्षों में ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग में सहयोग गहरा हुआ है, जबकि डिजिटल इकोनॉमी और आईटी में निवेश बढ़ा है। दौरे के दौरान भारत ने मलयेशिया में नया वाणिज्य दूतावास खोलने के फैसले की घोषणा की। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के बाद स्थायी सदस्यता के लिए मलयेशिया के समर्थन की सराहना की गई।

PTI

भारत दोहरा मापदंड बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंकवाद को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। -नरेन्द्र मोदी, पीएम, भारत

उम्मीद है कि द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल के 18.6 बिलियन के आंकड़े को पार कर जाएगा। -अनवर इब्राहिम, पीएम, मलयेशिया

सहयोग की नई दिशा पर सहमति

दोनों देशों के बीच ऑडियो विडियो प्रोडक्शन से लेकर सेमीकंडक्टर के सेक्टर में सहयोग पर सहमति बनी है। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान 11 सहयोग करारों पर सहमति बनी। मलयेशियाई पीएम ने कहा कि दोनों देश लोकल करंसी की दिशा में काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल के 18.6 बिलियन के आंकड़े को पार कर जाएगा।

इन करारों पर बनी बात

■ ऑडियो विडियो प्रोडक्शन को लेकर एक करार पर सहमति बनी है।

■ डिजास्टर मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सहयोग को लेकर दोनों देश साथ आए।

■ सेमीकंडक्टर के सेक्टर, बिग कैट अलायंस को लेकर फ्रेमवर्क अग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए।

■ सीआईओ फोरम की 10वीं फोरम पर रिपोर्ट और एजुकेशन और सुरक्षा के क्षेत्र में सहमति बनी।

भारत-मलयेशिया रिश्तों में नया मोड़

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारत और मलयेशिया के साझा बयान से स्पष्ट है कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख और सहयोग के नए फ्रेमवर्क ने द्विपक्षीय संबंधों में बदलाव का संकेत दिया है। खासकर कश्मीर मुद्दे पर पहले पाक की ओर झुकाव दिखाने वाले मलयेशिया की भाषा में नरमी आई है, जो दोनों देशों के रिश्तों में सकारात्मक और रणनीतिक शिफ्ट को दर्शाती है।

गड्ढे में छोड़ा कंपनी का गंदा पानी, डूबकर बच्ची की मौत

■ NBT न्यूज, बल्लभगढ़ (हरियाणा): छायंसा में एक कंपनी निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबकर छह साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसा शनिवार दोपहर हुआ। इस गड्ढे में पास स्थित कंपनी का वेस्ट वॉटर छोड़ा जा रहा था।

पुलिस के मुताबिक, बुलंदशहर के केसरी गांव के रहने वाले मैनपाल छायंसा की एक रस्सा कंपनी में मजदूरी करते हैं। उनकी छह साल की बेटी दोपहर में घर के पास खेल रही थी। खेलते-खेलते वह कंपनी के लिए खोदे गए गड्ढे के पास पहुंच गई। इस गड्ढे में रस्सा कंपनी का गंदा पानी छोड़ा जा रहा था। पैर फिसलने से वह सीधे गड्ढे में जा गिरी। शोर सुनकर आसपास काम कर रहे लोगों ने बच्ची को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

खेलने के दौरान बच्ची का पैर फिसला



सूरजकुंड हादसे में दो गिरफ्तार, SIT को जांच

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद: हरियाणा के सूरजकुंड मेले में झूला गिरने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें झूला संचालित करने वाली हिमालय फन फेयर कंपनी के मालिक मोहम्मद शाकिर और झूला प्रोवाइडर नितेश शामिल हैं। शाकिर पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई गई है। शनिवार को हुए हादसे में हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि डीसीपी (क्राइम) मुकेश मल्होत्रा की अगुआई में SIT बनाई गई है। टीम वैज्ञानिक पहलुओं के आधार पर मामले की जांच कर रही है। हरियाणा के DGP अजय सिंघल ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद को शहीद का दर्जा दिया गया है। उनके परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता विभाग की ओर से दी जाएगी। परिवार के सदस्य को नौकरी दिलाई जाएगी।



शाकिर

शटरिंग टूटी, 2 मौतें

नोएडा सेक्टर-142 में निर्माणाधीन इमारत में नौवीं मंजिल पर शटरिंग टूटने से दो मजदूरों की जमीन पर गिरने से मौत हो गई, जबकि एक घायल है। घायल मिथुन हादसे के दौरान नौवीं मंजिल से सातवें फ्लोर पर गिरा था। मिथुन के भाई मटू और एक अन्य मजदूर शिबू की जान चली गई। आरोप है कि घायलों को समय पर इलाज नहीं मिला। एक घायल को ई-रिक्शा से अस्पताल ले जाया गया।

दिल्ली में बाइकर की मौत केस में दूसरी गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश से

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जनकपुरी में सड़क पर गड्ढे में गिरकर बाइकर कमल की मौत के मामले में फरार आरोपी योगेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि सब-कॉन्ट्रैक्टर राजेश प्रजापति ने उसे चुप रहने की सलाह दी थी। यही वजह है कि उसने पुलिस को हादसे की जानकारी नहीं दी। वह दिल्ली से घर के लिए निकल गया था। पुलिस ने उसे फिरोजाबाद से दबोचा।

आरोपी बोला, सब-कॉन्ट्रैक्टर ने चुप रहने को कहा था

भारत ने रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर रखा कूटनीतिक संतुलन

File

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अमेरिका के साथ व्यापार करार के सामने आने के बाद से ही एक सवाल बार-बार उठ रहा है कि क्या भारत रूस से तेल खरीद पर पूरी तरह विराम लगा देगा? हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप भी इसे लेकर एक अर्से से बयान देते रहे हैं कि पीएम मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि रूस से तेल खरीद बंद हो जाएगी। लेकिन असल बात है कि भारत सरकार ने इस संबंध में अपनी पोजिशन हमेशा साफ रखी है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के मुताबिक ही फैसले लेता रहेगा।

ऊर्जा जरूरतों के मुताबिक ही फैसले लेने की बात

■ क्या है मौजूदा तेल खरीद: भारत अपनी 85% से ज्यादा तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। साल 2025-26 में भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर रहा। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में भारत ने रूस से 2.7 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा। हालांकि ये उससे पहले वाले महीने यानी नवंबर के मुकाबले 27% की कमी थी। इस महीने भारत ने रूस से 3.7 अरब डॉलर का तेल आयात किया था। वहीं दिसंबर 2024 में रूस से 3.4 अरब डॉलर तेल खरीदा गया। मासिक आयात के मुताबिक दिसंबर 2025 की रूसी तेल खरीद उससे पहले वाले साल से 15 % कम थी। रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए थे।

भारत ने विविधता की नीति अपनाई

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा था कि भारत ने तेल सप्लाई में विविधता की नीति अपनाई है और अब 39 देशों से आयात कर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक 2025-26 के पहले नौ महीनों में 34 देशों से 105.1 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा गया। इसमें रूस की 24% हिस्सेदारी रही, जबकि इराक, सऊदी अरब, यूएई और अमेरिका से भी उल्लेखनीय आयात दर्ज हुआ।

यूक्रेन संकट से पहले नहीं थी ज्यादा निर्भरता

2014 के बाद से भारत के तेल आयात के अध्ययन को देखकर पता चलता है कि यूक्रेन संकट यानी साल 2021 से पहले भारत की तेल जरूरतें सऊदी अरब और इराक जैसे देशों पूरी हो रही थीं। जबकि यूएई, कुवैत और नाइजीरिया का भी योगदान था। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार साल 2018 में रूस का हिस्सा 1.3% था, जो 2024-25 में बढ़कर लगभग 35% हो गया।

क्या रहेगी कूटनीतिक रणनीति

भारत सरकार ने हमेशा कहा है कि ऊर्जा जरूरतों के अनुसार ही निर्णय लिया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत पूरी तरह रूसी तेल खरीद बंद नहीं करेगा। तीन साल पहले भारत रूस पर तेल में खास निर्भर नहीं था, लेकिन दोनों देशों के गहरे व्यापार, सुरक्षा और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए US और रूस के प्रति विदेश नीति में संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण नहीं होगा।

कनाडा के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ाएंगे: डोभाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कनाडा में खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद पटरी से उतरे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के बीच भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने पहली बार कनाडा का दौरा किया। इस दौरे में उन्होंने कनाडा के उच्च अधिकारियों से मुलाकात के अलावा, दोनों देशों के बीच सुरक्षा और लॉ एनफोर्समेंट के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर आगे बढ़ने की दिशा में सहमति जताई। डोभाल ने 7 फरवरी को कनाडा की पीएम की सुरक्षा और इंटेलिजेंस सलाहकार नताली ड्रउन से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि वे सुरक्षा और लॉ एनफोर्समेंट लाइजन अफसरों की नियुक्ति करेंगे। इस फ्रेमवर्क के जरिए दोनों देश अपनी एजेंसियों के बीच और ज्यादा सहयोग कायम कर पाएंगे।



अजित डोभाल।

US से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में कोई समस्या नहीं: गोयल

■ पीटीआई, नई दिल्ली: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने के बाद भारतीय सामान को अमेरिकी बाजार में चीन और अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर बढ़त मिलेगी। उनके मुताबिक, चीन पर 35%, ब्राजील पर 50%, म्यांमार पर 40%, जबकि थाईलैंड, कंबोडिया और इंडोनेशिया पर 19% और बांग्लादेश और वियतनाम पर 20% टैरिफ है। इंटरव्यू के दौरान गोयल ने कहा कि भारत अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर तक के सामान खरीद सकता है, जिसे उन्होंने बहुत ही सावधानीपूर्ण अनुमान बताया। भारत की बढ़ती इकॉनमी में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की नई मांग पैदा होगी।

'किसानों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान रखे'

भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक ढांचा तय किया है, जिस पर मध्य मार्च तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि भारत के टैरिफ अब प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में सबसे कम में है, जिससे टेक्सटाइल, लेदर-फुटवियर, हस्तशिल्प, केमिकल्स, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा होगा। समझौते में किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान रखे गए हैं।

कर्नाटक में निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त

PTI

पायलट सहित दोनों लोग सुरक्षित।

■ भाषा, विजयपुरा (कर्नाटक): कर्नाटक के विजयपुरा जिले के बाबलेश्वर तालुक के मंगलूर गांव में रविवार दोपहर एक छोटा निजी विमान खुले मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार पायलट सहित दोनों लोग दुर्घटना से पहले ही सुरक्षित निकल गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कलबुर्गी स्थित रेडबर्ड एविएशन का दो सीट वाले इस विमान ने कलबुर्गी से बेलगावी के लिए उड़ान भरी थी। सहायक उड़ान प्रशिक्षक कैप्टन कुणाल मल्होत्रा और प्रशिक्षु पायलट गौतम शंकर पीआर सवार थे। दोनों को चोटें आईं।

NEET-UG 2026

मेडिकल एंट्रेंस की रेस शुरू

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। MBBS, बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (BDS), आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध मेडिकल कोर्सेज में दाखिले के लिए होने वाला यह एग्जाम 3 मई को होगा, जिसके लिए 8 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। पेपर कुल 3 घंटे का होगा, टाइमिंग दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की वेबसाइट nta.ac.in और neet.nta.nic.in से एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकेंगे। डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या UPI के जरिए फीस जमा होगी। वहीं, करेक्शन विंडो 10-12 मार्च तक होगी। छात्रों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे केवल एक ही फॉर्म भरें, अगर मल्टीपल फॉर्म फिल करेंगे तो ऐप्लिकेशन कैंसल हो जाएगी।

AI Image



2019 से 2025 तक का कैसा रहा सफर?

NTA को 2019 में NEET-UG के आयोजन की जिम्मेदारी मिली थी। इस मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट में हर वर्ष आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है। 2024 में आवेदन 24 लाख को पार कर गया था। देश में MBBS की सीटें बढ़ रही हैं और यह सिंगल एंट्रेंस टेस्ट है, जिसके आधार पर मेडिकल कोर्सेज में दाखिला मिलता है। एग्जाम का यह ऐसा एग्जाम है, जिसमें सबसे ज्यादा हाजिरी रहती है। 97% तक कैंडिडेट्स एग्जाम देते हैं।



मार्किंग स्कीम क्या होगी?

■ एंट्रेंस टेस्ट में छात्रों को सभी सवालों का जवाब देना होगा। यानी सभी सवाल कंपलसरी होंगे। नेगेटिव मार्किंग भी होगी।

■ सही जवाब के लिए 4 नंबर मिलेंगे, गलत जवाब देने पर एक नंबर कटेगा।

■ अगर कोई छात्र कोई सवाल का जवाब नहीं देता है यानी उस सवाल को अटेम्प्ट नहीं करता है तो उस सवाल में नंबर नहीं मिलेगा और न ही नंबर काटा जाएगा।

■ MCQ बेस्ड क्वेश्चन होंगे, 180 मिनट का समय होगा, इस तरह से हर क्वेश्चन के लिए एक मिनट का समय होगा।

■ मेडिकल एग्जाम कुल 720 नंबरों का होगा। फिजिक्स और केमिस्ट्री से 45-45 सवाल होंगे और बायोलॉजी (बोटनी एंड जूलॉजी) के 90 सवाल होंगे।

■ एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में पेन एंड पेपर मोड में यह एग्जाम होगा। एक ही शिफ्ट में एग्जाम होने के कारण नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया नहीं होगी।

सिलेबस पर ही करें फोकस

NEET-UG 2026 के लिए अपडेटेड सिलेबस काफी पहले ही जारी कर दिया गया है। छात्रों को सलाह दी गई है कि अपडेटेड सिलेबस के मुताबिक ही तैयारी करें। मेडिकल एंट्रेंस में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी (बोटनी एंड जूलॉजी) की अलग- अलग यूनिट्स के बारे में बताया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि 11वीं-12वीं के कोर करिकुलम पर जोर दिया गया है। NCERT की किताबों को ध्यान से पढ़ना जरूरी है।

2026 के सिलेबस में 11वीं और 12वीं क्लास के कोर करिकुलम पर जोर दिया गया है। एनसीईआरटी की किताबों को ध्यान से पढ़ना जरूरी है। कॉन्सेप्ट बेस्ड लर्निंग पर ध्यान देना होगा। कुछ टॉपिक को जोड़ा गया है। सिलेबस को पूरा पढ़ना होगा और उसके बाद अपनी तैयारी करनी होगी। -विशेषज्ञ

सीटों में होगा इजाफा!

2025-26 में MBBS की सीटों में 11 हजार से ज्यादा का इजाफा हुआ है। सीटें बढ़कर 1.29 लाख हो गई हैं। हर साल सीटों में इजाफा होता रहेगा। देश में अगले 5 वर्षों में 75000 मेडिकल सीटों के इजाफे का लक्ष्य रखा गया है।

13 भाषाओं में एग्जाम

यह एग्जाम 13 भाषाओं में होगा। छात्रों को मीडियम ऑफ लैंग्वेज में विकल्प भरना होगा। असमिया, बंगाली, इंग्लिश, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में एग्जाम देने का विकल्प होगा।

ऐप्लिकेशन फीस कितनी होगी?

■ जनरल कैटिगरी के लिए 1700 रुपये ऐप्लिकेशन फीस होगी।

■ जनरल EWS और OBC-NCL कैटिगरी में 1600 फीस होगी।

■ SC, ST, दिव्यांग और थर्ड जेंडर कैटिगरी में 1000 रुपये ऐप्लीकेशन फीस होगी।

■ अगर भारत से बाहर सेंटर में कोई एग्जाम देगा तो यह फीस 9500 रुपये होगी।

बिहार के सांसद पप्पू यादव पर कांग्रेस का बदला रुख, रणनीति या मजबूरी?

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

नई दिल्ली : बिहार में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के पुराने मामले में गिरफ्तारी के बाद जिस तरह कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व उनके समर्थन में आया है। यह विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी के बदले स्टैंड का संकेत है। ऐसे में जब कांग्रेस राज्य में एकला चलो रे की संभावना तलाश रही है, पार्टी का यह रुख आरजेडी के साथ गठबंधन को असहज कर सकता है। मालूम हो कि पप्पू यादव से आरजेडी नेतृत्व कभी सहज नहीं रहा है।

आरजेडी के विरोध के चलते कांग्रेस लंबे समय तक पप्पू यादव को लेकर खुलकर समर्थन में नहीं आती रही। रणनीतिक कारण साफ थे कि गठबंधन की राजनीति में आरजेडी की नाराजगी कांग्रेस के लिए राजनीतिक नुकसान बन सकती थी। इसलिए कांग्रेस ने दूरी और संतुलन की नीति अपनाई। लेकिन पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का खुला समर्थन इस पूरी रणनीति में बड़ा बदलाव दिखाता है। यह केवल एक नेता के समर्थन का मामला नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक दिशा-संकेत है।

बिहार चुनाव में महागठबंधन की हार के बाद कांग्रेस और आरजेडी के रिश्तों में तल्खी और गहरी हो गई थी। दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर हार की जिम्मेदारी डालते रहे। कांग्रेस के भीतर से यह आवाज तेज हुई कि गठबंधन में रहकर पार्टी का विस्तार संभव नहीं है। सूत्रों के मुताबिक बिहार कांग्रेस नेताओं की बैठक में अधिकांश नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व से साफ कहा कि अब आगे बिहार में अकेले चुनाव लड़ने की रणनीति अपनाई जानी चाहिए। इसके बाद कांग्रेस की तरफ से एकला चलो के संकेत भी दिखने लगे।

ऐसे माहौल में पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का खुला समर्थन केवल नैतिक समर्थन नहीं है यह राजनीतिक लाइन खींचने जैसा कदम है। यह संकेत देता है कि कांग्रेस अब अपने फैसले आरजेडी की राजनीतिक असहजता देखकर नहीं, बल्कि अपनी स्वतंत्र रणनीति के आधार पर लेना चाहती है।

पप्पू यादव बिहार की राजनीति में एक अलग सामाजिक आधार, जनाधार और जमीनी पकड़ का प्रतिनिधित्व करते हैं। निर्दलीय जीत के बाद उनका कांग्रेस से नजदीकियां दिखना कांग्रेस के लिए एक अवसर भी है, खासकर तब, जब पार्टी बिहार में अपना स्वतंत्र जनाधार दोबारा खड़ा करना चाहती है।

राहुल और प्रियंका का खुला समर्थन यह संकेत देता है कि कांग्रेस पप्पू यादव को केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक राजनीतिक ब्रिज के रूप में देख रही है जो क्षेत्रीय राजनीति और राष्ट्रीय पार्टी के बीच सेतु बन सकता है।

...continued from previous page.

9. **Competition risk:** Our AI solutions may be replicated by our competitors, requiring us to constantly innovate, update and improve the quality of our AI solutions to remain competitive. If we fail to do so, it will be difficult for us to differentiate ourselves from the intense competition and we may lose our clients.
10. **Risk related to evolving laws:** We are subject to numerous federal, state and international laws, rules and regulations regarding the use of AI and ML technology (including Gen AI technology), privacy, data protection, information security, and the collection, storing, sharing, use, processing, transfer, disclosure, and protection of personal information and other data. Many of these laws are subject to change and could result in claims, changes to our business practices, monetary penalties, increased cost of operations, which may harm our business.
11. There are no listed players in India or globally which operate in a similar business model as ours.
12. **Offer related risk:** We will not receive any proceeds from the Offer for Sale portion and the same will be received by the Selling Shareholders.
13. Price/Earning (P/E) ratio based on diluted EPS for Financial Year 2025 is 64.15 and 67.37 times at the lower and upper end of the Price Band. P/E ratio of NIFTY 50 as of February 3, 2026 is 22.35.
14. Weighted Average Return on Net Worth for Financial Year ended 2025, 2024 and 2023 is 7.4%.
15. The average cost of acquisition per Equity Share by the Selling Shareholders as on the date of the Red Herring Prospectus is as follows and upper end of the price band is ₹ 900 per Equity Share:

Name	Number of Equity Shares held	Average cost of acquisition per Equity Share (in ₹)*
Quinag Bidco Ltd	31,666,210	173
TPG Fett Holdings Pte. Ltd.	43,292,610	642
Satya Kumari Remala and Rao Venkateswara Remala	530,700	2
GLM Family Trust	26,482,780	Nil**

As certified by Nikunj Raichura & Associates, Chartered Accountants, by way of their certificate dated February 3, 2026.

** For the purpose of calculating the average cost of acquisition per equity share, only those shares that were purchased or acquired by the respective Selling Shareholders have been considered; shares that were sold or transferred have been excluded.*

*** The shareholder was allotted equity shares as a gift and subsequently received bonus shares issued by the Company on July 29, 2025. In the absence of any purchase transaction, no weighted average price is attributable to these holdings.*

16. **Weighted average cost of acquisition of all equity shares transacted in the last one year, 18 months and three years preceding the date of the Red Herring Prospectus.**

Period	Weighted average cost of acquisition (₹)^##	Cap Price is 'X' times the weighted average cost of acquisition	Range of acquisition price: lowest price-highest price (₹)^###
Last one year preceding the date of the Red Herring Prospectus	83^	10.84	Nil^## - 644
Last 18 months preceding the date of the Red Herring Prospectus	98^	9.18	Nil^## - 644
Last three years preceding the date of the Red Herring Prospectus	33^	27.27	Nil^## - 702

^As certified by Nikunj Raichura & Associates, Chartered Accountants, by way of their certificate dated February 3, 2026.

Acquisition price of bonus shares has been considered as Nil.

Adjusted to give impact of bonus issuance by our Company.

^On January 23, 2026 all outstanding CCPS were converted into equity shares pursuant to resolution passed by our Board of Directors dated January 23, 2026 in accordance with the terms of issue. Our Company has not considered the same as a separate transaction in the above table.

17. The 4 BRLMs associated with the Offer have handled 88 public issues in the past three years, out of which 17 issues have closed below the issue price on the listing date

Name of the BRLMs	Total Public Issues	Issues closed below the issue price on listing date
Kotak Mahindra Capital Company Limited*	21	5
Morgan Stanley India Company Private Limited*	-	-
Axis Capital Limited*	35	7
Goldman Sachs (India) Securities Private Limited*	-	-
Common Issues handled by the BRLMs	32	5
Total	**88**	**17**

**Issues handled where there were no common BRLMs.*

ADDITIONAL INFORMATION FOR INVESTORS

1. **The Company has not undertaken a pre-IPO placement.**
2. **The Promoters or members of the Promoter Group have not undertaken any transaction of shares aggregating up to 1% or more of the paid-up equity share capital of the Company from the Draft Red Herring Prospectus till date.**
3. **The aggregate Equity shareholding and percentage of the pre-Offer paid-up Equity Share capital and post-Offer Equity shareholding, of our Promoter, members of our Promoter Group and top 10 Shareholders (apart from Promoters and members of the Promoter Group) of our Company.**

BASIS FOR OFFER PRICE

*(The **"Basis for Offer Price"** section on 220 of the RHP will be updated with the above price band. Please refer to the websites of the BRLMs:* https://investmentbank.kotak.com, www.morganstanley.com, www.axiscapital.co.in and www.goldmansachs.com, respectively, *for the "Basis for Offer Price" updated with the above price band)* (you may scan the QR code for accessing the website of Kotak Mahindra Capital Company Limited)

ASBA# Simple, Safe, Smart way of Application!!!

\# Applications supported by blocked amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account. For further details, check section on ASBA.

Mandatory in public issues. No cheque will be accepted.

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

UPI-Now available in ASBA for Retail Individual Investors and Non - Institutional Investor applying for amount upto ₹ 5,00,000/-, applying through Registered Brokers, DPs and RTAs. UPI Bidder also have the option to submit the application directly to the ASBA Bank (SCSBs) or to use the facility of linked online trading, demat and bank account. Investors are required to ensure that the bank account used for bidding is linked to their PAN. Bidders must ensure that their PAN is linked with Aadhaar and are in compliance with CBDT notification dated February 13, 2020, issued by the Central Board of Direct Taxes and the subsequent press releases, including press releases dated June 25, 2021 and September 17, 2021 and CBDT circular no.7 of 2022, dated March 30, 2022 read with press release dated March 28, 2023 and any subsequent press releases in this regard.

ASBA has to be availed by all the investors except Anchor Investors. UPI may be availed by (i) Retail Individual Investors in the Retail Portion; (ii) Non-Institutional Investors with an application size of up to ₹ 0.50 million in the Non-Institutional Portion. For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in ASBA form and abridged prospectus and also please refer to the section **"Offer Procedure"** on page 578 of the RHP. The process is also available on the website of Association of Investment Bankers of India ("AIBI") and Stock Exchanges and in the General Information Document. ASBA bid-cum-application forms can be downloaded from the websites of the Stock Exchanges and can be obtained from the list of banks that is displayed on the website of SEBI at www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes&intmId=35 and https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes&intmId=43, respectively as updated from time to time. For the list of UPI apps and banks live on IPO, please refer to the link: www.sebi.gov.in. UPI Bidders Bidding using the UPI mechanism may apply through the SCSBs and mobile applications whose names appear on the website of SEBI, as updated from time to time. Axis Bank Ltd, Kotak Mahindra Bank Limited and ICICI Bank Limited have been appointed as Sponsor Banks for the Offer, in accordance with the requirements of the SEBI Circular dated November 1, 2018 as amended. For Offer related queries, please contact the BRLMs on their respective email IDs as mentioned below. For UPI related queries, investors can contact NPCI at the toll free number: 18001201740 and mail Id: ipo.upi@npci.org.in.

An indicative timetable in respect of the Offer is set out below:

Submission of Bids (other than Bids from Anchor Investors):

Bid/Offer Period (except the Bid/Offer Closing Date)	
Submission and Revision in Bids	Only between 10.00 a.m. and 5.00 p.m. (Indian Standard Time ("IST")
Bid/Offer Closing Date*	
Submission of Electronic Applications (Online ASBA through 3-in-1 accounts) – For RIIs	Only between 10.00 a.m. and up to 5.00 p.m. IST
Submission of Electronic Applications (Bank ASBA through Online channels like Internet Banking, Mobile Banking and Syndicate UPI ASBA applications) where Bid Amount is up to ₹500,000)	Only between 10.00 a.m. and up to 4.00 p.m. IST
Submission of Electronic Applications (Syndicate Non-Retail, Non-Individual Applications)	Only between 10.00 a.m. and up to 3.00 p.m. IST
Submission of Physical Applications (Bank ASBA)	Only between 10.00 a.m. and up to 1.00 p.m. IST
Submission of Physical Applications (Syndicate Non-Retail, Non-Individual Applications of QIBs and Non-Institutional Investors where Bid Amount is more than ₹500,000)	Only between 10.00 a.m. and up to 12.00 p.m. IST
Modification/Revision/cancellation of Bids	
Upward Revision of Bids by QIBs and Non-Institutional Investors categories#	Only between 10.00 a.m. on the Bid/Offer Opening Date and up to 4.00 p.m. IST on Bid/Offer Closing Date
Upward or downward Revision of Bids or cancellation of Bids by RIIs	Only between 10.00 a.m. on the Bid/Offer Opening Date and up to 5.00 p.m. IST on Bid/Offer Closing Date

**UPI mandate end time and date shall be at 5:00 pm on the Bid/Offer Closing Date.*

#QIBs and Non-Institutional Investors can neither revise their bids downwards nor cancel/ withdraw their Bids.

Bid/Offer Period

Event	Indicative Date
Bid/Offer Opens on*	Monday, February 9, 2026
Bid/Offer Closes on	Wednesday, February 11, 2026#
Finalisation of Basis of Allotment (with the Designated Stock Exchange)	On or about Thursday, February 12, 2026
Initiation of refunds (if any, for Anchor Investors) / unblocking of funds from ASBA Account^	On or about Friday, February 13, 2026
Credit of Equity Shares to (dematerialized accounts of Allottees)	On or about Friday, February 13, 2026
Commencement of trading of the Equity Shares on the Stock Exchanges)	On or about Monday, February 16, 2026

** Our Company, in consultation with the Book Running Lead Managers, may consider participation by Anchor Investors. The Anchor Investor Bid/Offer Period shall be one Working Day prior to the Bid/Offer Opening Date in accordance with the SEBI ICDR Regulations.*

^ In case of (i) any delay in unblocking of amounts in the ASBA Accounts (including amounts blocked through the UPI Mechanism) exceeding two Working Days from the Bid/Offer Closing Date for cancelled / withdrawn / deleted ASBA Forms, the Bidder shall be compensated at a uniform rate of ₹100 per day or 15% per annum of the Bid Amount, whichever is higher from the date on which the request for cancellation/ withdrawal/ deletion is placed in the Stock Exchanges bidding platform until the date on which the amounts are unblocked (ii) any blocking of multiple amounts for the same ASBA Form (for amounts blocked through the UPI Mechanism), the Bidder shall be compensated at a uniform rate ₹100 per day or 15% per annum of the total cumulative blocked amount except the original application amount, whichever is higher from the date on which such multiple amounts were blocked till the date of actual unblock; (iii) any blocking of amounts more than the Bid Amount, the Bidder shall be compensated at a uniform rate of ₹100 per day or 15% per annum of the difference in amount, whichever is higher from the date on which such excess amounts were blocked till the date of actual unblock; (iv) any delay in unblocking of non-allotted/ partially allotted Bids, exceeding two Working Days from the Bid/Offer Closing Date, the Bidder shall be compensated at a uniform rate of ₹ 100 per day or 15% per annum of the Bid Amount, whichever is higher for the entire duration of delay exceeding two Working Days from the Bid/Offer Closing Date by the intermediary responsible for causing such delay in unblocking. The BRLMs shall, in their sole discretion, identify and fix the liability on such intermediary or entity responsible for such delay in unblocking. Further, the Bidder shall be compensated in the manner specified in the SEBI ICDR Master Circular, which for the avoidance of doubt, shall be deemed to be incorporated in the deemed agreement of the Company with the SCSBs, to the extent applicable.

#UPI mandate end time shall be at 5.00 pm on Bid/ Offer Closing Date, i.e., Wednesday, February 11, 2026.

THE EQUITY SHARES OF OUR COMPANY WILL GET LISTED ON MAIN BOARD PLATFORM OF THE STOCK EXCHANGES

In case of a revision in the Price Band, the Bid/Offer Period will be extended for at least three additional Working Days after such revision of the Price Band subject to the Bid/Offer Period not exceeding 10 Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar unforeseen circumstances, our Company may, for reasons to be recorded in writing, extend the Bid/Offer Period for a minimum of one Working Day, subject to the Bid/Offer Period not exceeding 10 Working Days. Any revision in the Price Band and the revised Bid/Offer Period, if applicable, will be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges, by issuing a public notice, and also by indicating the change on the respective websites of the BRLMs and at the terminals of the other members of the Syndicate and by intimation to the Designated Intermediaries and the Sponsor Banks, as applicable.

The Offer is being made in terms of Rule 19(2)(b) of the SCRR read with Regulation 31 of the SEBI ICDR Regulations. The Offer is being made through the Book Building Process, in compliance with Regulation 6(2) of the SEBI ICDR Regulations, where at least 75% of the Net Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers (**"QIBs"**) (the **"QIB Category"**), provided that our Company in consultation with the BRLMs, may allocate up to 60% of the QIB Category to Anchor Investors, on a discretionary basis (the **"Anchor Investor Portion"**), of which 40% shall be reserved as under: (i) 33.33% for domestic Mutual Funds; and (ii) 6.67% for Life Insurance Companies and Pension Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds, Life Insurance Companies and Pension Funds at or above the price at which Equity Shares are allocated to Anchor Investors. Any under-subscription in the reserved category specified in clause (ii) above may be allocated to domestic Mutual Funds. In the event of under-subscription or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the QIB Category (excluding the Anchor Investor Portion) (**"Net QIB Category"**). Further, 5% of the Net QIB Category shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only and the remainder of the QIB Category shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Category, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Category for proportionate allocation to QIBs. If at least 75% of the Net Offer cannot be Allotted to QIBs, then the entire application money will be refunded forthwith. Further, not more than 15% of the Net Offer shall be available for allocation to non-institutional investors (**"Non-Institutional Investors"** or **"NIIs"**) (the **"Non-Institutional Category"**) of which one-third of the Non-Institutional Category shall be available for allocation to Bidders with an application size of more than ₹200,000 and up to ₹1,000,000 and two-thirds of the Non-Institutional Category shall be available for allocation to Bidders with an application size of more than ₹1,000,000 provided under-subscription in either of these two sub-categories of the Non-Institutional Category may be allocated to Bidders in the other sub-category of the Non-Institutional Category in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. Further, not more than 10% of the Net Offer shall be available for allocation to retail individual investors (**"Retail Individual Investors"** or **"RIIs"**) (the **"Retail Category"**) in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. All Bidders (other than Anchor Investors) shall mandatorily participate in this Offer through the Application Supported by Block Amount (**"ASBA"**) process and shall provide details of their respective bank account (including UPI ID for UPI Bidders using UPI Mechanism) in which the Bid Amount will be blocked by the SCSBs or the Sponsor Banks, as the case may be. Anchor Investors are not permitted to participate in the Offer through the ASBA process. Further, [●] Equity Shares of face value ₹ 1 each, aggregating up to ₹600 million shall be made available for allocation on a proportionate basis to Eligible Employees applying under the Employee Reservation Portion, subject to valid Bids received from them at or above the Offer Price. For details, specific attention is invited to ***"Offer Procedure"*** on page 578 of the RHP.

Bidders/ Applicants should ensure that DP ID, PAN, Client ID and UPI ID (for UPI Bidders bidding through the UPI Mechanism) are correctly filled in the Bid cum Application Form. The DP ID, PAN and Client ID provided in the Bid cum Application Form should match with the DP ID, PAN, Client ID available in the Depository database, otherwise, the Bid cum Application Form is liable to be rejected. Bidders/ Applicants should ensure that the beneficiary account provided in the Bid cum Application Form is active. Bidders/Applicants should note that on the basis of the PAN, DP ID, Client ID and UPI ID (for UPI Bidders bidding through the UPI Mechanism) as provided in the Bid cum Application Form, the Bidder/Applicant may be deemed to have authorised the Depositories to provide to the Registrar to the Offer, any requested Demographic Details of the Bidder/Applicant as available on the records of the depositories. These Demographic Details may be used, among other things, for giving Allotment Advice or unblocking of ASBA Account or for other correspondence(s) related to the Offer. Bidders/Applicants are advised to update any changes to their Demographic Details as available in the records of the Depository Participant to ensure accuracy of records. Any delay resulting from failure to update the Demographic Details would be at the Bidders'/Applicants' sole risk. Investors must ensure that their PAN is linked with Aadhaar and are in compliance with CBDT notification dated February 13, 2020 and press release dated June 25, 2021, read with press release dated September 17, 2021 and CBDT circular no.7 of 2022, dated March 30, 2022 read with press release dated March 28, 2023 and any subsequent press releases in this regard.

Contents of the Memorandum of Association of our Company as regards its objects: For information on the main objects of our Company, please see the section ***"History and Certain Corporate Matters"*** on page 350 of the RHP. The Memorandum of Association of our Company is a material document for inspection in relation to the Offer. For further details, please see the section titled ***"Material Contracts and Documents for Inspection"*** on page 629 of the RHP.

Liability of the members of our Company: Limited by shares

Amount of share capital of our Company and Capital structure: As on the date of the RHP, the authorised share capital of the Company is ₹ 389,400,000 divided into 389,400,000 Equity Shares of face value ₹1 each, and the preference shares capital of the Company ₹50,600,000 divided into 50,600,000 CCPS of face value ₹1 each and the issued, subscribed and paid-up share capital of the Company is ₹ 160,556,718 divided into 160,556,718 Equity Shares of face value of ₹1 each. For details, please see the section titled ***"Capital Structure"*** on page 101 of the RHP.

Names of signatories to the Memorandum of Association of our Company and the number of Equity Shares subscribed by them: The initial signatories to the Memorandum of Association of our Company are Nilanjan Ray, Nirmal Raja Palaparthi, Pradeep Suryanarayana, Pranay Agrawal, Ramakrishna Reddy Dasari, Srikanth Velamakanni and Shalini Reddy Chanakura. For details of the share capital history of our Company, please see the section titled ***"Capital Structure"*** on page 101 of the RHP.

Listing: The Equity Shares offered through the Red Herring Prospectus are proposed to be listed on the Stock Exchanges. We have received in-principle approvals from BSE and NSE for the listing of the Equity Shares pursuant to their letters each dated October 14, 2025. For the purpose of the Offer, NSE is the Designated Stock Exchange. A signed copy of the Red Herring Prospectus and the Prospectus shall be filed with the RoC in accordance with Section 26(4) and Section 32 of the Companies Act, 2013. For details of the material contracts and documents that will be available for inspection from the date of the Red Herring Prospectus up to the Bid/Offer Closing Date, see ***"Material Contracts and Documents for Inspection"*** on page 629 of the RHP.

Disclaimer Clause of the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"): SEBI only gives its observations on the Offer documents and this does not constitute approval of either the Offer or the specified securities stated in the Offer Document. The investors are advised to refer to page 549 of the RHP for the full text of the disclaimer clause of SEBI.

Disclaimer Clause of NSE (Designated Stock Exchange) : It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to page 554 of the RHP for the full text of the Disclaimer Clause of NSE.

Disclaimer Clause of BSE: It is to be distinctly understood that the permission given by BSE should not in any way be deemed or construed that the Red Herring Prospectus has been cleared or approved by BSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Red Herring Prospectus. The investors are advised to refer to page 554 of the Red Herring Prospectus for the full text of the Disclaimer Clause of BSE.

General Risk: Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Offer unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Offer, including the risks involved. The Equity Shares have not been recommended or approved by SEBI, nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to ***"Risk Factors"*** on page 36 of the RHP.

BOOK RUNNING LEAD MANAGERS				REGISTRAR TO THE OFFER	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
kotak® Investment Banking	Morgan Stanley	AXIS CAPITAL	Goldman Sachs	MUFG MUFG Intime	**Somya Agarwal** Level 7, Commerz II, International Business Park, Oberoi Garden City, Off W. E. Highway, Goregaon (E), Mumbai - 400 063, Maharashtra, India **Tel:** +91 22 6850 5800 **E-mail:** investorrelations@fractal.ai
Kotak Mahindra Capital Company Limited 1st Floor, 27 BKC, Plot No. C – 27, 'G' Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051, Maharashtra, India **Tel:** +91 22 4336 0000 **E-mail:** fractal.ipo@kotak.com **Website:** https://investmentbank.kotak.com **Investor Grievance E-mail:** kmccredressal@kotak.com **Contact Person:** Ganesh Rane **SEBI Registration No.:** INM000008704	**Morgan Stanley India Company Private Limited** Altimus, Level 39 & 40, Pandurang Budhkar Marg, Worli, Mumbai - 400 018 Maharashtra, India **Tel:** +91 22 6118 1000 **E-mail:** fractalipo@morganstanley.com **Website:** www.morganstanley.com **Investor Grievance E-mail:** investors_india@morganstanley.com **Contact Person:** Sumit Kumar Agarwal **SEBI Registration No.:** INM000011203	**Axis Capital Limited** 1st Floor, Axis House, P.B. Marg, Worli, Mumbai - 400 025, Maharashtra, India **Tel:** +91 22 4325 2183 **E-mail:** fractal.ipo@axiscap.in **Website:** www.axiscapital.co.in **Investor Grievance E-mail:** complaints@axiscap.in **Contact Person:** Mayuri Arya **SEBI Registration No.:** INM000012029	**Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** 9th and 10th Floor, Ascent-Worli, Sudam Kalu Ahire Marg, Worli, Mumbai - 400 025, Maharashtra, India **Tel:** +91 22 6616 9000 **E-mail:** fractalipo@gs.com **Investor Grievance E-mail:** india-client-support@gs.com **Website:** www.goldmansachs.com **Contact Person:** Saurav S / Srishti Srivastava **SEBI Registration No.:** INM000011054	**MUFG Intime India Private Limited** *(Formerly Link Intime India Private Limited)* C-101, 1st Floor, 247 Park, Lal Bahadur Shastri Marg, Vikhroli (West), Mumbai - 400 083, Maharashtra, India **Tel:** +91 81081 14949 **E-mail:** fractal.ipo@in.mpms.mufg.com **Website:** https://in.mpms.mufg.com/ **Investor Grievance E-mail:** fractal.ipo@in.mpms.mufg.com **Contact Person:** Shanti Gopalkrishnan **SEBI Registration No:** INR000004058	Investors may contact the Company Secretary and Compliance Officer or the Registrar to the Offer in case of any pre-Offer or post-Offer related grievances including non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode, etc. For all Offer related queries and for redressal of complaints, Investors may also write to the BRLMs.

AVAILABILITY OF THE RHP: Investors are advised to refer to the RHP and the section titled ***"Risk Factors"*** on page 36 of the RHP, before applying in the Offer. A copy of the RHP shall be available on website of SEBI at www.sebi.gov.in, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com, respectively, and on the website of the Company at www.fractal.ai; and on the websites of the **BRLMs**, i.e. Kotak Mahindra Capital Company Limited, Morgan Stanley India Company Private Limited, Axis Capital Limited and Goldman Sachs (India) Securities Private Limited at https://investmentbank.kotak.com, www.morganstanley.com, www.axiscapital.co.in and www.goldmansachs.com, respectively.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS: A copy of the abridged prospectus shall be available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Offer at www.fractal.ai; https://investmentbank.kotak.com, www.morganstanley.com, www.axiscapital.co.in, www.goldmansachs.com and https://in.mpms.mufg.com/, respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS: Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **FRACTAL ANALYTICS LIMITED,** Tel: +91 22685 05800; **BRLMs : Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Tel: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Tel: +91 22 6118 1000; **Axis Capital Limited,** Tel: +91 22 4325 2183 and **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** Tel: +91 22 6616 9000 and **Syndicate Members: Kotak Securities Limited,** Tel: +91 22 62185410 at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Offer. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members: Almondz Global Securities Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Centrum Broking Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Private Limited, G Raj & Co. (Consultants) Limited, HDFC Securities Limited, ICICI Securities Limited, IDBI Capital Markets & Securities Limited, Innovate Securities Pvt Limited, Jhaveri Securities, JM Financial Services Limited, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Sec Pvt Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance, Mehta Equities Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, RR Equity Brokers Pvt Limited, SBICap Securities Limited, Sharekhan Limited, SMC Global Securities Limited, Tanna Financial Services, YES Securities (India) Limited.

Public Offer Account Bank: Axis Bank Ltd • **Escrow Collection Banks :** Kotak Mahindra Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Bank : ICICI Bank Limited • **Sponsor Banks :** Axis Bank Ltd, Kotak Mahindra Bank Limited and ICICI Bank Limited

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

For **FRACTAL ANALYTICS LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Somya Agarwal
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Mumbai
Date: February 6, 2026

FRACTAL ANALYTICS LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC and the Stock Exchanges on February 2, 2026. The RHP shall be available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, and is available on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com, respectively, on the website of the Company at www.fractal.ai and the websites of the BRLMs, i.e., Kotak Mahindra Capital Company Limited, Morgan Stanley India Company Private Limited, Axis Capital Limited and Goldman Sachs (India) Securities Private Limited at https://investmentbank.kotak.com, www.morganstanley.com, www.axiscapital.co.in and www.goldmansachs.com respectively. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, see ***"Risk Factors"*** beginning on page 36 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges, and should instead rely on their own examination of our Company and the Offer, including the risks involved, for making any investment decision.

The Equity Shares offered in the Offer have not been, and will not be, registered under the United States Securities Act of 1933, as amended (the **"U.S. Securities Act"**) or any other applicable law of the United States and, unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (a) within the United States only to persons reasonably believed to be "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to the registration requirements of the U.S. Securities Act and (b) outside the United States in offshore transactions as defined in and in compliance with Regulation S and the applicable laws of the jurisdiction where those offers and sales are made. The Equity Shares have not been and will not be registered, listed or otherwise qualified in any other jurisdiction outside India and may not be offered or sold, and Bids may not be made by persons in any such jurisdiction, except in compliance with the applicable laws of such jurisdiction.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: shailesh.pudke@timesofindia.com Time: 02-08-2026 23:23 Color:

महानगर > मुंबई > सोमवार, 9 फरवरी 2026 > माघ 20 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082
WATCH GOD WATCHDOG
वर्ष 77, संख्या 33 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT
नवभारत टाइम्स

वैलंटाइंस वीक Chocolate Day आज

DSP मोहम्मद सिराज रिपोर्टिंग सर...
p8

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 2, 8, 10

GOOD न्यूज
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-7

अंतर्ज्ञान

अकेलापन केवल खालीपन नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर प्रवेश करने का दरवाजा है। दुनिया की भीड़ हमारी चेतना को बिखेरती है, लेकिन अकेलापन उसे केंद्रित करता है। कुछ समय अकेले बिताना अपने मन को फिर से सयोजित करने जैसा है। अकेलापन वह स्थान है, जहां आत्मा अपनी खोई हुई आवाज फिर से पाती है। अकेलापन भाग्य का दंड नहीं, साधक का वरदान है। इसी के भीतर रचनात्मकता और आत्म-ज्ञान जन्म लेता है। जो अकेलेपन से मित्रता कर लेता है, वह जीवन की भीड़ में कभी खोता नहीं। इसलिए अगर शहर में रहते हो, तो अकेलेपन की तलाश करो और मिल जाए तो उसे अपना रोज का अड्डा बना लो।

किसी भी जाति का हो सकता है RSS का प्रमुख: भागवत

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई:

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि ब्राह्मण होना योग्यता नहीं है, किसी भी जाति का व्यक्ति RSS का सर संघचालक बन सकता है। मुंबई में RSS शताब्दी समारोह के तहत आयोजित 'मुंबई व्याख्यानमाला' में भागवत ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि संघ में अनुसूचित जाति या जनजाति से होना कोई रुकावट नहीं है। एससी/एसटी वर्ग का व्यक्ति भी इस पद पर पहुंच सकता है। जब RSS की स्थापना हुई थी, तब समाज में पढ़े-लिखे और संगठित तबके में ब्राह्मणों की संख्या अधिक थी, इसलिए शुरुआती वर्षों में संघ में भी उनकी भागीदारी ज्यादा दिखी। सवाल-जवाब सत्र के दौरान भागवत ने कहा कि अगर संघ उन्हें पद से हटने के लिए कहेगा, तो वह इस्तीफा दे देंगे। संगठन ने ही उनसे काम करने के लिए कहा है। कहा जाता है कि 75 वर्ष की आयु के बाद किसी को पद धारण किए बिना काम करना चाहिए। मैंने 75 वर्ष पूरे कर लिए और RSS को इसकी सूचना भी दे दी थी। लेकिन संगठन ने मुझसे काम जारी रखने को कहा। ▸▸पेज 3

बोले- अगर RSS कहेगा, तो पद छोड़ने के लिए तैयार



शताब्दी समारोह: 'मुंबई व्याख्यानमाला' को संबोधित करते भागवत।

'सावरकर को भारत रत्न मिला तो...'

भागवत ने कहा कि यदि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया जाता है, तो यह सम्मान खुद इस पुरस्कार की गरिमा को बढ़ाएगा। उन्हें किसी पुरस्कार की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे पहले ही देशवासियों के दिलों में स्थान बना चुके हैं। भागवत ने भारत रत्न दिए जाने में हो रही देरी पर कहा कि अगर किसी से मुलाकात होगी, तो जरूर पूछूंगा कि इसमें देरी क्यों हो रही है।

'वास्तविक इस्लाम का अनुसरण हो'

भागवत ने कहा कि इस्लाम को शांति का धर्म कहा जाता है, लेकिन शांति दिखाई नहीं देती। अगर धर्म में आध्यात्मिकता न हो, तो वह प्रभुत्वशाली और आक्रामक हो जाता है। वर्तमान में इस्लाम और ईसाई धर्म में जो कुछ देखा जा रहा है, वह ईसा मसीह और पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं के अनुसार नहीं है। हमें वास्तविक इस्लाम और ईसाई धर्म के अनुसरण की आवश्यकता है।

फिल्म जगत की हस्तियों ने लगाई हाजिरी

RSS के शताब्दी वर्ष समारोह में जहां शनिवार को अभिनेता सलमान खान पहुंचे थे, वहीं रविवार को कई अन्य सितारों ने हाजिरी लगाई। इस कार्यक्रम में अक्षय कुमार, रणबीर कपूर, रवीना टंडन, विकी कौशल, अनन्या पांडे, करण जौहर, मधुर भंडारकर, रमेश तौरानी, विपुल शाह, महेश मांजरेकर और पंडित हृदयनाथ मंगेशकर सहित कई दिग्गज हस्तियां मौजूद थीं।

मलयेशिया में मोदी बोले, आतंकवाद के मामले में कोई समझौता संभव नहीं

■ पीटीआई, कुआलालंपुर (मलयेशिया)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और मलयेशिया के संबंध आने वाले समय में और ज्यादा मजबूत होंगे। मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा, 'आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का रुख बिल्कुल साफ है। आतंकवाद पर न कोई समझौता होगा और न ही दोहरे मापदंड अपनाए जाएंगे।'

मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष इंडो-पैसिफिक में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की भी सराहना की। मोदी ने मलयेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने का भी ऐलान किया। वहीं, मलयेशिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार और उसमें भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपने समर्थन को भी दोहराया। पीएम ने भारत-मलयेशिया संबंधों को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जुड़ाव का मजबूत आधार बताया। कुआलालंपुर में उन्होंने कहा कि दोनों देश तमिल भाषा के प्रति साझा स्नेह से जुड़े हैं। ▸▸पेज 10

भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में मलयेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

> मलयेशिया जैसे मित्र देशों के सहयोग से भारत आसियान के साथ संबंधों को और अधिक बढ़ाएगा। -नरेंद्र मोदी, पीएम

दोनों देशों के बीच हुए 11 समझौते

दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की बातचीत के बाद 11 समझौते और दस्तावेजों पर साइन किए गए। इनमें व्यापार और निवेश, रक्षा, ऊर्जा, विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्र शामिल हैं। रक्षा सहयोग को भी आगे बढ़ाने पर दोनों पक्ष सहमत हुए। संयुक्त बयान में दोनों पीएम ने आतंकवाद के सभी रूपों, विशेषकर सीमा पार आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की और जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने पर जोर दिया। आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक, कट्टरपंथ और हिंसक उग्रवाद से निपटने, आतंकवादी गतिविधियों में नई और उभरती तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने के लिए वैश्विक सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

फटाफट खबरें

सूरजकुंड हादसे में दो आरोपी हुए गिरफ्तार

सूरजकुंड मेले में झूला गिरने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें झूला संचालित करने वाली हिमालय फन फेयर कंपनी के मालिक मोहम्मद शाकिर और झूला प्रोवाइडर नितेश शामिल हैं। शाकिर पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई गई है। शनिवार को हुए हादसे में हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर की मौत हो गई थी। ▸▸पेज 10

पप्पू यादव को मिला केंद्रीय मंत्री का समर्थन

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के समर्थन में आ गए हैं। रविवार को केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पप्पू यादव को कथित तौर पर पटना में NEET की तैयारी कर रही लड़की की संदिग्ध मौत का मामला सक्रिय रूप से उठाने पर गिरफ्तार किया गया है। उन्हें एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह एक कानूनी मामला है, इसलिए वह इस पर अभी कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। उधर, कांग्रेस ने 30 साल से अधिक पुराने मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को पटना में प्रदर्शन किया।

मौसम

कोलाबा	32.3	22.0
सांताक्रुज	34.5	19.2
सूर्यास्त सोमवार	6:36 बजे	
सूर्योदय मंगलवार	7:10 बजे	

BJP का समर्थन करने पर AIMIM ने पार्षद को निकाला

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर : AIMIM ने अमरावती नगर निकाय में महापौर चुनाव के लिए बीजेपी उम्मीदवार का समर्थन करने पर पार्षद मीरा कांबले को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

AIMIM नेता इम्तियाज जलील ने बताया, शुक्रवार को हुए महापौर और उप-महापौर चुनावों में तटस्थ रहने का फैसला किया था। लेकिन कांबले ने पार्टी के रुख को नजरअंदाज करते हुए बीजेपी के महापौर पद के उम्मीदवार श्रीचंद तेजवानी का समर्थन किया। जलील ने बताया, इस घटना के मद्देनजर पार्टी ने कांबले को निष्कासित कर दिया है और उन्हें अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमरावती में पार्टी के पदाधिकारियों व नेताओं को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

अमरावती नगर-निगम में महापौर पद के चुनाव का मामला

बेटे के सामने मतदान

छत्रपति संभाजीनगर जिले के पैठण में शनिवार को जिला परिषद चुनाव के दौरान शिवसेना विधायक विलास भुमरे द्वारा अपने नाबालिग बेटे की मौजूदगी में मतदान करने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया, इस संबंध में जांच के आदेश दिए गए हैं। घटना का विडियो वायरल हो गया है।

यूनिवर्सल किडनी की दिशा में बड़ी कामयाबी

ब्लड ग्रुप नहीं बनेगा किडनी ट्रांसप्लांट के केस में बड़ी रुकावट!

किसी भी ब्लड ग्रुप के डोनर की किडनी किसी भी मरीज को लगाई जा सकेगी

कनाडा और चीन के वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम ने की रिसर्च, किया गया परीक्षण

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: किडनी ट्रांसप्लांट को लेकर वैज्ञानिकों ने एक बड़ी और उम्मीद जगाने वाली सफलता हासिल की है। सालों की मेहनत के बाद शोधकर्ता अब उस मुकाम के करीब पहुंच गए हैं, जहां किसी भी ब्लड ग्रुप के डोनर की किडनी किसी भी मरीज को लगाई जा सकेगी। इससे किडनी के लिए लंबी वेटिंग लिस्ट कम होगी और हजारों जानें बच सकती हैं।

कनाडा और चीन के वैज्ञानिकों की एक संयुक्त टीम ने रिसर्च में ऐसी यूनिवर्सल किडनी तैयार की है, जिसे सैद्धांतिक तौर पर किसी भी मरीज के शरीर में लगाया जा सकता है। इस किडनी को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति के शरीर में टेस्ट किया गया, जहां यह कई दिनों तक जिंदा रही और सामान्य रूप से काम भी करती रही। परिवार की सहमति से यह रिसर्च की गई थी। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के वैज्ञानिक स्टीफन विदर्स के मुताबिक, यह पहली बार है जब इंसान के मॉडल में यह तकनीक काम करते देखी है।

प्रक्रिया मौजूद, लेकिन महंगी और रिस्की

अभी अलग ब्लड ग्रुप में किडनी ट्रांसप्लांट करना संभव है, लेकिन इसके लिए मरीज के शरीर को पहले तैयार करना पड़ता है ताकि वह किडनी को रिजेक्ट न करे। यह प्रक्रिया लंबी, महंगी, जोखिम भरी होती है और ज्यादातर मामलों में लिविंग डोनर की जरूरत पड़ती है। इसलिए यह तरीका सभी लोगों के लिए व्यावहारिक नहीं है। होता यह है कि जिनका ब्लड ग्रुप O होता है, उन्हें ज्यादातर सिर्फ O ग्रुप की किडनी का ही इंतजार करना पड़ता है। ऐसे मरीज वेटिंग लिस्ट में सबसे ज्यादा होते हैं, लेकिन O ग्रुप की किडनी की संख्या कम होती है, क्योंकि वही किडनी दूसरे ब्लड ग्रुप के मरीजों में भी लग सकती है। इसी वजह से इंतजार बहुत लंबा हो जाता है।

जिला परिषद के चुनाव परिणाम आज आएंगे

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई : राज्य के 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों का चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित किए जाएंगे। रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे, सातारा, सांगली, सोलापुर, कोल्हापुर, छत्रपति संभाजीनगर, परभणी, धाराशिव और लातूर की जिला परिषदों तथा उनके अंतर्गत आने वाली पंचायत समितियों में प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान हुआ है। इस चुनाव में 731 जिला परिषद सीट के लिए कुल 2624 उम्मीदवार मैदान में हैं। 1,462 पंचायत समिति सीट के लिए 4,814 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसके लिए शनिवार को मतदान हुए थे। अजित पवार के निधन के बाद हुए पहले चुनाव पर सभी निगाह टिकी हुई हैं।

भारत-US दोनों ने सुरक्षा उपाय रखे हैं: गोयल

■ पीटीआई, नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में किसानों और घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। गोयल ने कहा, 'भारत और अमेरिका दोनों ने कुछ विशिष्ट उत्पादों को लेकर संवेदनशील हैं और उन उत्पादों के लिए दोनों पक्षों ने सुरक्षा उपाय रखे हैं।'

भारतीय किसानों को नहीं होगा किसी तरह का नुकसान

गोयल ने कहा कि टैरिफ 18% किए जाने के बाद भारतीय सामान को अमेरिकी बाजारों में चीन और दूसरे प्रतिस्पर्धी देशों के उत्पादों की तुलना में फायदा मिलेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के आरोप खारिज करते हुए कहा, 'इस समझौते में ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं किया गया है, जिससे भारतीय किसानों को जरा भी नुकसान हो। सभी संवेदनशील वस्तुओं को समझौते से पूरी तरह बाहर रखा गया है।' ▸▸पेज 10

उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-US दोनों ही देश संवेदनशील हैं।

> भारत ने डेयरी, GM प्रोडक्ट, मांस, मुर्गी पालन, सोया मील और मक्का पर किसी भी प्रकार के टैरिफ की छूट नहीं दी है। -पीयूष गोयल

पैक्स सिलिका पहल से उत्साहित: US

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क: अमेरिका ने कहा है कि वह एक सप्लाई चेन सिक्योरिटी से जुड़ी 'पैक्स सिलिका' पहल में शामिल होने के लिए भारत को दिए गए न्योते से बेहद उत्साहित है। अमेरिका जल्द भारत सरकार के साथ इस पर हस्ताक्षर करेगा। अमेरिका ने पिछले साल दिसंबर में 'पैक्स सिलिका' की शुरुआत की थी। इसमें महत्वपूर्ण खनिजों और ऊर्जा इनपुट से लेकर अडवांस मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, AI इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक तक सब कुछ शामिल है।

'राजमाता जिजाऊ' नाम से चलेंगी 55 मॉडर्न बसें

मार्च से कई फेज में पूरे राज्य में होगी शुरुआत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

महाराष्ट्र के शानदार इतिहास में आधुनिकता जोड़ते हुए महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (ST) के बेड़े में जल्द ही नई बसें 'राजमाता जिजाऊ' शामिल की जाएंगी, ताकि यात्रियों को भीड़भाड़ वाले रूट पर खड़े होकर सफर न करना पड़े। ये बसें मुंबई, पुणे, नागपुर, नासिक जैसे बड़े शहरों को आपस में जोड़ेंगी। बता दें कि इससे पहले भी एसटी शिवनेरी, शिवशाही, शिवाई, यशवंती, हिरकणी नामक बसें चला चुका है। अब इस परंपरा में एक और बड़ा नाम जुड़ गया है।

नई बसें 3 बाय 2 लेआउट मॉडल में खरीदी गई हैं। इन बसों का नाम 'राजमाता जिजाऊ' रखा गया है। यह नाम हिंदवी स्वराज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की मां के नाम पर रखा गया है। राज्य के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर और एसटी कॉर्पोरेशन के चेयरमैन प्रताप सरनाईक ने कहा कि ये बसें मार्च से अलग-अलग फेज में पूरे राज्य में यात्रियों की सेवा में शुरू की जाएंगी। यह बसें नारंगी और सफेद रंग की होंगी, जो महाराष्ट्र की परंपरा और शान की चलती-फिरती और बोलती हुई प्रतीक साबित होंगी।

मिलेंगी ये सुविधाएं

1. इन बसों में 40 की बजाय 55 यात्री बैठ सकेंगे।
2. आरामदायक रिक्लाइनर सीट्स होंगी।
3. एसी की सुविधा मौजूद रहेगी, चार्जर पॉइंट्स दिए जाएंगे।
4. LED की सुविधा रहेगी, खानपान भी उपलब्ध कराया जाएगा।

अधिक लोग कर सकेंगे सफर

अभी की बसों में लगभग 40 यात्रियों के बैठने की जगह होती है। वहीं नई बसों में 55 यात्री आराम से बैठ सकेंगे। यानी, भीड़भाड़ वाले रूट पर जो लोग अब तक खड़े होकर यात्रा करते थे, उनमें से कुछ और लोगों को सीट मिल सकेगी। फिलहाल एसटी का इरादा यह सर्विस खासकर उन 2 शहरों के बीच चलाने का है, जिन रूट्स पर भीड़भाड़ ज्यादा है।

> शिवाजी महाराज पूरे महाराष्ट्र के लिए देवता हैं। उनके स्वराज्य के कॉन्सेप्ट के पीछे की प्रेरणा राजमाता जिजाऊ साहेब हैं। इसलिए एसटी की नई बसों का नाम उनकी याद में रखा गया है। -प्रताप सरनाईक, परिवहन मंत्री

स्पष्टीकरण बौद्ध धर्मगुरु के ऑफिस ने किसी भी तरह के संबंध से किया इनकार

दलाई लामा के कार्यालय ने खारिज़ की जेफ्री एपस्टीन से मिलने की बात

■ आईएएनएस, धर्मशाला: दलाई लामा के ऑफिस ने रविवार को स्पष्ट किया कि तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु का दोषी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से कोई संबंध नहीं रहा। वह उनसे कभी मिले भी नहीं। बयान में उन मीडिया रिपोर्ट्स को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है, जिनमें दलाई लामा और जेफ्री एपस्टीन के बीच किसी भी तरह के संबंध की बात कही गई है। दरअसल, कई मीडिया आउटलेट्स ने संयुक्त राज्य अमेरिका न्याय विभाग (डीओजे) के डॉक्यूमेंट्स का हवाला देते हुए कहा था कि दलाई लामा का नाम बहुत चर्चित एपस्टीन फाइलों में 169 बार आया है। हालांकि, तिब्बती धर्मगुरु के दफ्तर ने ऐसे किसी भी आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है।

यह है पूरा मामला

कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक बौद्ध धर्मगुरु का नाम कथित तौर पर कई व्यक्तिगत ईमेल और 'मसाज फॉर डमीज' नाम की किताब के इंडेक्स में आया था, जिसे एपस्टीन केस रिकॉर्ड के हिस्से के तौर पर पहले जारी फाइलों में स्कैन किए गए डॉक्यूमेंट के तौर पर शामिल किया गया था। इन दावों की चर्चा होने के बाद दलाई लामा के ऑफिस ने एक बयान जारी कर किसी भी कथित लिंक को साफ तौर पर खारिज किया।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 02-08-2026 23:29 Color:



महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। -p3

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के बोरीवली (पश्चिम) में बीते 5 दिनों तक वैराग्य, संयम और आत्मशुद्धि का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। -p4

165 रहा मुंबई का AQI रविवार को, जो अनहेल्दी है।

19.2 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया रविवार को। दिन में उमस महसूस की गई।

www.mumbai.nbt.in

NBT NO टेंशन

फिजिक्स में थ्योरी और न्यूमेरिकल्स से बनता है बेहतर स्कोर

ऐसे बनाएं परीक्षा की रणनीति

- सालभर जिस किताब से पढ़ाई की है, उसी पर भरोसा रखें।
- उपलब्ध समय को चैप्टर्स के अनुसार विभाजित करें।
- टेक्स्टबुक में दिए गए सॉल्व्ड न्यूमेरिकल्स का अभ्यास करें।
- पिछले 5 वर्षों के प्रश्न-पत्र हल करें।
- सभी परिभाषाएं और महत्वपूर्ण फॉर्मूले नोट करें।

12वीं की पढ़ाई का मज़बूत आधार है फिज़िक्स, सही तैयारी से बेहतर परिणाम

Navin.Pandey@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** साइंस स्ट्रीम में पढ़ने वाले बारहवीं के स्टूडेंट्स के लिए फिजिक्स की बोर्ड परीक्षा बेहद अहम होती है। जो स्टूडेंट्स आगे चलकर इंजिनियरिंग या मेडिकल जैसे प्रोफेशनल कोर्स करना चाहते हैं, उनके लिए यह विषय आगे की पढ़ाई की मजबूत नींव तैयार करता है। महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की फिजिक्स की लिखित परीक्षा 70 अंकों के लिए 16 फरवरी को आयोजित की जाएगी, जबकि 30 अंकों की प्रैक्टिकल परीक्षा पहले हो हो चुकी है। कई स्टूडेंट्स फिजिक्स को कठिन विषय मानकर तनाव में आ जाते हैं, लेकिन सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स का कहना है कि यदि इस विषय को सही तरीके से समझकर पढ़ा जाए, तो इसमें अच्छे अंक हासिल करना पूरी तरह संभव है। सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स से बातचीत के आधार पर प्रस्तुत ये सुझाव स्टूडेंट्स को परीक्षा की तैयारी आसान बनाने में मदद करेंगे।

AI Image

पेपर स्ट्रक्चर ऐसे समझें: सब्जेक्ट एक्सपर्ट विभूति नारायण पांडेय के अनुसार, 12वीं की फिजिक्स की लिखित परीक्षा को 4 सेक्शन में बांटा गया है। पहले सेक्शन में 2 प्रश्न शामिल होते हैं। इसी सेक्शन के दूसरे प्रश्न में 1-1 अंक के 8 छोटे उपप्रश्न होते हैं। वहीं, दूसरे सेक्शन में प्रश्न क्रमांक 3 से 14 तक शामिल होते हैं। तीसरे सेक्शन में 3-3 अंकों के प्रश्न पूछे जाते हैं। अंतिम सेक्शन में प्रश्न क्रमांक 27 से 31 तक 4-4 अंकों के प्रश्न होते हैं।

इतने अंकों के प्रश्न

फिजिक्स की परीक्षा में रोटेशनल डायनामिक्स, मैकेनिकल प्रॉपर्टीज ऑफ फ्लुइड्स, काइनेटिक थ्योरी ऑफ गैसेस, रेडिएशन और थर्मोडायनामिक्स जैसे अध्यायों से लगभग 5-5 अंक के अनिवार्य प्रश्न आते हैं, जबकि विकल्प सहित यह भार 7 अंकों तक पहुंच जाता है। ऑसिलेशंस और सुपरपोजीशन ऑफ वेव्स से 4-4 अंक के प्रश्न पूछे जाते हैं। इसी तरह, मैग्नेटिक मैटेरियल्स से 4 (5), इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन से 5 (7), एसी सर्किट्स से 4 (6), ड्यूल नेचर ऑफ रेडिएशन एंड मैटर से 4 (5), एटम्स और न्यूक्लियाई की संरचना से 4 (6) तथा सेमीकंडक्टर डिवाइसेस से 4 (5) अंक के प्रश्न विकल्प सहित शामिल होते हैं।

सफलता की कुंजी

सब्जेक्ट एक्सपर्ट संजीव तिवारी के अनुसार, फिजिक्स में बेहतर अंक पाने के लिए पाठ्यपुस्तक में दिए गए सॉल्व्ड उदाहरणों और न्यूमेरिकल्स का अभ्यास जरूरी है। यदि इन न्यूमेरिकल्स को समझकर स्वयं हल करने की आदत डाल लें, तो बेहतर अंक हासिल कर सकते हैं। न्यूमेरिकल्स हल करते समय सही फॉर्मूला लिखना और पूरे स्टेप्स स्पष्ट रूप से दर्शाना जरूरी है। अंतिम उत्तर में सही यूनिट का उल्लेख करना भी अनिवार्य है। परीक्षा में न्यूमेरिकल्स हल करते समय पहले डाटा लिखें, फिर फॉर्मूला का प्रयोग करें, स्टेप-बाय-स्टेप उत्तर लिखें और अंत में सही यूनिट के साथ उत्तर प्रस्तुत करें।

"फिजिक्स में सफलता के लिए टेक्स्टबुक के सॉल्व्ड न्यूमेरिकल्स और कॉन्सेप्ट की स्पष्ट समझ जरूरी है। थ्योरी और न्यूमेरिकल्स दोनों पर समान ध्यान देने से परीक्षा में आत्मविश्वास बना रहता है।
- संजीव तिवारी, तुलसी मानस जूनियर कॉलेज

"जो स्टूडेंट्स परीक्षा से पहले नियमित रिवीजन और प्रश्न-पत्रों का अभ्यास करते हैं, उनके लिए फिजिक्स स्कोरिंग सब्जेक्ट बन जाता है। सही रणनीति ही बेहतर परिणाम की कुंजी है।
- विभूति नारायण पांडेय, आनंदी लाल पोद्दार जूनियर कॉलेज

35% वाहन 15 वर्ष से ज्यादा पुराने, बने सांसों के दुश्मन

14% तक वाहन होते हैं वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार | गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण में आधा रोल पुराने वाहनों का

मुद्दा पब्लिक का

Manish.Jha@timesofindia.com

मुंबई: देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में वाहन आधारित प्रदूषण को लेकर चिंता गहराती जा रही है। IIT बॉम्बे और CSIR-NEERI के अनुसार, कुल वायु प्रदूषण का 14% फ्यूल वाहन से फैलता है। वहीं, महाराष्ट्र परिवहन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई में चल रहे कुल वाहनों में करीब 35% वाहन 15 साल से अधिक पुराने हैं। इन वाहनों से होने वाले कुल प्रदूषण (PM2.5 उत्सर्जन) में यह 49% तक जिम्मेदार है। प्रदूषण विशेषज्ञ ऐसे वाहनों को 'सुपर एमिटर' श्रेणी में रख रहे हैं, क्योंकि इनसे निकलने वाला धुआं आधुनिक मानकों वाले वाहनों की तुलना में कई गुना अधिक है। मुंबई में वाहनों की बात करें, तो एक साल में इनकी संख्या 46 लाख से बढ़कर 53 लाख हो गई है। पिछले 7 वर्षों में वृद्धि दर प्रति वर्ष 6% से अधिक रही है। इससे सड़क पर वाहनों की घनत्व दर 2,648 वाहन प्रति किलोमीटर हो गई है।

मुंबई में कुल वाहन
50 लाख से अधिक
कारें : 15 लाख से अधिक
टू-वीलर: 29 लाख से अधिक
(सोर्स: RTO पोर्टल)

"वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए ट्रैफिक पुलिस प्रतिबद्ध है। 15 साल से अधिक पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने और स्क्रैप नीति को बढ़ावा देने पर काम जारी है। इन अभियानों का उद्देश्य वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करना है।
- अनिल कुंभारे, जॉइंट सीपी ट्रैफिक पुलिस

"अगर मुंबई को स्वच्छ हवा की दिशा में आगे बढ़ना है, तो पुराने वाहनों का प्रतिशत तेजी से घटाना, वाहनों की फिटनेस की सख्त जांच, बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे मोर्चों पर एक साथ काम करना होगा। ट्रैफिक से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकता है।
- अशोक दातार, ट्रैफिक ऐंड एनवायर्नमेंटल एक्सपर्ट

ये होगा समाधान...

पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ई-व्हीकल समाधान

पर्यावरण विशेषज्ञ विवेक पाई का कहना है कि सरकार को सड़कों पर वाहनों की संख्या कम करने के लिए कार पूलिंग और राइड-शेयरिंग सेवाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके अलावा सरकार को वायु प्रदूषण और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में निवेश करना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। हालांकि, बेस्ट द्वारा इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। सीएनजी बस और ऑटो चल रहे हैं, जबकि ई-टैक्सी और ई-टू-व्हीलर को प्रोत्साहन देने के लिए सब्सिडी और चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क पर काम जारी है।

मेट्रो नेटवर्क विस्तार आ सकता है काम

मेट्रो नेटवर्क विस्तार को भी निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने का बड़ा उपाय माना जा रहा है। इसके बावजूद पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण का सीधा असर बच्चों, बुजुर्गों और दमा के मरीजों पर पड़ रहा है। सांस, एलर्जी और फेफड़ों से जुड़ी शिकायतों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जो चिंता का विषय है। परिवहन विभाग को इस ओर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

ट्रैफिक और जाम से बढ़ रहा उत्सर्जन

01 परिवहन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 13 सालों में मुंबई में कारों की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है। 2012 में 6.2 लाख कारें थीं। अब बढ़कर 2025 में 15 लाख हो गई हैं यानी 13 साल में 142% की बढ़ोतरी हुई है। प्रति किलोमीटर 753 कारें सड़क पर दौड़ रही हैं, जबकि रोजाना 65 से 75 हजार अन्य वाहन सड़कों पर उतर रहे हैं। वेस्टर्न और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, लिंक रोड, एसवी रोड, एलबीएस समेत प्रमुख ट्रैफिक जंक्शनों पर लंबे जाम के कारण गाड़ियां काफी समय तक खड़ी रहती हैं, जिससे प्रति किलोमीटर वायु प्रदूषण (उत्सर्जन) और बढ़ जाता है।

02 ट्रांसपोर्ट एक्सपर्ट्स सुधीर बादामी के मुताबिक, धीमी रफ्तार वाला ट्रैफिक वायु प्रदूषण का बड़ा कारक है। हालांकि, प्रशासनिक कार्रवाई की बात करें, तो आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस ने प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ संयुक्त रूप से विशेष अभियान शुरू किया है। बिना वैध पीयूसी (पल्यूशन अंडर कंट्रोल) सर्टिफिकेट वाले वाहनों के खिलाफ चालान काटे जा रहे हैं। फिटनेस फेल कमर्शियल वाहनों को सड़क से हटाने की कार्रवाई हो रही है और अधिक धुआं छोड़ने वाले ट्रकों और बसों की स्पॉट जांच की जा रही है।

मैथिल रोजगार और उद्यमिता को मिलेगी नई उड़ान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मैथिल समाज में रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मैथिल समन्वय समिति की ओर से मुंबई बिजनेस कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह कॉन्क्लेव 14-15 फरवरी को मीरा रोड स्थित सेंट्रल पार्क में होगा। समिति के संरक्षक डॉ. संदीप झा ने बैठक में आयोजन की सफलता के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने व स्टॉल बुकिंग का लक्ष्य समय पर पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह कॉन्क्लेव मैथिल समाज के युवाओं व उद्यमियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा।

मेट्रो-2बी स्टेशन को मिला 'हरित स्टेशन' का दर्जा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) ने मेट्रो-2बी के पहले फेज के 5 स्टेशनों को हरित स्टेशन का दर्जा प्रदान कर दिया है।

पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मेट्रो स्टेशन का निर्माण करने की वजह से स्टेशनों को प्लेटिनम रेटिंग दी गई है। एमएमआरडीए के अनुसार, मेट्रो-2बी के डायमंड गार्डन, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, बीएसएनएल, मानखुर्द, मंडाले स्टेशन को हरित स्टेशन का दर्जा दिया गया है।

मेट्रो : ठाणे से कल्याण पहुंचने की अड़चन हुई दूर

कापूरबावडी जंक्शन की बिल्डिंग बन रही थी रोड़ा

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

■ **मुंबई :** मेट्रो के जरिए मुंबई और ठाणे से कल्याण तक की यात्रा करने की योजना बना रहे यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने मुंबई-ठाणे-कल्याण के बीच बन रहे मेट्रो को 2 लाइन को कनेक्ट करने की सबसे बड़ी अड़चन को दूर कर लिया है। जल्द ही मेट्रो-4 और मेट्रो-5 कॉरिडोर को कनेक्ट करने का काम पूरा कर लिया जाएगा। ठाणे के कापूरबावडी जंक्शन पर मेट्रो मार्ग पर आ रही बिल्डिंग की वजह से मेट्रो-4 को मेट्रो-5 से कनेक्ट करने का काम अटका हुआ था, लेकिन अब एमएमआरडीए ने बिल्डिंग को खाली कराकर उसे तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। बिल्डिंग के हटने से एमएमआरडीए की 2 अहम मेट्रो लाइनों को जोड़ने का काम जल्द पूरा हो सकेगा।

मेट्रो-4 और मेट्रो-5 की लाइन अब होंगी कनेक्ट

वडाला-कासारवडवली-गायमुख के बीच मेट्रो-4 व ठाणे-भिवंडी-कल्याण के बीच मेट्रो-5 कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है। मेट्रो-4 का सिविल कार्य 75% व मेट्रो-5 के पहले फेज के तहत ठाणे से भिवंडी के बीच मेट्रो मार्ग 95% से अधिक तैयार हुआ है।

मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए ट्रायल रन शुरू : ठाणे से भिवंडी के बीच के मेट्रो मार्ग पर अभी अंतिम फिनिशिंग का काम चल रहा है। एमएमआरडीए ने ठाणे के घोडबंदर रोड के 10 किमी मार्ग पर मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए ट्रायल रन शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ने कैडबरी जंक्शन से गायमुख के बीच 2026 में ही मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना बनाई है। मेट्रो-4 के मार्ग से मेट्रो-5 से कनेक्ट होने पर मेट्रो-5 के मार्ग पर भी जल्द मेट्रो के ट्रायल रन शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कारशेड की समस्या होगी हल

एमएमआरडीए ने मेट्रो-4 पर बगैर कारशेड के मेट्रो दौड़ाने का निर्णय लिया है। वहीं, मेट्रो-5 के पहले फेज के मार्ग के करीब कशेली में तेजी से मेट्रो कारशेड तैयार करने का काम चल रहा है। कशेली कारशेड कापूरबावडी से करीब 4-5 किमी की दूरी पर है। ऐसे में कशेली कारशेड का काम पूरा होने से एमएमआरडीए की मेट्रो-4 की कारशेड की समस्या भी हल हो जाएगी।

एयर क्वॉलिटी सुधारें, वरना भरें जुर्माना

मेट्रो और MMRDA के कॉन्ट्रैक्टर समेत अन्य बिल्डरों को चेतावनी

■ **अरविंद त्रिपाठी, कल्याण :** खराब होती एयर क्वॉलिटी को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट की गाइडलाइंस का पालन करने के लिए कल्याण डोंबिवली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने बिल्डरों के एसोसिएशन MCHI के साथ बैठक की। बैठक में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने सख्त निर्देश देते हुए कहा, कोर्ट द्वारा दी गई गाइडलाइंस का पालन करते हुए तुरंत एयर क्वॉलिटी सुधारने के उपाय किए जाएं, वरना मेट्रो और MMRD के कॉन्ट्रैक्टर समेत अन्य बिल्डर जुर्माना भरने के लिए तैयार रहें।

म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के अर्बन प्लानिंग डिपार्टमेंट के असिस्टेंट डायरेक्टर, अर्बन प्लानर संतोष डोईफोडे, एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट की एग्जिक्यूटिव इंजीनियर रोहिणी लोकरे, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के डिप्टी कमिश्नर रामदास कोकरे ने बिल्डरों के साथ बैठक की। म्युनिसिपल लिमिट में हाउसिंग कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट चल रहे हैं। वहीं, मेट्रो रेलवे और MMRDA के रोड डेवलपमेंट का काम चल रहा है, जिससे शहर में धूल के कारण लगातार एयर क्वालिटी खराब हो रही है। 1 फरवरी को कल्याण डोंबिवली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 126, 2 फरवरी को 126, 3 फरवरी को 95 और 4 फरवरी को 99 था। पिछले 3 दिनों में नगर-निगम ने धूल की मात्रा कम करने के लिए कड़ी मेहनत की है। 10 धूल और कचरा सक्शन मशीनें और 6 धूल दबाने वाली मशीनें काम कर रही हैं।

AI Image

KDMC ने दिए सख्त निर्देश

KDMC ने निर्देश दिया है कि बिल्डरों को अपनी कंस्ट्रक्शन साइट पर 25 फुट ऊंची बाड़ लगानी होगी। अगर कंस्ट्रक्शन साइट। एकड़ से ज्यादा है, तो साइट को 35 फुट की बाड़ लगाकर घेरें। धूल को उड़ने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव भी करते रहें। धूल की मात्रा दिए गए नियमों के अनुसार होनी चाहिए। अगर बिल्डर इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, नगर-निगम ने 3 बिल्डरों पर 50-50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। मुंबई नगर-निगम की सीमा में जुर्माने की रकम 5 करोड़ रुपये है।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr: राशि का स्वामी दशम प्रमुख कर्म-केंद्र भाव में चंद्र भी मकर राशि में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। जीवन साथी का सहयोग व सान्निध्य प्राप्त होगा। तृतीय भाव में बृहस्पति होने के कारण संतान पक्ष से आशा जनक समाचार मिल सकता है।

TAURUS 20 Apr - 19 May: आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा। संतान पक्ष से राहत मिलेगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun: राशि स्वामी के अष्टम भाव में होने के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा व किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम में कोई रुका काम पूरा होगा। रात में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

CANCER 22 Jun - 22 Jul: चंद्रमा चतुर्थ भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आर्थिक के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी। शाम से लेकर रात तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व शुभ समाचार मिलेगा।

LEO 23 Jul - 22 Aug: राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep: राशि स्वामी बुध पराक्रम वृद्धि कर रहा है। इससे रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक व सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद व मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ कार्यों में खर्च व कीर्ति की वृद्धि होगी।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct: आज आपके धर्म और सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्यटन यात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का पराभव होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov: आपकी राशि में मंगल शनि योग अभी कुछ दिन और चलेगा। फलस्वरूप कुछ आर्थिक विकार जुड़ जाना रहे हैं। आज का दिन अपनी जांच कराने और किसी अच्छे डॉक्टर से इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें। रोग की अवस्था में भी आपका चलना फिरना काफी ज्यादा हो गया है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec: आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan: आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बन रहा है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb: आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। आपकी राशि का स्वामी शनि अंतिम उदय चल रहा है। इसलिए निर्मूल विवाद, अकारण शत्रु से परेशानी, अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशा का भय हो सकता है। कोई विपरीत समाचार सुनकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar: आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कार्यों में व्यतीत होगा। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा मतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्र की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष मंगल, बुध और चंद्र के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। फरवरी के शेष दिनों में आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े लोगों को कई प्रकार की व्यावसायिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। 24 मार्च से 28 अप्रैल के बीच नए और लाभकारी अवसर प्राप्त होंगे तथा पिछले वर्ष के अधूरे प्रसंग भी सुलझते नजर आएंगे। मई माह में आर्थिक कष्ट कुछ चिंता बढ़ा सकते हैं, इसलिए खर्चों पर नियंत्रण जरूरी होगा। जून और जुलाई में किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ने के योग बनेंगे। अगस्त तक आपकी कार्यकुशलता, धैर्य और एकाग्रता से जोखिम भरे काम भी सरलता से पूरे होंगे। वर्ष के उत्तरार्ध में सितंबर से अक्टूबर तक जीवन स्तर में स्पष्ट सुधार आएगा और आपके कार्य की हर ओर प्रशंसा होगी। नवंबर से दिसंबर के बीच यदि मानसिक कष्ट या चिंता हो, तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना मुख देखकर, कटोरी सहित तेल को जरूरतमंद को दान करें। विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष अध्ययन, एकाग्रता और सफलता की दृष्टि से अत्यंत शुभ रहेगा।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग

(मंगलवार, 10 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 21, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण अष्टमी, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 28, शाबान 21, हिजरी 1447 (मुस्लिम) वद अनुसार अंग्रेजी तारीख 10 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल अपराह्न 3 बजे से 4 बजकर 30 मिनट तक। अष्टमी तिथि सुबह 7 बजकर 28 मिनट तक के बाद नवमी तिथि का आरंभ। विशाखा नक्षत्र सुबह 7 बजकर 55 मिनट तक के बाद अनुराधा नक्षत्र का आरंभ। ध्रुव योग अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 42 मिनट तक के बाद व्याघात योग का आरंभ। कौलव करण सुबह 7 बजकर 28 मिनट तक के बाद गर करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार जानकी व्रत।

सुडोकू

		8	6		7	2		
	9	5				4	8	
	2		5		6		3	
6		3		1		8		4
	1		8		2		5	
	8	9				1	6	
		2	1		4	3		

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	14:30 हम पांच
10:00 बदतूफ बुड्बक	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30 अलादीन	19:30 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	21:00 चौरस
13:30 भ से भड़े	

10वीं-12वीं परीक्षाओं पर होगा पुलिस का कड़ा पहरा

नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने किए सख्त इंतजाम | 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से 18 मार्च, 10वीं की 20 फरवरी से 18 मार्च तक

Navin.Pandey@TimesOfIndia.com

■ मुंबई : महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल-मुक्त कराने के लिए परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों, उपकेंद्रों और गोपनीय सामग्री संरक्षण केंद्रों पर पुलिस बंदोबस्त अनिवार्य रहेगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों को पत्र भेजकर जरूरी निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग के भेजे गए पत्र के मुताबिक, 12वीं की बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से 18 मार्च 2026 तक और 10वीं की परीक्षा 20 फरवरी 2026 से 18 मार्च 2026 के बीच आयोजित की जाएगी।

मुख्य परीक्षा केंद्र पर कम से कम 2 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

मुख्य परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा : मुख्य परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा-व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। हर मुख्य परीक्षा केंद्र पर कम से कम 2 पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। परीक्षा शुरू होने के एक दिन पहले से परीक्षा समाप्ति तक पुलिस बंदोबस्त रहेगा। मुख्य परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक, जबकि उपकेंद्रों पर सुबह 9:30 बजे से शाम 8 बजे तक पुलिस की मौजूदगी रहेगी।



परीक्षा कक्ष में बिना कारण प्रवेश वर्जित

शिक्षा विभाग ने पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पुलिसकर्मी परीक्षा कक्षों में बिना वजह प्रवेश न करें। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के भी निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर महिला पुलिसकर्मी की तैनाती अनिवार्य होगी। स्टूडेंट्स के परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले महिला पुलिस द्वारा तलाशी ली जाएगी। साथ ही, संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर जरूरत के अनुसार धारा 144 और मुंबई पुलिस अधिनियम की धारा 37 लागू की जाएगी। परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन, लैपटॉप, टैबलेट, फैक्स मशीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा।

सख्त निगरानी के दिए गए निर्देश

प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। प्रश्न-पत्रों का वितरण जिला-स्तरीय संरक्षण केंद्रों (कस्टडी सेंटर्स) से किया जाएगा, जहां सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेगा। प्रश्न-पत्रों की सील खोलने और बंद करने की प्रक्रिया पुलिस की मौजूदगी में होगी। इसकी समय व तारीख रजिस्टर में दर्ज की जाएगी। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को पोस्ट ऑफिस तक भेजने के दौरान भी पुलिस सुरक्षा अनिवार्य रहेगी।

परीक्षा केंद्रों की CCTV से होगी लाइव निगरानी

बोर्ड ने सभी स्कूलों से परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों का पूरा विवरण मांगा है। स्कूलों को सीसीटीवी कनेक्शन की लॉगिन आईडी, एडमिन आईडी और पासवर्ड बोर्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए स्कूलों को गूगल फॉर्म भरने का निर्देश दिया गया है। इससे परीक्षा के दौरान लाइव निगरानी संभव होगी और किसी भी तरह की नकल या अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।

ट्रैफिक जाम पर कंजेशन टैक्स लागू करने की मांग

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के व्यावसायिक इलाकों में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए कंजेशन टैक्स लागू करने की मांग उठी है। BJP के नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने BMC से आगामी बजट में इस टैक्स को शामिल करने की अपील की है। इस संबंध में उन्होंने आयुक्त भूषण गगरानी को पत्र लिखकर दक्षिण मुंबई में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने का सुझाव दिया है।

नगरसेवक ने पत्र में कहा है कि अत्यधिक ट्रैफिक वाले क्षेत्रों में अकेले यात्री के साथ चलने वाले निजी वाहनों पर कंजेशन टैक्स लगाया जाना चाहिए। शहर के जिन इलाकों में ट्रैफिक जाम की स्थिति सबसे गंभीर है, उनकी पहचान कर वहां प्रवेश करने वाले वाहनों से तय शुल्क वसूला जा सकता है।

विदेशी मॉडल अपनाएं

नार्वेकर ने बताया कि लंदन और सिंगापुर जैसे शहरों में यह व्यवस्था लागू है। उन्होंने स्वचालित शुल्क वसूली करने का सुझाव दिया। उनके अनुसार, भीड़ के समय प्रति प्रवेश 50 से 100 रुपये तक टैक्स लगाया जा सकता है। इससे सालाना 200 से 300 करोड़ के राजस्व की संभावना है, जिसका उपयोग प्रदूषण और हवा की गुणवत्ता सुधारने में किया जा सकता है।

ABC ID नहीं बनी, तो रुकेगी मार्कशीट

MU ने कॉलेजों को दिया अल्टीमेटम, 15 तक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू की गई अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) प्रणाली को लेकर मुंबई यूनिवर्सिटी ने कॉलेजों को स्पष्ट चेतावनी दे दी है कि यदि किसी स्टूडेंट की एबीसी आईडी नहीं बनी, तो उसकी मार्कशीट और डिग्री जारी नहीं की जाएगी। यूनिवर्सिटी ने सभी संबद्ध, मान्यता प्राप्त और स्वायत्त कॉलेजों को 15 फरवरी 2026 तक हर स्टूडेंट की एबीसी आईडी बनाकर उसे ई-समर्थ प्रणाली से लिंक करने का अल्टीमेटम दिया है।



तय समय-सीमा में प्रक्रिया पूरी न करने वाले कॉलेजों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुंबई यूनिवर्सिटी प्रशासन के अनुसार, एबीसी आईडी को लेकर पहले भी कई बार सर्कुलर जारी किए गए हैं। कॉलेज स्तर पर शिविर आयोजित हुए और अधिकारियों के साथ बैठकें भी की गईं। इसके बावजूद कुछ कॉलेजों में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स की एबीसी आईडी नहीं बनी है। यूनिवर्सिटी ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए सख्त कदम उठाने का फैसला किया है।

एबीसी आईडी क्यों अनिवार्य: यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया है कि एबीसी आईडी के बिना स्टूडेंट्स के शैक्षणिक क्रेडिट अपलोड नहीं हो पाएंगे। इससे उनकी आगे की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ेगा। जिन स्टूडेंट्स की एबीसी आईडी नहीं होगी, उनके क्रेडिट नेशनल अकादमिक डिपॉजिटरी पोर्टल पर अपलोड नहीं किए जाएंगे। ऐसे स्टूडेंट्स क्रेडिट अवॉर्ड से वंचित रह सकते हैं और उनकी मार्कशीट और डिग्री सर्टिफिकेट भी रुक सकती है।

■ **कॉलेजों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश :** परीक्षा और मूल्यांकन बोर्ड की ओर से सभी कॉलेजों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना देरी किए प्रक्रिया पूरी करें। प्रत्येक स्टूडेंट की एबीसी आईडी बनाकर उसे ई-समर्थ पोर्टल से लिंक करना कॉलेजों की जिम्मेदारी है। यूनिवर्सिटी ने कॉलेज प्रबंधन को यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि कोई भी स्टूडेंट इस प्रक्रिया से वंचित न रहे।

■ **डेडलाइन के बाद सख्ती तय :** मुंबई यूनिवर्सिटी ने साफ कर दिया है कि 15 फरवरी के बाद भी जिन कॉलेजों ने एबीसी आईडी प्रक्रिया पूरी नहीं की, उनके खिलाफ विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि इन निर्देशों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है।

भागवत ने बताया तीन बच्चों का फायदा

■ पेज एक से आगे

देश की जनसंख्या से जुड़े सवाल पर रविवार को भागवत ने कहा कि 19 से 25 साल की उम्र के बीच शादी और फिर दंपती को तीन बच्चे होने चाहिए। डॉक्टर कहते हैं कि इस तरह माता-पिता और परिवार की सेहत अच्छी रहती है। तीन भाई-बहन होने से परिवार में बच्चों के बीच ईगो मैनेजमेंट अच्छा होता है और यह भी पक्का होता है कि भविष्य में परिवार में कोई बंटवारा न हो। एक बच्चे वाली पॉलिसी को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि 2.3 से नीचे की जनसंख्या वृद्धि दर गिरावट का संकेत है, प्रगति का नहीं।

संघ सरकारी या कॉरपोरेट फंडिंग पर निर्भर नहीं: भागवत ने कहा कि संघ सरकारी या कॉरपोरेट फंडिंग पर निर्भर नहीं है। यात्राओं के दौरान स्वयंसेवक होटल में नहीं रुकते, बल्कि कार्यकर्ताओं के घर ठहरते हैं और वहीं भोजन करते हैं। संघ का पूरा ढांचा समर्पण और समाज के सहयोग से चलता है। मोहन भागवत ने कहा कि अंग्रेजी से कोई दुश्मनी नहीं है, लेकिन कोशिश यह रहती है कि मातृभाषा या हिंदी का इस्तेमाल ज्यादा हो। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता शब्द पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत के संदर्भ में सही शब्द 'पंथनिरपेक्षता' है, क्योंकि धर्म जीवन का आधार है। भाषा विवाद को उन्होंने स्थानीय बीमारी बताया और मुस्लिम इलाकों में काम करने की चुनौतियों पर कहा कि अपशब्दों का जवाब टकराव से नहीं देना चाहिए।

UCC पर भी बोले मोहन भागवत

मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि समान नागरिक संहिता (UCC) का निर्माण सभी को विश्वास में लेकर किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या RSS के अच्छे दिन बीजेपी के सत्ता में आने के बाद आए, तो भागवत ने कहा कि मामला इसके विपरीत था। उन्होंने कहा कि संघ अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध रहा और उसका समर्थन करने वालों को इसका फायदा मिला।

विपक्ष के दबाव में BJP ने बनाया मराठी महापौर: राउत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे (UBT) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि BMC चुनाव में मराठी मतदाताओं के मजबूत समर्थन के चलते BJP को मजबूरी में मुंबई के महापौर पद के लिए मराठी उम्मीदवार देना पड़ा है। राउत ने कहा कि उद्धव सेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को मिले मराठी समर्थन का असर साफ तौर पर BMC की राजनीति में दिखा है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में राउत ने कहा कि BJP के पास अपना कोई मजबूत मराठी चेहरा नहीं था, इसलिए उसे कांग्रेस से आई रितु तावड़े को महापौर पद का उम्मीदवार बनाना पड़ा।

सलमान के संघ के कार्यक्रम में जाने पर पूछा सवाल: राउत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) पर भी निशाना साधा। RSS शताब्दी समारोह में अभिनेता सलमान खान और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात का जिक्र करते हुए राउत ने सवाल उठाया कि क्या यह केवल स्वागत था या संघ में मुसलमानों के लिए कोई संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि देश में फैलाए जा रहे हिंदू-मुस्लिम तनाव के मुद्दे पर संघ को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

विधान परिषद में बढ़ेगी महायुति की ताकत

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई : अप्रैल और मई में महाराष्ट्र की 7 राज्यसभा और 9 विधान परिषद की सीटों के लिए चुनाव होने हैं। इसे लेकर राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। विधान परिषद की 9 सीटों में एक पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की भी है। इनका कार्यकाल 13 मई को समाप्त हो रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि विधानसभा में राजनीतिक दलों की मौजूदा ताकत को देखते हुए 9 में से 7 सीटें महायुति के पास जाती दिख रही हैं। 1 सीट पर महाविकास आघाडी आसानी से जीत सकती है, जबकि 1 पर पेंच फंस सकता है। ऐसे में माना जा रहा है कि मई के बाद विधान परिषद में महायुति की स्थिति और मजबूत हो जाएगी।

मई में 9 विधान परिषद की सीटें होंगी खाली

उद्धव को लड़ना चाहिए MLC चुनाव: राउत : उद्धव गुट नेता संजय राउत ने कहा कि MVA विधान परिषद और राज्यसभा चुनावों में एक-दूसरे की मदद करेंगे। हम चाहते हैं कि उद्धव ठाकरे फिर से चुनाव लड़ें।

इनका कार्यकाल हो रहा समाप्त: उद्धव ठाकरे (UBT), नीलम गोर्हे (शिंदे सेना), शशिकांत शिंदे (NCP SP), अमोल मिटकरी (NCP AP), राजेश राठोड (कांग्रेस) के अलावा बीजेपी से गोपीचंद पडलकर, प्रवीण दटके, रणजीतसिंह मोहिते और रमेश कराड का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

ऐसा है राजनीतिक दलों का पावर

विधानसभा में बीजेपी के 132, शिवसेना (शिंदे गुट) के 57 और एनसीपी (अजित पवार) के 40 विधायक हैं। अजित पवार के निधन से बारामती की सीट खाली है। महायुति के पास लगभग 235 विधायक हैं। वहीं विपक्ष के पास करीब 50 विधायक हैं। विधान परिषद में पहुंचने के लिए एक उम्मीदवार को कम से कम 33 सीटों की जरूरत होगी। ऐसे में विपक्षी दल यदि एकजुट होते हैं, तो उनका एक सदस्य विधान परिषद में आसानी से चुना जा सकता है। वहीं सत्ताधारी दल से 7 एमएलसी आसानी से चुने जा सकते हैं।

वसूली करते बड़े अधिकारी, फंसते हैं छोटे कर्मचारी!

ACB के 669 ट्रैप में 988 आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने पिछले साल रिश्वतखोरी के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए 669 ट्रैप ऑपरेशन किए, जिनमें 988 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। ACB के आंकड़े बताते हैं कि रिश्वतखोरी के मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग अब भी सबसे आगे हैं। गिरफ्तार आरोपियों में क्लास-3 कर्मचारियों की संख्या सबसे अधिक रही।

ट्रैप मामलों में मामूली गिरावट: ACB के रिकॉर्ड के मुताबिक, वर्ष 2024 में 683 ट्रैप किए गए थे, जबकि 2025 में यह संख्या घटकर 669 रह गई। हालांकि ट्रैप कम हुए, लेकिन गिरफ्तार आरोपियों की कुल संख्या अधिक रही। ACB के अधिकारियों का कहना है कि कई मामलों में वसूली ऊपरी अधिकारियों के निर्देश पर होती है, लेकिन सीधे लेन-देन में शामिल निचले स्तर के कर्मचारी ही ट्रैप में पकड़े जाते हैं। इसी वजह से आंकड़ों में छोटे और मध्यम स्तर के कर्मचारियों की गिरफ्तारी ज्यादा दिखती है। वर्ष 2026 में 21 जनवरी तक ही 60 लोगों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया जा चुका है।



1064 हेल्पलाइन पर शिकायत की अपील

ACB की अपील

रिश्वत मांगना और रिश्वत देना, दोनों ही कानूनन अपराध हैं। यदि कोई सरकारी कर्मचारी आपसे रिश्वत मांगता है, तो तुरंत ACB से संपर्क करें। शिकायत के लिए 1064 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

किस वर्ग के कितने लोग

क्लास-1 अधिकारी	68
क्लास-2 अधिकारी	124
क्लास-3 कर्मचारी	474
क्लास-4 कर्मचारी	40
निजी व्यक्ति/बिचौलिए	188
कुल गिरफ्तार	988
कुल ट्रैप ऑपरेशन	669

हमारी कोशिश है कि रिश्वतखोरी के हर स्तर पर कार्रवाई हो। ट्रैप ऑपरेशन के जरिए रंगे हाथ पकड़ना सबसे प्रभावी तरीका साबित हो रहा है। आम नागरिक निडर होकर शिकायत करें।

-एक वरिष्ठ अधिकारी, ACB

असि. डायरेक्टर सेक्सटॉर्शन का हुआ शिकार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अंधेरी (पश्चिम) निवासी 22 वर्षीय एक असिस्टेंट डायरेक्टर ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन का शिकार हो गया। आरोपियों ने वीडियो कॉल कर निजी वीडियो बनाया और वायरल करने की धमकी देकर वसूली शुरू कर दी। पीड़ित से अलग-अलग किश्तों में कुल 18,960 रुपये ट्रांसफर करवाए गए। अंबोली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और आईटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अवैध बांग्लादेशियों का डिपोर्टेशन शुरू

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कुरार पुलिस ने मलाड से पकड़े चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर उनकी डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरोप है कि ये सभी बांग्लादेशी लंबे समय से फर्जी पहचान के सहारे पठानवाडी में रह रहे थे। सूचना के आधार पर कुरार पुलिस और एटीसी टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए कई स्थानों पर छापेमारी की और चार संदिग्धों को हिरासत में लिया। आरोपियों के पास से स्थायी निवास प्रमाणपत्र, नागरिकता प्रमाणपत्र और बांग्लादेश के नैशनल आईडी कार्ड मिले हैं।

लगा कि वानखेडे मुंबई में नहीं, काठमांडू में है

इंग्लैंड-नेपाल क्रिकेट मैच में नेपाली फैंस का उत्साह दिखा चरम पर

Bhavin.Pandya@timesofindia.com

■ मुंबई: रविवार को वानखेडे स्टेडियम में हर तरफ लाल और नीले रंगों का समंदर देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की थाप और नेपाल क्रिकेट टीम के सपोर्ट में लगातार गूंज रहे नारों से ऐसा लग रहा था, जैसे अरब सागर के किनारे बसे मुंबई में नहीं, बल्कि नेपाल की राजधानी काठमांडू में यह मैच खेला जा रहा हो। इंग्लैंड-नेपाल मैच को 16,000 से अधिक दर्शकों ने देखा। नेपाल टीम के फैंस का जुनून सिर्फ अपनी पसंदीदा टीम को केवल समर्थन नहीं था, बल्कि नेपाल क्रिकेट के उभार और आत्मविश्वास का एलान था। अंत में नेपाल टीम कड़े संघर्ष के बाद इंग्लैंड से हार गई, लेकिन उसने अपने प्रदर्शन से मैदान पर मौजूद हर शख्स का दिल जीत लिया। मैच देखने के लिए मुंबई सहित पूरे देश से ही नहीं, बल्कि नेपाल और यहां तक कि अमेरिका से भी फैंस शहर में 3 युवाओं की टोली भी वानखेडे में नेपाल टीम को सपोर्ट करने के लिए मौजूद थी। वहीं नहीं, मैच खत्म होने के बाद नेपाल टीम ने अपने फैंस के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए पूरे स्टेडियम का चक्कर भी लगाया।

नेपाल टीम को सभी मैच मुंबई में ही खेलने हैं

वर्ल्ड कप के मैचों के इस टूर्नामेंट में नेपाल के लिए मुंबई सिर्फ एक वेन्यू नहीं, बल्कि अस्थायी घरेलू मैदान बन गया है। कार्यक्रम के अनुसार, नेपाल टीम को अपने सभी ग्रुप मैच मुंबई में ही खेलने हैं। नेपाल टीम अब 12 फरवरी को इटली, 15 फरवरी को वेस्टइंडीज और 17 फरवरी को स्कॉटलैंड से भिड़ेगी। इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में जो सपोर्ट नेपाल टीम को मिला, वह आगामी मैचों के लिए भी संकेत है कि फैंस इसी तरह अपनी टीम का हौसला बढ़ाएंगे। बार-बार उसी मैदान पर खेलने से नेपाल टीम को हालात समझने का मौका मिलेगा। लेकिन उससे भी ज्यादा अहम है नेपाली प्रशंसकों का उत्साह।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSHIK User: c-suman.v@timesofindia.com Time: 02-08-2026 23:13 Color:

फर्जी शेयर मार्केट ऐप से 10.98 करोड़ रुपये की ठगी, 7 गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

दक्षिण प्रादेशिक साइबर पुलिस ने शेयर मार्केट निवेश के नाम पर देश के अलग-अलग राज्यों से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 68 वर्षीय पीड़ित को फर्जी ऐप डाउनलोड करवा कर 29 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 के बीच 10.98 करोड़ रुपये निवेश के नाम पर ठग लिए गए। पुलिस ने जांच के बाद 2.21 करोड़ रुपये होल्ड कराने में सफलता पाई। मनी ट्रेल जांच में रकम विभिन्न राज्यों के फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर होना सामने आया।

अटल सेतुः हेलीपैड और आपात सुविधा की मांग

■ मुंबई: शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधान परिषद सदस्य मिलिंद नार्वेकर ने अटल सेतु पर हेलीपैड और बेहतर आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में नार्वेकर ने हाल ही में मुंबई–पुणे एक्सप्रेसवे पर लगे 33 घंटे लंबे जाम का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि खंडाला घाट सेक्शन में ज्वलनशील प्रोपलीन गैस से भरा एक टैंकर पलट गया था, जिसके कारण भारी यातायात जाम लग गया। नार्वेकर ने कहा कि जब वह पुणे में दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार के परिवार से मिलने जा रहे थे, तब वे खुद भी एक्सप्रेसवे पर जाम में फंस गए थे। इस घटना के बाद उन्होंने अटल सेतु पर आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की जरूरत बताई।

मिलिंद नार्वेकर ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

NBT स्मृति यादों के चिराग

|| श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम ||

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्ममृतस्य च। तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि

|| चतुर्थ पुण्यतिथि ||

(जन्म 3 जुलाई 1947 - देवलोक 9 फरवरी 2022)

ममतामयी माँ

स्व.सौभाग्यवती उर्मिलादेवी अग्रवाल

वही एक आदर्श माँ की शक्ति है।
मुरझा गया वह वृक्ष छाँव जिसकी न्यारी, ममता की मूरत माँ, आपकी छवि थी प्यारी,
आपके बिना सूनी हो गयी, आपकी यह फुलवारी, श्रद्धा सुमन अर्पित आपको, करते शत्-शत् नमन,
दिव्य आशिष देना सदा, बसी रहे याद हम सबके मन में

चतुर्थ पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धांजलि!

-: श्रद्धानवत् :-

पति	:	सत्यनारायण अग्रवाल
पुत्र-पुत्रवधू	:	राजकुमार-सपना, संदिप-रिचा
पुत्री-दामाद	:	सीमा-योगेश रुंगटा
पौत्र-पौत्री	:	यशोवर्धन, प्रियांशा
दोहिता	:	हर्ष वर्धन, शाश्वत रुंगटा

एवं समस्त अग्रवाल परिवार

SVG Fashions Pvt. Ltd.
Raj Rayon Industries Ltd.

|| श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम || || श्रीराम ||

Heartfelt Tribute on
11th Punyatithi
Monday 9th Feb. 2026



Shri Vishwanath S. Luharuka
9th February 2015

Eleven years have passed,
but your love and wisdom continue to light our path.
You are forever in our hearts and cherished memories.

Deeply Missed & Remembered by:
The Luharuka Family

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES

29th Death Anniversary
SMT RAJKUMARI KANHAYALAL BAGADIA

The Years may wipe out many things. But your memory remains as fresh as ever. You were our guiding light.
We miss you very very much.
We pray for your peace and happiness wherever you are. Fondly remembered by Kausshal & Poonam, Namrata & Ravi, Girija & Shikhir, Riddhi, Ksshiraja, Aarushi, Krisha, Srishti,Hrithik & Shaurya.

बोरीवली में वैराग्य का दिखा महासंगम

मुंबई में 64 मुमुक्षुओं ने छोड़ा संसारिक जीवन

Navin.Pandey@TimesofIndia.Com

■ मुंबई: देश की आर्थिक राजधानी मुंबई, जहां दिन-रात दौड़, धन और उपभोग का संसार चलता है, उसी महानगर की धरती पर बीते पांच दिनों तक वैराग्य, संयम और आत्मशुद्धि का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। बोरीवली (पश्चिम) के चिकूवाडी मैदान में अध्यात्म परिवार की ओर से आयोजित 'संयमरंग दीक्षा महोत्सव' के दौरान 64 मुमुक्षुओं ने एक साथ जैन दीक्षा ग्रहण कर संसारिक जीवन त्यागा।

दीक्षा के अलौकिक क्षण का साक्षी बनने के लिए श्रद्धालु सुबह चार बजे से ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे थे। कुछ ही समय में पूरा मंडप और मैदान श्रद्धालुओं से भर गया। बीते पांच दिनों में लगभग दो लाख लोगों ने इस आयोजन में सहभागिता की। जप-तप, मंत्रोच्चार और मौन साधना के बीच महानगर का शोर कुछ समय के लिए थम सा गया।

उम्र नहीं, विवेक ने लिया निर्णय

इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता 64 मुमुक्षु रहे, जिनमें बच्चे, उच्च शिक्षित युवा, व्यवसायी और वृद्धजन तक शामिल हैं। सभी ने यह संदेश दिया कि वैराग्य उम्र या परिस्थिति का नहीं, बल्कि जाग्रत विवेक का निर्णय होता है। भव्य रथयात्रा के दौरान करोड़ों रुपये की संपत्ति का वर्षीदान कर मुमुक्षुओं ने स्पष्ट किया कि यह त्याग भावनात्मक नहीं, बल्कि पूर्ण आत्मिक संकल्प है। रजोहरण अर्पण की विधि के दौरान पूरा मैदान 'जैन जयति शासनम्' के जयघोष से गूंज उठा। चौथे दिन रात्रि में आयोजित 'अंतिम विदाई' समारोह सबसे भावुक क्षण बना। तीन सभागृहों में मुमुक्षुओं की वाणी, परिवारजनों की मौन स्वीकृति और श्रद्धालुओं की साधना ने माहौल को भावनाओं से भर दिया। दीक्षा मंडप को जिनालय के स्वरूप में 'स्वर्गीय विमान' की तरह सजाया गया।

जैन शासन की जीवंतता का प्रतीक

आचार्य योगतिलकसूरी महाराज के संसारी भाई दिनेश शाह, अध्यात्म परिवार के मैनेजिंग ट्रस्टी हितेश मोता, आशीष गोलछा, मनीष खेरालु, रुपेश फोफानी और अल्पेश बुराड ने कहा कि यह आयोजन किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि पूरे जैन समाज की आध्यात्मिक चेतना का उत्सव है। इस अवसर पर गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी और महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने उपस्थिति दर्ज कर मुमुक्षुओं के साहसिक निर्णय को नमन किया।

108 दीक्षाओं का ऐतिहासिक आंकड़ा

इसी चिकूवाडी मैदान में सात वर्ष पहले 44 दीक्षाएं हुई थीं। मौजूदा 64 दीक्षाओं के साथ यहां कुल 108 दीक्षाओं का ऐतिहासिक आंकड़ा दर्ज हो गया है।

800 साधु-साध्वियों का तीर्थ बना चिकूवाडी

यह आयोजन शांतिचंद्रसूरी समुदाय के आचार्य सोमसुंदरसूरी महाराज की पावन निश्रा और योगतिलकसूरी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। आचार्य भगवंतों और लगभग 800 साधु-साध्वियों की उपस्थिति ने पूरे परिसर को तीर्थ का स्वरूप दे दिया।

चक्की से थाली तक शुद्धता का पालन

संयमरंग महोत्सव की एक बड़ी पहचान इसकी पूर्ण सात्विक और आत्मनिर्भर व्यवस्था रही। पांच दिनों तक हजारों श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए भोजन स्थल पर ही तैयार किया गया। चक्की से आटा पीसकर रोटियां और पूरियां बनाई गईं।

खार: बिल्डिंग से स्लैब के टुकड़े गिरने से दो लोग घायल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: खार पुलिस ने एक रेसिडेंशियल बिल्डिंग के मालिक के खिलाफ लापरवाही और जान को खतरे में डालने का केस दर्ज किया। आरोप है कि एक बिल्डिंग से स्लैब के टुकड़े गिरने से दो लोग घायल हो गए थे। हालांकि, आरोपी को अरेस्ट नहीं किया गया है।

घटना 7 फरवरी की रात 9:40 से 10:00 बजे के बीच लिंकिंग रोड पर KFC जंक्शन के पास एक मोची की दुकान के पास हुई थी। शिकायत करने वाला नीरव निसार (27) हार्डवेयर का बिजनेस करता है। वह अपने दोस्त हर्ष पोरवाल (28) से मिलने गया था। मध्य प्रदेश के रहने वाले पोरवाल अपनी बहन के घर रहने के लिए मुंबई आए थे।

निसार और हर्ष गॉगल्स खरीदने के लिए खार में लिंकिंग रोड गए थे। दोनों KFC जंक्शन के पास खड़े थे। पास की एक बिल्डिंग की दूसरी मंजिल की बालकनी से एक स्लैब (सीमेंट का टुकड़ा और लोहे की ग्रिल) अचानक उन पर गिर गए। इससे पोरवाल के सिर, सीने, पीठ, चेहरे, हाथों और पैरों में गंभीर चोटें आईं, जबकि निसार के कंधे और हाथ में चोटें आईं। लोग उन्हें बांद्रा स्थित होली फैमिली हॉस्पिटल ले गए। वहां से दोनों को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल भेज दिया गया। इस हादसे से वहां पार्क एक कार को भी नुकसान हुआ। पीड़ित निसार ने कदंब कुटथी हाउस के मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

रेजिडेंशियल बिल्डिंग के मालिक के खिलाफ केस हुआ दर्ज

BNZ की धाराओं में केस दर्ज: धारा 125(बी): जल्दबाजी या लापरवाही से किया गया काम, जिससे इंसानी जान या दूसरों की निजी सुरक्षा को खतरा हो। धारा 324(4): नुकसान पहुंचाने वाली शरारत, लापरवाही।

व्रत त्योहार

आचार्य बाल कृष्ण मिश्र
9 से 15 फरवरी 2026

9 फरवरी, सोमवार

■ **जानकी जयंती:** हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जानकी माता का प्राकट्य जनकपुरी में भूमि से हुआ था। इसी स्मृति में जानकी जयंती मनाई जाती है। इस दिन माता सीता की पूजा, रामचरितमानस पाठ और दान-पुण्य का विशेष महत्व माना गया है।

13 फरवरी , शुक्रवार

■ **विजया एकादशी व्रत:** फाल्गुन कृष्ण पक्ष की एकादशी को विजया एकादशी व्रत किया जाता है। मान्यता है कि इस व्रत से व्यक्ति को कार्यों में विजय प्राप्त होती है। एकादशी को व्रतराज भी कहा गया है। संयोग से इसी दिन कुंभ राशि में सूर्य का प्रवेश दिन में 08:22 बजे होगा।

14 फरवरी, शनिवार

■ **शनि प्रदोष व्रत:** प्रदोष व्रत प्रत्येक माह में दो बार आता है, लेकिन शनिवार को पड़ने वाला प्रदोष व्रत विशेष फलदायी माना गया है। यह व्रत संतान, पति की रक्षा और शनि दोष शांति के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है।

15 फरवरी, रविवार

■ **महाशिवरात्रि व्रत:** फाल्गुन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को महाशिवरात्रि व्रत किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संस्कार संपन्न हुआ था। इस दिन शिवपूजन विशेष फलदायी होता है। संयोग से इस दिन वैद्यनाथ जयंती भी मनाई जाएगी।

स्टेट अपडेट

विरासत संरक्षण प्रयोगशाला के लिए समझौते पर हुए हस्ताक्षर

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर : छत्रपति संभाजीनगर महानगरपालिका और भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत ट्रस्ट (INTACH) ने क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को लेकर एक प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मराठवाड़ा में हजारों ऐतिहासिक कलाकृतियां हैं। वैज्ञानिक संरक्षण सुविधाओं की कमी से इनका अस्तित्व खतरे में है। भारत भर में ट्रस्ट द्वारा संचालित 5 प्रयोगशालाओं में से छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय परिसर में बनने वाली यह नई सुविधा महाराष्ट्र में अपनी तरह की पहली ऐसी प्रयोगशाला होगी।

जिला परिषद चुनाव : विडियो में नाबालिग को 'वोट डालते' हुए देखा गया

■ भाषा, पुणे : सोलापुर में जिला परिषद चुनाव में 14 वर्षीय लड़के को अपने पिता के साथ कथित तौर पर वोट डालते देखा गया। उसका पिता चुनाव में प्रत्याशी था। शनिवार को हुए मतदान के दौरान अकलूज के यशवंत नगर स्थित एक मतदान केंद्र के अंदर अर्जुन सिंह मोहिते पाटील के बेटे को उनके बगल में खड़े होकर ईवीएम का बटन दबाते हुए देखा गया। बाद में मोहिते पाटिल ने कहा, उनका बेटा सिर्फ यह देखना चाहता था कि मतदान कैसे होता है, इसलिए मैं उसे अंदर ले गया।

फटाफट खबरें

किशोरी से छेड़छाड़, दुकानदार अरेस्ट

■ NBT न्यूज, नालासोपारा: पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी ने आरोप लगाया कि शुक्रवार को वह एक दुकान पर सामान लेने गई थी, तभी दुकानदार ने उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार दोपहर 4 बजे वह दुकान पर अंडे लेने गई थी, तभी दुकानदार ने उसे अंदर बुलाया और छेड़छाड़ की। लड़की के विरोध करने पर उसने उसे धक्का भी मार दिया।

पनवेल में पुराने विवाद में युवक पर हमला

■ NBT न्यूज, पनवेल: पनवेल के तलोजा में पुरानी रंजिश की वजह से चार आरोपियों ने व्यंकटेश कोली (25) पर तलवार, चाकू और डंडों से हमला कर दिया। इसमें उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल कोली पेशे से टेंपो चालक और तबेले का मालिक भी है। वह टेंपो रोककर खड़ा था, तभी प्रसेम कोईलकर, उत्सव करमुले, अरफान शेख और एक अज्ञात व्यक्ति ने अचानक हमला किया। कोली ने बताया कि एक मारपीट के मामले में वह गवाह था। उसी रंजिश की वजह से यह हमला किया गया है। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।


AI Image

हमला मामला: 2 पूर्व नगरसेवक भाइयों की बेल याचिका ख़ारिज

कल्याण सत्र न्यायालय ने डोंबिवली पुलिस को लगाई फटकार

■ अरविंद त्रिपाठी, कल्याण

कल्याण सत्र न्यायालय ने बीजेपी पदाधिकारी पर प्राणघातक हमले के मामले में शिवसेना (शिंदे गुट) के पूर्व नगरसेवक नितिन पाटील और रवि पाटील तथा उनके दो बेटों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायालय से राहत नहीं मिलने के कारण चारों आरोपियों को फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

BJP पदाधिकारी पर हमले का है मामला

आदेश सुनाते समय कोर्ट ने डोंबिवली के रामनगर पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं। विशेष रूप से जांच के दौरान लगाए गए धाराओं में बदलाव को लेकर न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने पूछा कि शुरुआत में भारतीय दंड संहिता की धारा 109 सह 307 (हत्या के प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसे बाद में धारा 118(1) और 324 में क्यों बदला गया और इसके पीछे क्या आधार था?


AI Image


नितिन पाटील


रवि पाटील

मेडिकल रिपोर्ट पेश नहीं किए गए

दिन के अंत में आदेश सुनाते हुए न्यायाधीश वसडे ने चारों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने धारा 109 को बदलकर 118(1) लगाने पर सवाल उठाए और मेडिकल तथा एक्स-रे रिपोर्ट पेश न किए जाने पर भी नाराजी जताई। इन गंभीर खामियों को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने जमानत देने से इनकार कर दिया, जिससे आरोपियों को बड़ा झटका लगा है और डोंबिवली पुलिस की जांच पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मनपा चुनाव की वोटिंग से एक दिन पहले हुई थी झड़प

यह घटना मनपा चुनाव के मतदान से ठीक एक दिन पहले हुई थी, जब कथित तौर पर पैसे बांटने के विवाद को लेकर बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) के कार्यकर्ता और पदाधिकारी आपस में भिड़ गए थे। इस झड़प में बीजेपी कार्यकर्ता ओमनाथ नाटेकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्कालीन उम्मीदवार और पूर्व नगरसेवक नितिन पाटील, रवि पाटील तथा उनके दो बेटों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

बाद में स्वास्थ्य बिगड़ने के चलते दोनों पूर्व नगरसेवकों को न्यायिक हिरासत के दौरान ठाणे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। 2 फरवरी को अस्पताल से डिस्चार्ज मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर 3 फरवरी को दोबारा अदालत में पेश किया। इसी दौरान जांच अधिकारी राजेंद्र खेडकर ने हत्या के प्रयास की धारा हटाकर हल्की धाराएं लगाते हुए अपराध की प्रकृति में बदलाव किया।

इसके बाद आरोपियों की ओर से जमानत के लिए आवेदन किया गया। 7 फरवरी को कल्याण सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एन. पी. वसडे के समक्ष इस पर सुनवाई हुई। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता आशुतोष देसाई, अधिवक्ता प्रियंका सोनवणे और उमर काजी ने जोरदार पैरवी करते हुए कहा कि आरोपी अपराधी नहीं हैं, डोंबिवली के सम्मानित नागरिक हैं और मामले की गंभीरता को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है।

भिवंडी में भीषण आग लगने से 12 गोदाम जलकर हुए खाक

तीन दमकल वाहन पहुंचे, कोई जन हानि नहीं

■ NBT न्यूज, भिवंडी: भिवंडी तालुका के मानकोली स्थित हरिहर कंपाउंड क्षेत्र में गद्दे, पेपर रोल और कपड़ों के गोदामों में भीषण आग लग गई। तेज हवा और गोदामों में ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैल गई, जिसके कारण इस आग में लगभग 10 से 12 गोदाम पूरी तरह जलकर खाक हो गए हैं। इसके साथ ही इमारत की पहली और दूसरी मंजिल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी भयावह थी कि करीब 4 किलोमीटर दूर से धुएं का घना गुबार दिखाई पड़ रहा था। आग की गंभीरता को देखते हुए भिवंडी मनपा अग्निशमन दल की तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की जा रही थी।


शॉर्ट सर्किट से लगी आग!

गोदाम में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। सद्भाग्य से इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान होने की जानकारी सामने आ रही है। खबर लिखे जाने तक आग पूरी तरह से नियंत्रण में नहीं आई है। दमकल विभाग के जवान लगातार संघर्षपूर्ण प्रयास कर रहे हैं। फायरमैन सचिन सावंत ने बताया कि पानी की कमी के कारण दमकल विभाग के जवानों को आग पर नियंत्रण पाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

56 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

■ NBT न्यूज, वसई: नालासोपारा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के बापाने इलाके में रविवार शाम को एक 56 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बापाने स्थित वाकीपाडा, कृष्णा कुंज अपार्टमेंट निवासी गौरव किशोर लाल अपने परिवार के साथ रहता था। रविवार शाम 6 बजे उसने अज्ञात कारणों से हॉल में लगे पंखे के हुक पर दुपट्टा बांधकर फंदा तैयार किया और फांसी लगा ली। पुलिस एडीआर के तहत मामले की जांच कर रही है।

तुर्भे में ट्रक में लगी आग, शीशा तोड़कर बचा ड्राइवर

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: तुर्भे सेक्टर-20 स्थित ट्रक टर्मिनल में खड़े एक ट्रक में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई। इससे ट्रक का काफी हिस्सा जल गया। जब ट्रक में आग लगी, उस वक्त ड्राइवर ट्रक के आगे सीट पर सो रहा था। जब पीछे लोगों ने शोर किया और आग बुझाने के लिए दौड़े तब ड्राइवर कल्याण सिंह को आग के बारे में पता चला। इसके बाद ड्राइवर ने दरवाजा खोलकर निकलने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। कई बार प्रयास करने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो ड्राइवर कांच तोड़कर बाहर आ गया।

इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। हालांकि, आग की लपटों की चपेट में पास में खड़ा एक अन्य ट्रक भी आ गया, जिससे उसे भी काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है।

सामान भरने आया था ट्रक चालक

ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह गुजरात से सामान भरकर लाया था और खोपोली में खाली किया था। उसके बाद वह एपीएमसी मार्केट में दोबारा सामान भरने के लिए आया था, ताकि वह उसे गुजरात लेकर जा सके, लेकिन समय पर माल नहीं मिलने के से उसमें सामान नहीं भरा जा सका। इससे उसने ट्रक टर्मिनल में ट्रक को पार्क कर दिया था और वहीं सो गया था, इस बीच आग लग गई।

विरार में बाइक टोइंग से लोगों में नाराज़गी

■ NBT न्यूज, विरार: वसई-विरार मनपा क्षेत्र में ट्रैफिक समस्या को सुधारने के उद्देश्य से मनपा प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस के समन्वय से दुपहिया वाहनों की टोइंग नीति लागू की गई है। चार साल पहले वसई-विरार के स्टेशन परिसरों एवं मुख्य सड़कों के किनारे अवैध तरीके से खड़े वाहनों को हटाने के लिए अधिसूचना जारी कर कार्रवाई शुरू की गई थी। टोइंग का ठेका के एक निजी ठेकेदार को दिया गया। प्रारंभिक तौर में ट्रैफिक पुलिस और ठेकेदार की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी संख्या में टोइंग की कार्रवाई की गई। इससे ट्रैफिक समस्या से थोड़ी राहत मिली, लेकिन आम नागरिकों के लिए बाइक पार्किंग की कोई सुविधा नहीं की गई। सरकारी कार्यालयों में जरूरी काम के लिए आने वालों के वाहन टोइंग होने से लोगों में नाराजगी है। इमारत परिसर, मॉल, स्कूल परिसर अस्पतालों के बाहर से भी वाहनों को जबरन उठाकर ठेकेदार पैसे लेता है। जबकि शहर में पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है।

'पार्किंग जोन नहीं, तो टोइंग है गलत'

सामाजिक कार्यकर्ता महेश कदम ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार अपनी कमाई के लिए दिनभर सैकड़ों बाइक टोइंग करते हैं, जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश है। कदम ने कहा है कि शहर में पार्किंग जोन नहीं है और न ही यहां नो पार्किंग के बोर्ड लगाए गए हैं, तो ऐसे में वाहनों को टोइंग करना गलत है। सोसायटी के बाहर पार्क किए वाहनों को भी टोइंग किया जा रहा है, इससे आम जनता में आक्रोश है।

मार्च तक स्टैंडिंग कमेटी नहीं बनी, तो जनरल असेंबली दे सकती है वित्तीय प्रस्तावों को मंजूरी

■ NBT न्यूज, कल्याण

कल्याण-डोंबिवली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (KDMC) पिछले पांच वर्षों से प्रशासकीय शासन (एडमिनिस्ट्रेटिव रूल) के तहत काम कर रहा था। इस दौरान कमिश्नर द्वारा पेश किए गए एडमिनिस्ट्रेटिव फाइनेंशियल रेजोल्यूशन को मंजूरी दी जाती रही, क्योंकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में था। वहीं, अब तक स्टैंडिंग कमेटी का गठन नहीं हो सका है। नियमों के अनुसार, कमिश्नर को 31 मार्च तक वित्तीय प्रस्ताव पेश करना है। यदि उससे पहले स्टैंडिंग कमेटी का गठन हो जाता है, तो वित्तीय प्रस्ताव स्टैंडिंग कमेटी के समक्ष पेश किए जाएंगे। लेकिन मार्च के अंत तक भी कमेटी नहीं बनती है, तो ये प्रस्ताव जनरल असेंबली में रखे जाएंगे, जहां चर्चा के बाद उन्हें मंजूरी दी जा सकती है।

रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 फरवरी

कुल 122 कॉर्पोरेटर चुने गए हैं, जिनमें से 118 कॉर्पोरेटर कोंकण डिविजनल कमिश्नर के पास रजिस्टर्ड हो चुके हैं, लेकिन 4 कॉर्पोरेटर अब तक संपर्क में नहीं हैं, जिसके कारण उनका रजिस्ट्रेशन लंबित है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। सभी सदस्यों का रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद ही कोंकण डिविजनल कमिश्नर स्टैंडिंग कमेटी चुनाव के आदेश जारी करेंगे। इसके बाद दल अपने-अपने प्रतिनिधि तय करेंगे और फिर स्टैंडिंग कमेटी व उसके चेयरमैन का चुनाव होगा। स्टैंडिंग कमेटी के गठन में देरी से वित्तीय प्रस्तावों पर प्रशासन की भूमिका प्रमुख रहने की संभावना है।

मीरा-भाईंदर : शिंदे सेना में होगा संगठनात्मक बदलाव

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर

मीरा-भाईंदर महानगरपालिका चुनाव में करारी हार के बाद शिवसेना (शिंदे गुट) ने संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने जमीनी स्तर पर मजबूती लाने और निष्क्रियता दूर करने के उद्देश्य से जिला समिति सहित चार अहम समन्वय समितियों का गठन किया है। इस फैसले को आगामी राजनीतिक रणनीति और संगठनात्मक पुनरुत्थान के रूप में देखा जा रहा है।

मीरा-भाईंदर के संपर्क प्रमुख एवं परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के निर्देशानुसार मीरा-भाईंदर शहर में शिवसेना संगठन को अधिक प्रभावी, सक्रिय और जनोन्मुखी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत पुरानी कमिटियों को भंग कर नई नियुक्तियों का रास्ता साफ किया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस बार संगठन में नए और सक्रिय चेहरों को प्राथमिकता दिए जाने की पूरी संभावना है।

गठित जिला समिति में जिलाप्रमुख राजू भोईर, महिला जिलाप्रमुख निशा नार्वेकर, विक्रम प्रताप सिंह और पवन घरत को भी महत्वपूर्ण दायित्व दिए गए हैं।

कार्यकर्ताओं के नाम सुझाएंगी समितियां

इसके साथ ही चार विधानसभा क्षेत्रवार समन्वय समितियां बनाई गई हैं, जो मीरा रोड, भाईंदर पूर्व, भाईंदर पश्चिम और ओवला-माजिवड़ा क्षेत्रों में संगठनात्मक समीक्षा करेंगी। ये समितियां शाखा प्रमुख, विभाग प्रमुख और अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए योग्य, जनसंपर्क में मजबूत और कार्यक्षम कार्यकर्ताओं के नाम सुझाएंगी। खास बात यह है कि केवल सिफारिशों के आधार पर नहीं, बल्कि स्वयं मंत्री प्रताप सरनाईक उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेकर उनकी स्थानीय पकड़, सक्रियता और संगठन के प्रति निष्ठा का आकलन करेंगे।

न ताला टूटा और न ही खिड़की, फिर भी हुई चोरी

■ NBT न्यूज, भिवंडी: भिवंडी में चोरी की एक हैरान करने वाली वारदात सामने आई है, जिसमें न तो दरवाजे का ताला टूटा और न ही घर में जबरन घुसने के कोई निशान मिले। इसके बावजूद अज्ञात चोर घर के भीतर दाखिल होकर आठ तोला सोने के जेवर और एक मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गए। इस मामले में शांतिनगर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना गैबी नगर इलाके की युनुस अपार्टमेंट में हुई, जहां दूसरी मंजिल पर रहने वाले ऑटो रिक्शा चालक सलीम शेख के घर को निशाना बनाया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि चोर ने किसी तरह की तोड़फोड़ नहीं की, बल्कि चाबी से ताला खोलकर वारदात को अंजाम दिया और जाते समय ताला फिर से बंद कर दिया।

सोने के जेवर और मोबाइल ले गए चोर

पुलिस के अनुसार, सलीम शेख के घर के ताले की तीन चाबियां थीं। एक सलीम के पास, दूसरी उनकी पत्नी शाहजहां के पास और तीसरी उनके 20 वर्षीय बेटे के पास रहती थी। करीब कुछ दिन पहले बेटे की चाबी गुम हो गई थी। यही लापरवाही इस वारदात की वजह बनी।


AI Image

मेहनत से जमा धन ले उड़े

घटना के वक्त सलीम काम पर थे। शाम करीब 6:30 बजे उनकी पत्नी ताला लगाकर कुछ देर के लिए नीचे पड़ोस में गई थीं। इसी दौरान, चोर ने गुम हुई चाबी से घर में प्रवेश किया। उसने अलमारी तोड़कर आठ तोला सोने के गहने और चार्जिंग पर लगा मोबाइल फोन चुरा लिया। करीब 20 मिनट बाद जब शाहजहां लौटीं, तो दरवाजे पर ताला बंद था, लेकिन घर से वर्षों की मेहनत से जमा गहने गायब थे। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं चाबी किसी करीबी के हाथ तो नहीं लगी थी।

भिवंडी के पूर्व महापौर पाटील की अग्रिम जमानत हुई मंजूर, महापौर के चुनाव में आया नया मोड़

महापौर पद को लेकर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा हुई और तेज़

■ NBT न्यूज, भिवंडी: कोणार्क विकास आघाडी के पूर्व महापौर विलास पाटील और उनके पुत्र नवनिर्वाचित नगरसेवक ऐड. मयुरेश पाटील को शनिवार को भिवंडी न्यायालय की ओर से अग्रिम जमानत मंजूर की गई है। विलास पाटील को अग्रिम जमानत मिलने से अब महापौर पद के चुनाव में एक नया मोड़ आ गया है। अब महापौर को लेकर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और तेज हो गई है।

भिवंडी मनपा चुनाव के बाद कोणार्क विकास आघाडी के पूर्व महापौर विलास पाटील और बीजेपी विधायक महेश चौघुले के समर्थकों के बीच चुनाव परिणामों के बाद मारपीट हुई थी। इस मामले में दोनों गुटों के लगभग 51 लोगों के विरुद्ध निजामपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में कोणार्क विकास आघाडी के पूर्व महापौर विलास पाटील और उनके पुत्र नगरसेवक ऐड. मयुरेश पाटील सहित कई लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। शनिवार को पूर्व महापौर विलास पाटील और उनके पुत्र ऐड. मयुरेश पाटील को अग्रिम जमानत मंजूर की गई। कोणार्क विकास आघाडी के कुल 23 लोगों को और बीजेपी के 3 लोगों सहित कुल 26 लोगों को भिवंडी न्यायालय से जमानत मिली है। विलास पाटील को जमानत मिलने के बाद महापौर पद के चुनाव की प्रतिस्पर्धा और अधिक बढ़ गई है।


मयुरेश पाटील


विलास पाटील

बयान पर लगाए जा रहे कयास

हालांकि विलास पाटील ने पहले महापौर का चुनाव लड़ने से इनकार किया था, लेकिन उसी समय उनके पुत्र नवनिर्वाचित नगरसेवक ऐड. मयुरेश पाटील ने एक बयान में कहा था कि महापौर का चुनाव पाटील परिवार से होकर ही जाता है। तभी से कयास लगाया जा रहा था कि विलास पाटील ने भले ही महापौर चुनाव लड़ने से इनकार किया है, लेकिन वह चुनाव जरूर लड़ेंगे। इसके संबंध में अधिक जानकारी लेने के लिए विलास पाटील से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

शुक्रवार को बीजेपी की ओर से नारायण चौधरी के नाम की महापौर पद के लिए आधिकारिक घोषणा की गई। इस घोषणा के बाद बीजेपी के नगरसेवक और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटील के भतीजे सुमित पाटील ने नाराजगी जताई है, जिससे महापौर के चुनाव को लेकर बीजेपी में दो गुट बन गए हैं। इसी बीच विलास पाटील को अग्रिम जमानत मिलने से महापौर पद के चुनाव में नया मोड़ आ गया है, जिससे राजनीतिक सरगर्मी और तेज हो गई है। हालांकि कोणार्क विकास आघाडी के सिर्फ चार नगरसेवक ही निर्वाचित हुए हैं, लेकिन बताया जाता है कि विलास पाटील के संपर्क में एनसीपी और कांग्रेस सहित समाजवादी पार्टी के भी काफी संख्या में नगरसेवक हैं। इससे पहले भी विलास पाटील ने कांग्रेस के नगरसेवकों को तोड़कर अपनी पत्नी प्रतिभा पाटील को महापौर बनवाया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 02-08-2026 22:12 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स | मुंबई | सोमवार, 9 फरवरी 2026

"अंतरराष्ट्रीय व्यापार आर्थिक कल्याण बढ़ाने का माध्यम है, लेकिन इसे राष्ट्रीय हितों और स्थिरता के साथ संतुलित रखना आवश्यक है।"
- जॉन मेनार्ड कीन्स

बराबरी का सौदा

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ को घटाकर 18% करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। महीनों के गतिरोध के बाद अंतरिम ट्रेड डील यहां तक पहुंची है। मार्च तक इसके फाइनल हो जाने की उम्मीद है। एग्री और डेयरी सेक्टर के मुद्दे पर डील इतने वक्त से अटकी हुई थी, अच्छी बात है कि भारत इसमें अपनी बात मनवाने में सफल रहा। फिर भी कुछ चिंताएं हैं।

भारत-US डील

निर्यातक फायदे में | पहले बात होनी चाहिए सकारात्मक चीजों की। कोई डील न होने और अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में ज्यादा टैरिफ भरने से बेहतर है डील का होना। ट्रंप ने भारत को सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में डाला हुआ था और इसका असर पड़ रहा था निर्यात पर। बांग्लादेश, चीन, वियतनाम के मुकाबले भारतीय निर्यातक ज्यादा संघर्ष की स्थिति में थे। डील ने यह स्थिति उल्टी कर दी है। अहम है कि इस 18% को भी और कम कराने के लिए बातचीत की गुंजाइश बनी हुई है। सरकार को निश्चित तौर पर इस बिंदु पर दबाव डालने की कोशिश करनी चाहिए।

किसानों की सुरक्षा | डील को लेकर सबसे बड़ा सवाल था किसानों को लेकर। यह वो रेड लाइन है, जिसका सम्मान करने की बात भारत कई बार कह चुका है। किसी भी व्यापारिक साझेदार को इस क्षेत्र में रियायत नहीं दी गई। फिर, अमेरिका और भारत के किसानों के बीच ये जमीन, उपज, संसाधन, तकनीक और आय का विशाल अंतर मौजूद है। भारतीय किसान अभी इस हालत में नहीं कि अमेरिकी किसानों से प्रतिस्पर्धा कर सकें। इसलिए भारत ने अमेरिकी गेहूं, चावल, मक्का और डेयर प्रॉडक्ट्स समेत कई चीजों पर रियायत नहीं दी।

जीरो टैरिफ | कोई भी समझौता बराबरी के स्तर पर होना चाहिए और इस डील के यहां तक पहुंचने के दौरान भारत ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है। अगर अमेरिका के चुनिंदा कृषि उत्पादों को भारत में एंट्री मिल रही है, तो बदले में देश के कई प्रॉडक्ट्स पर भी ज़ीरो टैरिफ हो जाएगा। फार्मा सेक्टर को इसका खास फायदा मिलने की उम्मीद है। भारत जेनरिक दवाओं का सबसे बड़ा उत्पादक है।

तेल पर पेच | समझौते को लेकर दोनों पक्ष सकारात्मक हैं। लेकिन, रूस से तेल खरीद ऐसा मुद्दा है, जिस पर बात अब भी फंसी लग रही है। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में भारत के तेल आयात पर नजर रखने का प्रावधान भी है। यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता से जुड़ा मामला है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। हालांकि उम्मीद है कि बातचीत से इसका भी हल निकल आएगा।

नश्तर

गब्बर उदास है

गब्बर सिंह ऊब रहा था। उसने सांभा से पूछा, 'कितने आदमी थे?' 'दो थे, लेकिन फौजी नंबर-एक का नाम SIR में कट गया तो एक ही बचा है।' सांभा के चेहरे पर खुशी के भाव थे कि अब एक से ही निपटना पड़ेगा। 'फौजी नंबर-एक कहां चला गया?' गब्बर गुर्राया। 'वह गांव गया है, गब्बर। अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने', सांभा ने जवाब दिया। गब्बर गुस्सा गया, 'ज्यादा ज्ञानेश न बनो सांभा, नाम तो ऑनलाइन भी जुड़ सकता है।' सरदार के तेवर देखकर सांभा ने आहिस्ते से कहा, 'वहां रामगढ़ में नेट बहुत कमजोर है। मैं इसलिए तो दिन भर ऊंची पहाड़ी पर बैठा रहता हूं कि नेट मिलता रहे और रील्स चलती रहें।'

सौरभ श्रीवास्तव

गब्बर को सांभा की काहिलियत पर क्रोध तो बहुत आया पर वह अपने गुस्से को दबाते हुए बोला, "जरा ऑनलाइन देखकर बताओ कि सरकार ने हमारे सिर पर कितना इनाम रखा है।" सांभा ने मोबाइल ऊपर कर नेट कैच करवाया और बोला, '50 हजार से बढ़ाकर 5 लाख तो कर दिया है, पर...।' 'पर क्या?' '20% शॉर्ट टर्म गेन कट जाएगा... पर सरदार यह नुकसान तो ठाकुर को होगा, अगर वह आपको पकड़ पाया तो।' 'आक... थू!' गब्बर ने खैनी थूकी और ठहाका लगाया, 'यही तो तुम समझे नहीं सांभा। हमारे और ठाकुर के बीच डील हो गई है। ठाकुर अपने दोनों फौजियों से हमें पकड़वाएगा। पुलिस को सौंपेगा और सरकार के इनाम का आधा पैसा हमें देगा।' 'लेकिन यह तो बेईमानी है सरदार। हम डाकू हैं, नेता या बिजनेसमैन नहीं।' गब्बर सोच में पड़ गया। 'फौजी नंबर दो आ रहा है सरदार', ऊपर बैठे सांभा की आवाज गूंजी। 'फौजी नंबर-दो, हमें पकड़ने आए हो या ठाकुर का संदेश लाए हो?' गब्बर ने पूछा। वह बोला, 'ठाकुर ने डील कैंसल कर दी है, क्योंकि गांव वाले शहर जाकर गिग वर्कर बन गए हैं। कोई बचा ही नहीं जिस पर तुम जुल्म करो, इसलिए सरकार ने तुम्हारे सिर से इनाम भी हटा दिया है।' इनाम ही नहीं, तो डील कैसी!' रामगढ़ में गब्बर आज भी उदास और बेकार बैठा है।

एकदा

संकलन : हरिप्रसाद राय

करुणा में शांति

कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक ने हिंसा का मार्ग त्याग तो दिया, पर युद्ध की भयावह स्मृतियां उनका पीछा नहीं छोड़ रही थीं। एक दिन वह उद्यान में टहल रहे थे कि उनकी दृष्टि एक युवा पर पड़ी। उसके चेहरे पर अद्भुत शांति थी। अशोक ने उसे बुलवाया और परिचय पूछा। युवक ने कहा, 'मैं बौद्ध भिक्षु निग्रोधकुमार हूं, सुसीम का पुत्र। पिता के वध के समय मैं मां के गर्भ में था। मेरी मां किसी तरह वन निकलीं और एक बौद्ध भिक्षु की शरण में मेरा जन्म हुआ।' सुसीम का नाम सुनते ही अशोक व्यथित हो उठे। हाथ जोड़कर बोले, 'मैं अपराधी हूं। मेरे कारण तुम्हारी मां को जंगलों में भटकना पड़ा। मुझे खुद से घृणा हो रही है। सुसीम मेरा भाई था।' भिक्षु शांत स्वर में बोला, 'मुझे घृणा का अर्थ नहीं पता। मैं केवल प्रेम जानता हूं और सभी प्राणियों से प्रेम करता हूं।' यह सुनकर अशोक का हृदय द्रवित हो उठा। उन्होंने पूछा, 'मैं भी शांति चाहता हूं, यह कैसे संभव है?' भिक्षु ने उत्तर दिया, 'बुद्धं शरणं गच्छामि - बुद्ध की शरण लेकर उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारिए।' बुद्ध की शिक्षाओं को अपनाकर उन्होंने न केवल स्वयं शांति पाई, बल्कि उसे संसार में फैलाया। इस कहानी से प्रेरणा मिलती है कि करुणा में ही शांति है।



AI Image

नई दिल्ली ने दिखाया कि बात मनवाने के लिए ट्रंप की ख़ुशामद करने की ज़रूरत नहीं

डील का हुनर भारत से सीखिए

भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर शंका करने की कई वजहें थीं। लग रहा था कि डील होगी नहीं या फिर कम से कम निकट भविष्य में तो कोई समझौता नहीं होने जा रहा। वजह कि दोनों देशों के रिश्तों में तनाव था और भरोसा काफी हद तक टूट चुका था। नई दिल्ली राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों को डील से बाहर रखने पर अड़ी थी। वहीं, अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने यह कहकर तनाव बढ़ा दिया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने डॉनल्ड ट्रंप को कॉल नहीं किया और इस वजह से भारत ने डील का बड़ा मौका गंवा दिया है।

माइकल कुगेलमैन

वक्त की अहमियत | इस डील के लिए भारत ने हरसंभव कदम उठाए। उसने कई टैरिफ कम या खत्म कर दिए। रूस से तेल आयात भी कम कर दिया, पर बात नहीं बनी। तो फिर यह समझौता क्यों हुआ, और वह भी अभी? इसके पीछे तीन संभावित कारण दिखाई देते हैं और इनका संबंध रणनीतिक आकलन से ज्यादा राजनीतिक और आर्थिक है।

■ पहली वजह यह है कि ट्रंप नवंबर में होने वाले मिड टर्म चुनावों के बारे में अभी से सोच रहे होंगे। उन्हें यह भी पता होगा कि उनकी टैरिफ नीतियों की वजह से अमेरिका में खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ गए हैं।

■ दूसरी वजह यह हो सकती है कि भारत और EU के बीच हुए नए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) ने वाइट हाउस को सतर्क कर दिया हो। उसे यह आशंका रही होगी कि भारत के साथ कारोबार करने वाले अमेरिकी उद्यमियों को नुकसान हो सकता है।

■ अगली वजह हैं सर्जियो गोर, भारत में अमेरिका के नए राजदूत। वह मानो इस मिशन के साथ नई दिल्ली पहुंचे हैं कि द्विपक्षीय रिश्तों को फिर से सुधारना है। उन्होंने साझेदारी को लेकर सकारात्मक माहौल बनाया, उच्च स्तर पर बातचीत की और सुलह के लिए कदम उठाए। भारत को पैक्स सिलिका का न्योता देना ऐसी ही पहल रही। वॉशिंगटन में गोर का खासा दखल है। संभव है कि उन्होंने ही ट्रंप को मोदी से बातचीत करने के लिए राजी किया हो।

डील के सबक | भारत ने भी धैर्य बनाए रखा, न ही कोई तीखी प्रतिक्रिया दी। इसी वजह से आखिरकार ट्रंप को समझौते पर आना पड़ा। भारत ने दिखा दिया कि अपनी बात मनवाने के लिए ट्रंप की खुशामद करने की जरूरत नहीं। इसके पांच अहम निहितार्थ हैं -

■ दोनों देशों के बीच डील अभी तक सुरक्षित मुकाम पर नहीं पहुंची है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने साफ किया है कि अभी केवल फ्रेमवर्क एग्रीमेंट हुआ है, डील नहीं। ट्रंप के अनिश्चित स्वभाव को देखते हुए कहना मुश्किल है कि आने वाले दिनों में क्या हो जाए।

■ यह समझौता भले अभी औपचारिक न हो, पर द्विपक्षीय रिश्तों को बड़ा बल देता है। यह भरोसा बढ़ाने वाला अहम कदम है। तनाव और भरोसे की कमी के बावजूद दोनों देश किसी नतीजे तक पहुंच पाए हैं। यह सच है कि रिश्तों को नए सिरे से मजबूत करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है, खासकर जब ट्रंप लगातार पाकिस्तान और मुनीर की तारीफों के पुल बांधते नजर आते हैं। अगला अहम संकेत QUAD होगा। अगर भारत को लगा कि अमेरिका के साथ रिश्तों में इतनी नरमी आ चुकी है कि लंबे समय से टल रही इसके नेताओं की बैठक की मेजबानी की जा सके तो द्विपक्षीय रिश्तों को बड़ा सहारा मिलेगा। ऐसा इसलिए भी क्योंकि तब ट्रंप भारत आ सकते हैं। ट्रंप तभी आएंगे, जब उनके पास दिखाने के लिए कुछ हो और ट्रेड डील बिल्कुल मुफीद है।

■ अगर यह ट्रेड डील रिश्तों को स्थिर करती है, तो अमेरिका के साथ भविष्य को लेकर भारत के मन में जो अनिश्चितता थी, उसमें कुछ राहत मिल सकती है। इसी अनिश्चितता की वजह से भारत संतुलन की नीति अपनाए हुए है। वह चीन के साथ व्यापारिक सहयोग बढ़ा रहा है। संतुलन की नीति में थोड़ी भी ढील वॉशिंगटन के लिए संकेत होगी कि पेइचिंग को काउंटर करने के अमेरिकी प्लान में भारत साथ है।

■ यह डील उन आलोचकों को जवाब होगी, जो कहते रहे हैं कि भारत FTA के लिए सही देश नहीं है और संरक्षणवाद को बढ़ावा देता है।

■ भारत का अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर देना सही रहा। पिछले एक साल में तमाम झटकों के बावजूद रूस के साथ रिश्ते मजबूत बने रहे, चीन संग संबंधों में स्थिरता आई है और अमेरिका के साथ संबंध सुधर रहे हैं। यह उपलब्धि तारीफ के काबिल है।

(लेखक दक्षिण एशिया मामलों के विशेषज्ञ हैं)

जब कोई हद याद दिलाए, तो कहिए थैंक यू

'एक बार जब हम अपनी हद स्वीकार कर लेते हैं, तो फिर उसके पार जा सकते हैं।' अल्बर्ट आइंस्टाइन ने जब यह कहा था, तब भी इन शब्दों की कद्र करने वाले कम थे और आज भी। सब चाहते हैं कि हद हो, लेकिन वे उसमें न हों। हर कोई अपनी सीमा लांघना चाहता है - डॉनल्ड ट्रंप को बुरा लग रहा है कि अमेरिका की सीमा में ग्रीनलैंड क्यों नहीं, रूस को अपनी सीमा के बाहर का यूक्रेन चाहिए और पाकिस्तान अपनी सीमाओं के परे जाकर ICC के नियम मानने से इनकार कर रहा है। इतिहास ने लेकिन यह बात बार-बार साबित की है कि लिमिट क्रॉस करने का रोमांच कुछ दिनों का होता है, पर उसकी सजा लंबी मिलती है। जो सीमा नहीं मानते, वे आखिर में अशांति, विरोध और अकेलेपन का सामना करते हैं। और यह सिर्फ देशों या संस्थाओं पर ही नहीं, हमारे-आपके जीवन पर भी लागू होता है। देश तो फिर भी नक्शे के लिए लड़ते हैं, पर इंसान की जंग शुरू हो जाती है अपनी ही जिंदगी से।

'अपनी हद में रहो' - यह चेतावनी सबसे कीमती सीख है दरअसल। अपनी हदों को पहचानना और उसमें ही रहना कमजोरी या हार नहीं। यह स्थिरता है, जिसके बिना खुशी नहीं मिलती। हद में रहने का आनंद बड़ा है क्योंकि यह अपने जीवन का नियंत्रण लौटाता है। अपनी सीमा में रहते हुए हम अपनी गति खुद तय करते हैं। तब हम दूसरों की दौड़ में शामिल नहीं होते, वह रेस हमारी होती है। हर चीज जीतने की कोशिश नहीं करते, बस सही को चुनते हैं।

अपने लिए कठिन टास्क रखना गलत नहीं है, लेकिन उस 'कठिन' पर भी लगाम होनी चाहिए। बैटर कितना भी बड़ा हो, खड़ा उसे एक लाइन के भीतर ही होना पड़ता है। वह गेंद को सीमा जरूर पार कराता है, लेकिन अपने लिए खींची गई सीमा का सम्मान करके। अपनी हद में लौटने के लिए जब वह जी-जान से दौड़ लगाता है, तब तो कोई उसका मजाक नहीं बनाता! उसकी हर दौड़ और हर रन आनंद से भर देता है फैंस को। यह खेल बताता है कि जीत केवल ताकत से नहीं, अनुशासन से भी मिलती है। और अनुशासन का एक नाम है हद को जानना।



AI Image

जीवन आनंद
शैलेंद्र पांडेय

सीमाओं से परिचय हो जाए, तो मुश्किल आसान हो जाती है। तब व्यर्थ की भागदौड़ नहीं रहती। असीमित शक्ति होते हुए भी नदी बहती अपने दोनों किनारों के भीतर ही है। इसी तरह रिश्ते-नाते हों या व्यापार - इंसान तभी ज्यादा आगे बढ़ता है, जब हद का ख्याल रखता है। जब वह किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं, हर सांस को महसूस करने के लिए जीता है। आज भड़कना और भड़काना, और अपनी सीमाओं के पार चले जाना आसान है बहुत - मुश्किल है तो खुद पर काबू बनाए रखना।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

मछलियों की तरह जाल की सचाई नहीं देखता इंसान

जया रो

कोई मछुआरा जब नदी में जाल डालता है, तो उसे चार तरह की मछलियां मिलती हैं। कुछ खतरा भांपते ही फुर्ती से निकल जाती हैं। कुछ मछलियां संघर्ष करती हैं और किसी तरह बच निकलती हैं। कुछ छटपटाती हैं, पर जाल में ही फंसी रह जाती हैं। और ज्यादातर मछलियां जाल को ही चबाने लगती हैं, मानो वह उनका आहार हो। उन्हें खतरे का एहसास ही नहीं होता। फिर उनका अस्तित्व ही खत्म हो जाता है।

मनुष्य की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है। ज्यादातर लोग माया के जाल में फंसे चौथी प्रकार की मछलियों की तरह बंधन में ही सुख तलाश लेते हैं- ये भोगी हैं। कुछ लोग जीवन की नश्वरता और उलझनों को समझने लगते हैं, जागते हैं और स्वयं को मुक्त करने का प्रयास करते हैं- ये योगी हैं। इनमें से कुछ ही वास्तव में बंधनों से मुक्त हो पाते हैं- वे संन्यासी हैं। सबसे दुर्लभ वह है, जो संसार में रहते हुए भी उससे अछूता रहता है- नित्य मुक्त। वही ज्ञानी है।



AI Image

भगवद्गीता का पांचवां अध्याय इसी आंतरिक यात्रा का मार्गदर्शन करता है। गीता कहती है कि कर्मयोग ही आधार है। कर्म के बिना साधना संभव नहीं। योगी कर्म के मार्ग पर चलता है, इच्छाओं से जूझता है। संन्यासी अधिकांश इच्छाओं से मुक्त होकर ध्यान और विवेक में स्थित हो जाता है। वह न द्वेष करता है, न आसक्ति, और सहज ही मुक्ति के निकट पहुंच जाता है। ज्ञानी वह है जिसने मन को शुद्ध कर लिया, इंद्रियों पर संयम पा लिया। वह सभी प्राणियों में स्वयं को देखता है। कर्म करता हुआ भी भीतर से अकर्ता रहता है। गीता सिखाती है- कर्म का त्याग नहीं, कर्म में त्याग। पूरी निष्ठा से कर्म करो, पर फल क्या मिलेगा यह ईश्वर पर छोड़ दो। जो भी मिले, उसे प्रसाद समझो।

त्याग का संबंध वस्तुओं से नहीं, इच्छाओं से है। इच्छाएं कम हों तो वैराग्य है, बढ़ें तो बंधन। सुदामा निर्धन थे, जनक विलासी- दोनों वैरागी थे। जीवन के सुखों को नकारना आवश्यक नहीं। उन्हें प्राप्त करो, भोगो, अनुभव करो, पर उनसे बंधो मत। विडंबना यह है कि जब आसक्ति छूटती है, तभी आनंद बढ़ता है।

कांटे की बात

छोटे खेत, कम कमाई, लेकिन पेट भरने के लिए ज्यादा लोगों की जिम्मेदारी - भारतीय किसानों का अर्थशास्त्र अमेरिका से बिल्कुल अलग है। इसी वजह से ट्रेड डील में उन पर ज्यादा फोकस रहा। आंकड़ों से समझते हैं अंतर।

मेरी उम्र 75 वर्ष हो गई है। मैं कार्यकर्ताओं के कहने पर पद पर बना हुआ हूं। जब संघ कहेगा, दायित्व से निवृत्ति होगी, लेकिन इसके बाद भी कार्य से निवृत्ति नहीं होगी। दायित्व से निवृत्त होने के बाद भी जीवनभर काम चलता रहता है।

मोहन भागवत, RSS प्रमुख

डेटा Window

कितने अलग भारत-अमेरिका के किसान

58% आबादी भारत की कृषि पर निर्भर

2% लोग खेती के भरोसे हैं अमेरिका में

1.2 लाख डॉलर कमाई US में सालाना

13,661 रु. औसतन है हमारे किसान की कमाई

1% योगदान US की GDP में किसानों का

17.8% हिस्सा भारत की GDP में खेती का

90 लाख+ अमेरिका में दुधारू गाय

4 करोड़+ भारत में गायों की संख्या

10.3 करोड़ टन दूध उत्पादन करता है US

23.93 करोड़ टन दूध का भारत में उत्पादन

178 हेक्टेयर के औसत खेत होते हैं US में

1.08 हेक्टेयर का औसत खेत हिंदुस्तान में

250 हेक्टेयर जमीन औसतन अमेरिकी के पास

2 हेक्टेयर से कम खेत 86% भारतीय किसानों के पास

जनता जंक्शन | इरफान

समृद्धि का नया रास्ता खोलेगा भारत-यूरोपीय संघ समझौता

भारत का यूरोप के साथ 250 ईसा पूर्व से समृद्ध व्यापारिक संबंध रहा है। तब भारतीय मसलिन, कपास, हस्तशिल्प, मसाले, पन्ना और रत्न अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिहाज से सबसे पसंदीदा वस्तु थे। इनमें से कई सामान यूरोप भी जाते थे। इनके बदले भारत को सोना-चांदी दिया जाता था। सुनहरे दिनों में भारत-यूरोप व्यापार ने मात्रा और पैमाने के लिहाज से अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की।



राजेश अग्रवाल

2007 से प्रयास | मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के जरिये इस संबंध को सुदृढ़ करने का प्रयास 2007 में शुरू किया गया था। हालांकि, गंभीर मतभेदों के कारण 2013 में बातचीत रुक गई। लेकिन, 2022 में दोबारा बातचीत शुरू हुई और चुनौतियों के बावजूद केवल दोनों देशों के राजनेताओं की मजबूत प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही इसे अंतिम रूप दिया जा सका। खास बात है कि जिस व्यापार करार को दोनों पक्षों ने बातचीत से पूरा किया है वह अस्थिर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में नियम-आधारित व्यापार संबंध दर्शाता है।

सबसे महत्वपूर्ण समझौता | भारत-यूरोपीय संघ (EU) मुक्त व्यापार समझौता शायद हालिया वक्त का सबसे महत्वपूर्ण समझौता है। यह दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार क्षेत्रों में से एक का निर्माण कर सकता है, जिसमें लगभग 2 अरब लोग और 28 देश शामिल होंगे, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 25% है। इस समझौते में व्यापार संबंध को प्रगाढ़ करने के लिए अद्यतन और मूल विषयों के साथ-साथ प्रक्रिया-संबंधी प्रावधान भी हैं। इसके अलावा, यह समझौता बौद्धिक संपदा (IP) संरक्षण को पुनर्स्थापित करता है और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण व सूचना प्रवाह को बढ़ावा देने पर अतिरिक्त ध्यान केंद्रित करता है।

खोलेगा बाजार के द्वार | समझौते का मुख्य ध्यान दोनों देशों के बाजार के लिए द्वार खोलना है। करार भारत के निर्यात व्यापार मूल्य के 99% से अधिक के लिए बाजार पहुंच प्रदान करता है, जिसमें कम से कम 90% भारतीय निर्यात को समझौते के लागू होने पर तुरंत निःशुल्क प्रवेश की सुविधा मिलेगी। साथ ही रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि-प्रसंस्करण और खनिज जैसे उद्योग भी EU के जीवंत बाजार में निर्यात विविधता देने में सक्षम होंगे। भारत ने यूरोप के वाहनों के लिए बाजार पहुंच की अनुमति दी है। इसी तरह, यूरोपीय संघ की शराब पर भारत की छूट घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ उच्च मूल्य वर्ग में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है।

सेवाओं के लिए संभावनाएं | सेवाओं के व्यापार के लिए भारत-EU व्यापार करार में काफी संभावनाएं हैं। इसके तहत भारत ने 144 सेवा क्षेत्रों में EU की प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं। वित्तीय सेवाओं पर संलग्नक भारत और यूरोपीय संघ के बीच इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों पर अधिक सहभागिता का प्रावधान करता है। जिसमें भारत की UPI जैसी डिजिटल भुगतान प्रणालियों का उपयोग शामिल है। यह समझौता AYUSH और पारंपरिक चिकित्सा कर्मियों को भी अधिक निश्चितता के साथ यूरोपीय देशों में अपनी सेवाएं देने का मौका देगा।

न्यायसंगत व्यापार | यह करार दो बड़े बाजारों के बीच मुक्त, न्यायसंगत और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। साथ ही सतत विकास संबंधी चिंताओं के संदर्भ में सहयोग का एक नया मॉडल प्रस्तुत करता है। इस सहभागिता का मुख्य उद्देश्य नीति संवाद, तकनीकी सहायता और वित्तीय उपकरणों और संसाधनों को जुटाने पर है। दोनों पक्षों ने त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र, गैर-उल्लंघन शिकायतें और स्वतंत्र परिशिष्ट जैसी व्यवस्थाओं पर भी बातचीत की है, जो कुछ नीति उपायों या उत्पाद-विशिष्ट उपायों के संबंध में उनकी विशिष्ट चिंताओं का समाधान कर सकते हैं। करार की असल चुनौती डेयरी एवं कृषि क्षेत्र जैसे कुछ महत्वपूर्ण हितधारकों की चिंताओं को नजरअंदाज किए बगैर बाजार खोलने की महत्वाकांक्षा को हासिल करना था।

रणनीति का पूरक | सप्लाई चेन व्यवधान के युग में भारत-EU मुक्त व्यापार समझौता; भारत-UK FTA, EFTA और अन्य व्यापक व्यापार समझौतों से हुए लाभ में पूरक की भूमिका निभाएगा। 2021 से भारत ने 9 व्यापक व्यापार करार किए हैं और अगले कुछ महीनों में कई प्रमुख आर्थिक साझेदारी समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता जारी है। भारत-EU व्यापार समझौते का निष्कर्ष भारत की नई आर्थिक और व्यापारिक पहलों को तेज करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

(लेखक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग सचिव हैं)

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: cci Time: 02-08-2026 22:41 Color:

फटाफट खबरें

कीमतें बढ़ाएगी टाटा मोटर्स: MD

■ एनबीटी: टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (TMPVL) के MD,CEO शैलेश चंद्रा के अनुसार, जिंसों की बढ़ती लागत के दबाव के कारण कंपनी आगामी हफ्तों में अपने वाहनों की कीमतें बढ़ाएगी। दूसरी ओर मारुति सुजुकी इंडिया मूल्य वृद्धि के लिए स्थिति की समीक्षा कर रही है, वहीं हुंडै मोटर इंडिया ने जनवरी में मुख्य रूप से अपने वेन्यू मॉडल पर कीमतें पहले ही बढ़ा दी हैं। चंद्रा ने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के दौरान कहा, 'हम पिछले लगभग एक साल से जिंसों की लागत का दबाव झेल रहे हैं। हमें अभी भी कीमती धातुओं, तांबे आदि की कीमतों में दबाव दिख रहा है।'

PSB का मुनाफा बढ़ेगा: नागराजू

■ भाषा, नई दिल्ली: सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSB) की बेहतर स्थिति से उत्साहित वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने भरोसा जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में इन बैंकों का संयुक्त मुनाफा दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाना चाहिए। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के अच्छी स्थिति में होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत है, जो काफी उत्साहजनक है। उन्होंने को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'बैंक अर्थव्यवस्था की मजबूती के संकेत हैं।

अप्रैल में IPO की तैयारी में फोनपे

■ एनबीटी: वॉलमार्ट समर्थित फिनटेक दिग्गज फोनपे अप्रैल में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी की योजना भारत के डिजिटल भुगतान बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ-साथ वित्तीय सेवाओं और नए उपभोक्ता मंचों के क्षेत्र में विस्तार करने की है। कंपनी ने अपने मसौदा दस्तावेजों (डीआरएचपी) में उल्लेख किया है कि डिजिटल भुगतान ही उसकी प्रगति का प्रमुख स्रोत बना रहेगा। इसके विस्तार के लिए कंपनी अपने उपभोक्ता आधार, संभावित बाजार और मंच के कार्यक्षेत्र को व्यापक बनाने हेतु पूंजी लगाने की योजना बना रही है।

FPI फिर से बने शुद्ध खरीदार

तीन महीनों की भारी बिकवाली के बाद 8,100 करोड़ रुपये का निवेश

AI image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: लगातार तीन महीनों तक भारी बिकवाली करने के बाद फरवरी की शुरुआत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक यानी एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। इससे बाजार में एक बार फिर पॉजिटिव सेंटिमेंट बनता नजर आ रहा है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक फरवरी के पहले सप्ताह में FPI ने भारतीय इक्विटी में 8,100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। 6 फरवरी तक का आंकड़ा देखें तो यह निवेश 8,129 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। लंबे समय बाद यह बदलाव इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे पहले विदेशी निवेशक लगातार पैसा निकाल रहे थे। यह निकासी मुद्रा में उतार-चढ़ाव, ग्लोबल व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क की चिंता और इक्विटी के ऊंचे मूल्यांकन के कारण हुई थी।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार यह निवेश हाल के महीनों में हुई लगातार निकासी के बाद आया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि हालिया खरीदारी जोखिम लेने की बढ़ती क्षमता और भारत के वृद्धि परिदृश्य में नए भरोसे को दर्शाती है। FPI ने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। FPI ने कुल मिलाकर 2025 में भारतीय इक्विटी से शुद्ध 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले थे।

महंगाई के आंकड़े तय करेंगे बाजार की दिशा

■ मुंबई: इस सप्ताह में शेयर बाजार का रुख कई अहम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फैक्टर्स जैसे महंगाई से जुड़े आंकड़े, विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां, ग्लोबल बाजारों का मूड और तिमाही नतीजे निवेशकों की रणनीति को प्रभावित कर सकते हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के रिसर्च हेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक कारक मौजूद हैं। भारत में, निवेशक 12 फरवरी को आने वाले खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों और 13 फरवरी को आने वाले विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।'

उन्होंने आगे कहा, 'तिमाही नतीजे भी आ रहे हैं, जिसमें टाइटन कंपनी और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियों के परिणाम इस सप्ताह आने हैं। ग्लोबल स्तर पर, प्रतिभागी अमेरिकी आंकड़ों और हालिया गिरावट के बाद नैस्डैक कंपोजिट के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे।' मिश्रा ने कहा कि जियो-राजनीतिक घटनाक्रम और जिंस बाजारों पर उनके प्रभाव पर भी करीब से नजर रखी जाएगी। अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और आयशर मोटर्स के नतीजे भी इस सप्ताह आएंगे। भारत और अमेरिका ने शनिवार को घोषणा की कि वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। ऑनलाइन कारोबारी मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, 'आम बजट 2026-27 और आरबीआई के मौद्रिक नीति निर्णयों के प्रभाव के बाद भारतीय इक्विटी बाजार अब एक सुदृढ़ीकरण चरण में प्रवेश कर गए हैं। अब निवेशकों का ध्यान पूंजीगत व्यय के निष्पादन और वास्तविक खर्च की गति पर केंद्रित हो गया है।'

माइक्रो-कैप शेयर: लालच, लिक्विडिटी और लंबी दूरी का सच

विजय केडिया

अपने तीन दशकों के निवेश अनुभव में मैंने यह कई बार देखा है भारतीय शेयर बाजार में हर तेजी के दौर में एक ऐसा सेगमेंट होता है, जो निवेशकों की कल्पना को सबसे ज्यादा आकर्षित करता है। आज यह भूमिका माइक्रो-कैप शेयर निभा रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में इस श्रेणी में म्यूचुअल फंडों और रिटेल निवेशकों का निवेश तेजी से बढ़ा है। आंकड़े बताते हैं कि पांच वर्षों में म्यूचुअल फंडों की माइक्रो-कैप हिस्सेदारी कई गुना बढ़ चुकी है।

इस आकर्षण के पीछे वजह समझना कठिन नहीं है। माइक्रो-कैप कंपनियां छोटी होती हैं, लेकिन उनके सपने बड़े होते हैं। सही समय पर चुनी गई कुछ कंपनियां आगे चलकर स्मॉल-कैप और फिर मिड-कैप बनती हैं। निवेशक ऐसी कहानियों से प्रेरित होते हैं-और होना भी चाहिए। लेकिन यहीं सबसे बड़ा भ्रम भी जन्म लेता है।

'जो दिखता है, वही पूरा सच नहीं': माइक्रो-कैप निवेश में सबसे बड़ा जोखिम उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि लिक्विडिटी है। अच्छे समय में जब बाजार ऊपर जा रहा होता है, तब लिक्विडिटी का अभाव महसूस नहीं होता। शेयर रोज ऊपर जाते हैं, खरीदार आसानी से मिल जाते हैं। लेकिन जैसे ही माहौल बदलता है, वही शेयर निवेशक को कैद कर लेते हैं।

थोड़ी सी बिकवाली भी इन शेयरों की कीमतों को तेजी से नीचे ला सकती है।

हर कहानी सफल नहीं होती: अक्सर कुछ असाधारण रिटर्न देने वाले माइक्रो-कैप शेयर पूरे सेगमेंट की छवि बना देते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इस वर्ग में अधिकांश कंपनियां निवेशकों के धैर्य की परीक्षा लेती हैं — और कई पूंजी भी नष्ट करती हैं। यहां प्रदर्शन का अंतर बहुत ज्यादा होता है। कुछ शेयर 10-20 गुना रिटर्न देते हैं, तो कई वर्षों तक अपनी शुरुआती कीमत भी नहीं छू पाते। इसलिए माइक्रो-कैप निवेश में 'स्टॉक सेलेक्शन' सबसे अहम तत्व है।

म्यूचुअल फंड और निवेशक की जिम्मेदारी: आज कई स्मॉल-कैप और मल्टी-कैप फंड अपने पोर्टफोलियो में माइक्रो-कैप का अच्छा-खासा हिस्सा रखते हैं। यह रणनीति तब तक ठीक है जब निवेशक इसके जोखिमों को समझते हों। चिंता तब होती है जब निवेश केवल हालिया रिटर्न देखकर किया जाता है। नियामकों की भूमिका यहां महत्वपूर्ण हो जाती है, लेकिन उससे भी ज्यादा जिम्मेदारी निवेशक की है-यह समझने की कि हर तेजी स्थायी नहीं होती।

(लेखक अनुभवी निवेशक और वेल्थ कोच हैं)

तो निवेशक क्या करें?

- माइक्रो-कैप शेयर न तो पूरी तरह त्यागने योग्य हैं और न ही आंख मूंदकर अपनाने योग्य।
- यह सेगमेंट उन निवेशकों के लिए है जो कम से कम 10 वर्षों का समय दे सकते हैं।
- उतार-चढ़ाव से मानसिक रूप से विचलित नहीं होते, लिक्विडिटी की सीमाओं को स्वीकार करते हैं।
- सीधे शेयर चुनने के बजाय अनुभवी और अनुशासित फंड मैनेजमेंट के जरिए निवेश करना अच्छा विकल्प है।
- माइक्रो-कैप शेयर सपने बेचते हैं, लेकिन परीक्षा धैर्य की लेते हैं।
- जो निवेशक लिक्विडिटी को नजरअंदाज करता है, वह रिटर्न से पहले फंसता है।
- यह दौड़ तेज नहीं, लंबी है-और यहां वही जीतता है, जो अंत तक टिके रहने की क्षमता रखता है।

ड्राफ्ट नियमों में ट्रांसफर प्राइसिंग रिपोर्टिंग में बदलाव

■ भाषा, नई दिल्ली: सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस (CBDT) ने इनकम-टैक्स एक्ट, 2025 को लागू करने से पहले पब्लिक कंसल्टेशन के लिए इनकम-टैक्स नियमों और फॉर्म्स का ड्राफ्ट जारी किया है, जो 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

विभाग ने एक बयान में जानकारी दी कि व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'प्रस्तावित आयकर नियम, 2026' और संबंधित फॉर्म को अंतिम अधिसूचना से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने परामर्श प्रक्रिया के तहत हितधारकों से चार श्रेणियों में सुझाव मांगे हैं। इनमें भाषा का सरलीकरण, मुकदमों में कमी, अनुपालन बोझ को कम करना और अप्रासंगिक या पुराने हो चुके नियमों व प्रपत्रों की पहचान करना शामिल है। नियमों में गलत क्लेम को कम करने के लिए फॉरेन टैक्स क्रेडिट (FTC) क्लेम करने के लिए अकाउंटेंट-सर्टिफाइड फाइलिंग का भी प्रस्ताव है, खास पेमेंट के लिए डिजिटल रुपये को मान्यता देना, और ऑडिट रिपोर्ट, स्टेटमेंट और TDS सर्टिफिकेशन से जुड़े फॉर्म को एक साथ मिलाना शामिल है। विभाग ने कहा, 'हितधारकों को इन मसौदों का अध्ययन कर सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अंतिम अधिसूचना से पूर्व इन सभी सुझावों को संकलित कर उन पर समीक्षा के लिए विचार किया जाएगा।' सुझाव देने की सुविधा के लिए 'ई-फाइलिंग' पोर्टल पर एक लिंक जारी किया गया है, जो चार फरवरी, 2026 से सक्रिय है। हितधारक अपने नाम और मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी आधारित सत्यापन के बाद अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सुझाव देते समय संबंधित नियम, उप-नियम या प्रपत्र संख्या का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए।

> CBDT ने पब्लिक कंसल्टेशन के लिए इनकम-टैक्स नियमों और फॉर्म्स का ड्राफ्ट जारी किया

'74% रिक्रूटर्स को टैलेंट सर्च में परेशानी'

AI image



■ मुंबई: अब 74% रिक्रूटर्स को योग्य कैंडिडेट को ढूंढने में परेशानी हो रही है, भले ही हायरिंग गतिविधि कोविड से पहले के स्तर से 40% अधिक हो। 71%रिक्रूटर्स 'छिपी हुई प्रतिभा को खोजने के लिए AI का इस्तेमाल कर रहे हैं, यह लिंक्डइन की नई रिसर्च में सामने आया है। रिक्रूटर्स में से आधे ने AI-जनरेटेड आवेदनों में वृद्धि की बात कही। लिंक्डइन टैलेंट सॉल्यूशंस की APAC VP रुचि आनंद ने कहा, 'हायरिंग में बड़ा बदलाव है। अब पुरानी डिग्री या पिछले पदों से ज्यादा ध्यान इस बात पर है कि व्यक्ति में कौन-सी स्किल्स दिखाई है, वह क्या कर सकता है। यह AI के बिना बहुत मुश्किल है। AI टूल्स जैसे हायरिंग असिस्टेंट इसमें मदद कर रहे हैं।'

भारत-US ट्रेड डील: किन सेक्टरों में लगाएं दांव?

Sudha.Shrimali
@timesofindia.com

■ मुंबई: लंबे इंतजार के बाद भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील ने बाजार में नई जान फूंक दी है। 3 फरवरी को बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स इंट्राडे में 3,657 अंक तक उछला और निफ्टी 1,220 अंक ऊपर गया। रुपये में मजबूती आई और विदेशी निवेशकों (FII) की वापसी की उम्मीदें भी बढ़ीं। डील के तहत अमेरिका ने कुछ भारतीय उत्पादों पर टैरिफ (आयात शुल्क) 50% से घटाकर 18% किया है। इससे उन सेक्टरों को राहत मिली है जो लंबे समय से दबाव में थे। निवेशकों के मन में सवाल है कि इस डील से असल कमाई कहां हो सकती है और उन्हें किस दिशा में देखना चाहिए?

क्यों अहम है यह ट्रेड डील?

टैरिफ घटने का सीधा मतलब है कि भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार में सामान बेचना सस्ता और प्रतिस्पर्धी होगा। इससे एक्सपोर्ट बढ़ सकता है, कंपनियों की कमाई में सुधार हो सकता है और विदेशी निवेशकों का भरोसा भी मजबूत हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सिर्फ एक दिन की तेजी नहीं है, बल्कि मीडियम से लॉन्ग टर्म के लिए सकारात्मक संकेत है। हालांकि, असली फायदा उन्हीं कंपनियों को मिलेगा जिनकी बैलेंस शीट मजबूत है, जिनका अमेरिका में मजबूत कारोबार है और जो बड़े स्तर पर विस्तार करने की क्षमता रखती हैं।

AI image

'मार्केट 2.0' की शुरुआत?

MOFSL के चेयरमैन रामदेव अग्रवाल का मानना है कि यह डील भारतीय बाजार के लिए गेमचेंजर हो सकती है। उनके अनुसार, अब भारतीय बाजार का '2.0 दौर' शुरू हो सकता है और FIIs का नजरिया बदल सकता है। जाने-माने निवेशक और केडिया सिक्योरिटीज के MD विजय केडिया भी इसे निवेश का मौका मानते हैं। वह कहते हैं कि दूसरी की तुलना में FIIs के लिए भारत अब सस्ता हो गया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, निर्यात और कॉरपोरेट कमाई पर फोकस रखना चाहिए। हालांकि वे चेतावनी भी देते हैं कि तेजी में अति उत्साहित न हो और गिरावट में निराश न हो।

कहां मिल सकता है सबसे ज्यादा फायदा?

आईटी और सॉफ्टवेयर सर्विसेज: कोटक सिक्योरिटीज के अनुसार, टैरिफ घटने से भारतीय आईटी कंपनियों के लिए अमेरिका में काम करना आसान होगा। इससे कॉन्ट्रैक्ट मिलने की गति बढ़ सकती है। इन्फोसिस, TCS, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स, कोफोर्ज जैसी कंपनियों को इससे फायदा होने की उम्मीद है।

टेक्सटाइल और गारमेंट: एक्सपर्ट्स के अनुसार टैरिफ घटने का सबसे तेज असर टेक्सटाइल शेयरों में दिखा। जिन कंपनियों का 20% से 70% तक कारोबार अमेरिका से जुड़ा है, वे बड़ी लाभार्थी हो सकती हैं। गोकलदास, वेलस्पन इंडिया, हिमतसिंगका सेइड, ट्राइडेंट, रेमंड लाइफस्टाइल, इंडो काउंट, काइटेक्स और SP अपैरल्स जैसी कंपनियां चर्चा में हैं।

फार्मा और हेल्थकेयर: भारतीय दवा कंपनियों की 30% से 40% आय अमेरिका से आती है। टैरिफ कम होने से जेनेरिक दवाएं और प्रतिस्पर्धी बन सकती हैं। इससे निर्यात और मुनाफा दोनों बढ़ सकते हैं। ऑटो एंसिलरी और इंजीनियरिंग: ऑटो पार्ट्स और इंजीनियरिंग गुड्स सेक्टर को भी राहत मिल सकती है। भारत फोर्ज, बालकृष्ण टायर्स जैसी कंपनियां लाभ उठा सकती हैं।

गुड न्यूज

कीमोथेरेपी के अगले दिन भी स्टेज पर कथक

जब घुंघरुओं ने दी कैंसर को चुनौती

Kushagra.Dixit@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: अमूमन हर कीमोथेरेपी के अगले दिन इंसान बिस्तर से उठने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। शरीर दर्द और कमजोरी से टूट रहा होता है। लेकिन प्रोमा के लिए यह दिन हार मानने का नहीं, बल्कि अपने घुंघरुओं को बांधने का था। पिछले साल की बात है, फरीदाबाद निवासी 34 साल की प्रोमा स्टेज के पीछे खड़ी अपनी विग (Wig) ठीक कर रही थीं। महज दो दिन पहले ही कैंसर के इलाज की वजह से उनके सिर के बाल गिर गए थे। किसी भी महिला के लिए यह पल दिल तोड़ देने वाला होता है, लेकिन प्रोमा के लिए उनका 'स्टेज' उनका मंदिर था। जैसे ही तबले की थाप गूंजी, कैंसर की वह 'मरीज' कहीं गायब हो गई और मंच पर उतरी एक 'कथक परफॉर्मर'। उनकी तेज चक्करियां और पैरों की वो जादुई थिरकन देखकर कोई कह ही नहीं सकता था कि यह महिला एक जानलेवा बीमारी से लड़ रही है।

प्रोमा बताती हैं कि मैं बिल्कुल ठीक थी, मुझे कोई लक्षण नहीं थे। एक दिन मैंने महसूस किया ... (lump) महसूस हुई। ... 2025 की शुरुआत में प्रोमा को पता चला कि उन्हें 'स्टेज-2 ब्रेस्ट कैंसर' है। यह खबर ... गई थीं। मैं मानसिक रूप से टूट चुकी थी। लेकिन, इस मुश्किल वक्त में उनके पति, परिवार और डांस पार्टनर्स उनके साथ ढाल बनकर खड़े रहे।

डॉक्टर की वो एक सलाह: प्रोमा ने जब अपने डॉक्टर से बात की, तो डॉक्टर ने उन्हें एक ऐसी सलाह दी जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। डॉक्टर ने कहा कि अपनी रोजमर्रा की जिंदगी मत रोकना, और खासकर कथक तो बिल्कुल भी नहीं। प्रोमा के कीमोथेरेपी सेशंस को उनके डांस परफॉर्मेंस के हिसाब से प्लान किया गया। प्रोमा खुद को हमेशा टिप-टॉप और 'प्रेजेंटेबल' रखती थीं। वह इतनी हिम्मत से रहती थीं कि उनके ऑफिस के कुछ सहकर्मी तो यहां तक अफवाह उड़ाने लगे कि वह कैंसर का नाटक कर रही हैं। लेकिन प्रोमा का इरादा साफ था कि उन्हें खुद को 'मरीज' की पहचान में नहीं बांधना था।

> मैं मरीज नहीं, कलाकार हूं। कैंसर ने शरीर आजमाया, आत्मा नहीं। कथक मेरी ताकत है, मंच मेरी दवा। नाचे बिना हार मानना मुझे आता ही नहीं। मैं हर ताल में जिंदगी चुनती हूं, हर दिन। - *प्रोमा, कथक डांसर*

8 कीमो, सर्जरी और 20 रेडिएशन

इलाज के दौरान प्रोमा का शरीर काफी कमजोर हो गया था। मार्च से जून 2025 के बीच उनके 8 कीमो साइकल हुए। जुलाई में उनकी बड़ी सर्जरी हुई और फिर 20 राउंड रेडिएशन। अक्सर कीमो के अगले दिन लोग बिस्तर से नहीं उठ पाते, लेकिन प्रोमा उसी दिन प्रैक्टिस करती थीं। उन्होंने इस पूरे सफर में 12 शो किए। अपनी आखिरी रेडिएशन के बाद वे उन्होंने पूरे 50 मिनट की परफॉर्मेंस दी।

जीत की वह सुबह

दो हफ्ते पहले, जनवरी 2026 की एक सुबह प्रोमा के लिए नई जिंदगी लेकर आई। उनके PET स्कैन की रिपोर्ट आई और डॉक्टरों ने उन्हें 'कैंसर फ्री' घोषित कर दिया। प्रोमा अब मुस्कुराते हुए कहती हैं कि डांस ने ही मुझे जिंदा रखा। मुझे पता था कि मैं नाचने के लिए ही पैदा हुई हूं, और स्टेज ही मेरी सही दवा है।

कीचड़ की फुहारें, धड़कनों की रफ्तार और रवायत के जुनून वाली खास रेस

PTI

मिट्टी, मान और महामुकाबला

मेंगलुरु में कर्नाटक के पारंपरिक भैंसा दौड़ 'कंबला' का रोमांच देखने को मिला। यह दौड़ भगवान को अच्छी फसल के लिए धन्यवाद देने और अगली फसल के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए होती है। कीचड़ भरे ट्रैक पर दौड़ते भैंसे और उन्हें संभालता हुआ यह युवक, इंसान और पशु के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। यह रेस किसानों के साहस और उनकी संस्कृति की पहचान है।

सालों से चली आ रही चुप्पी, संकोच और रूढ़ियों को तोड़ने के लिए कदमताल

अब पता चलने दो... सोच बदल रही यह 'पैड यात्रा'

Poonam.Gaur@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: 'अब पता चलने दो'- पीरियड्स को लेकर इसी टैग लाइन के साथ एनडीएमसी एरिया में स्टूडेंट्स ने 'पैड यात्रा' निकाली। इस पैड यात्रा में एनडीएमसी और प्राइवेट स्कूलों के लगभग 500 स्टूडेंट्स सहित विभिन्न समुदाय की महिलाओं ने हिस्सा लिया। स्कूलों में छात्राओं को फ्री सैनिटरी पैड्स बांटने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह टॉपिक एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है।

सालों से चली आ रही चुप्पी, संकोच और सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पैड यात्रा कनॉट प्लेस से एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर तक निकाली गई। इसका मुख्य उद्देश्य पीरियड्स पर बनी चुप्पी को तोड़ना था। यात्रा एनजीओ 'सच्ची सहेली' ने फेडरल बैंक के सहयोग से आयोजित की थी। सच्ची सहेली संस्था पिछले 10 साल से माहवारी पर काम कर रही है। इस पैड यात्रा के बाद एक विशेष पीरियड फेस्ट का भी आयोजन हुआ। इसका मकसद मासिक धर्म को केवल महिलाओं का विषय मानने की धारणा से बाहर लाकर उसे स्वास्थ्य, समानता और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ना रहा। पैड यात्रा में शामिल होकर सभी ने इस बात का संकेत दिया कि पीरियड्स से जुड़ा सवाल अब सिर्फ महिलाओं तक सीमित न रहकर, समाज के सभी वर्गों विशेषकर युवाओं की सामूहिक जिम्मेदारी बन रहा है। पीरियड फेस्ट में मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक, स्वास्थ्य और शैक्षणिक पहलुओं पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुईं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, इंटरैक्टिव स्टॉल्स, मासिक धर्म पर आधारित खेल, नाटक और अन्य गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पीरियड फेस्ट में एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि पीरियड्स जैसे विषयों पर खुली बातचीत की जरूरत है।

स्कूली छात्राओं को फ्री सैनिटरी पैड्स बांटने के SC के आदेश के बाद NDMC एरिया में निकाली गई यात्रा



'पीरियड पर खुली बात है पॉजिटिव बदलाव'

एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्य शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म पर सार्वजनिक संवाद बढ़ना एक सकारात्मक सामाजिक बदलाव है। सच्ची सहेली की अध्यक्ष डॉ. सुरभि सिंह ने बताया कि माहवारी स्वास्थ्य का सीधा असर लड़कियों की पढ़ाई के साथ उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। पिछले 10 साल में लाखों लड़कियों और महिलाओं के साथ काम के अनुभव से साफ है कि उन्हें पीरियड से जुड़ी शर्म और हिचक तोड़नी चाहिए।

> माहवारी स्वास्थ्य का सीधा असर लड़कियों की पढ़ाई और उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। माहवारी से जुड़ी शर्म और हिचक तोड़नी है, बोझिल महसूस न करें। - *डॉ. सुरभि सिंह, अध्यक्ष, NGO सच्ची सहेली*